

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 321 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 08 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## सनातन धर्म विवाद से कांग्रेस ने किया किनारा, कहा- ए राजा और स्टालिन के बयान पर यकीन नहीं



समाज जागरण

**नई दिल्ली.** कांग्रेस ने गुरुवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता ए राजा की सनातन धर्म से संबंधित कथित विवादित टिप्पणी से असहमति जताते हुए कहा कि वह सर्वधर्म समभाव में विश्वास करती है और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सभी घटक दल सभी धर्मों का सम्मान करते हैं. लोकसभा सदस्य ए राजा ने सनातन धर्म की तुलना कथित तौर पर एचआईवी और कुष्ट रोग से की है. इससे पहले, उनकी ही पार्टी के नेता उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म के बारे में विवादित बयान दिया था.

द्रमुक सांसद राजा की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, "हम स्पष्ट रूप से पहले भी कह चुके हैं और फिर दोहरा रहे हैं कि हम इस तरह की टिप्पणियों के साथ नहीं हैं. कांग्रेस का हर धर्म और सोच को साथ लेकर चलने का इतिहास रहा है. हम सर्वधर्म समभाव में विश्वास करते हैं. कांग्रेस समझती है कि यह देश सतरंगी देश है जहां सबका एक स्थान है. किसी को कम दिखाना और किसी को ज्यादा दिखाना, न तो संविधान इसकी अनुमति देता है, न ही कांग्रेस की ऐसी परंपरा है. इसलिए हम ऐसी टिप्पणियों से सहमत नहीं हैं."

उनका कहना था, "अगर आप कांग्रेस का इतिहास जानते होंगे तो यह जरूर मानेंगे कि हमने हमेशा यही रुख रखा है. यही सिद्धांत संविधान सभा की चर्चा में था और संविधान में भी यही निहित है." खेड़ा ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का हर घटक सभी धर्मों का सम्मान करता है.

## पाकिस्तान के इस शहर पर आतंकियों ने किया कब्जा, TTP से जान बचाकर भागी सेना



**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के जिले चित्राल पर अब आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का कब्जा हो गया है. यहां हजारों लड़ाके मौजूद हैं और उन्होंने पाकिस्तानी सेना के जवानों को बंधक बना कर रखा है. खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के चित्राल जिले में हमला करते हुए कई गांवों को अपने कब्जे में ले लिया. यहां कई पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने की खबर भी है.

टीटीपी ने दावा किया है कि बुधवार सुबह 4 बजे शुरू किए गए एक ऑपरेशन के बाद चित्राल पर कब्जा कर लिया गया है. एक आतंकी कमांडर ने कहा कि यहां इंटरनेट खराब है; लेकिन जल्द ही यहां की फोटोज शेयर होंगी. पाकिस्तानी सेना के लगभग 75 सैन्य कर्मियों को टीटीपी ने जिंदा पकड़ लिया है और उन्होंने लड़ाई में 10 को मार डाला है.

**स्थानीय लोगों ने हमें बुलाया, टीटीपी का दावा**

प्रारंभिक हमले के बाद सहायता काफिले को भारी क्षति हुई. सूत्र के मुताबिक, पाकिस्तानी मीडिया पर इन हमलों के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. टीटीपी ने रिपोर्ट की पुष्टि करते हुए कहा कि वे चित्राल में बलों पर संगठित हमले कर रहे हैं. पाकिस्तानी सेना फर्जी कहानी का इस्तेमाल कर रही है कि टीटीपी अफगानिस्तान क्षेत्र का उपयोग कर रहा है जो सही नहीं है. यह तब की बात है जब हमें स्थानीय चित्राल लोगों से फोन आया जो हमारा समर्थन चाहते थे और उन्होंने हमें बताया कि वे हमारे साथ खड़े हैं.

**खिप्रो, संघार, सिंध में भी सांप्रदायिक झड़प की खबर**

सीएनएन न्यूज18 ने पाकिस्तान पीएमओ और सूचना मंत्रालय से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली. अब खिप्रो, संघार, सिंध में भी सांप्रदायिक झड़प की खबर है. कापरू में कर्बला की शहादत की 40वीं बरसी पर जुलूस निकालने के बाद दो संप्रदायों के बीच तनाव बढ़ गया था. वहां लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर रहे हैं.

**अतिरिक्त पुलिस बल तैनात, घटनाओं पर बारीकी से नजर**

पूर्व मंत्री शाज़िया अट्टा मैरी ने कहा, हां हम सभी चिंतित हैं और घटनाओं पर बारीकी से नजर रख रहे हैं. स्थिति संवेदनशील है और खिप्रो में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है. कार्यवाहक गृह मंत्री को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए.

## श्रीहरि की प्रिय 64 प्रकार की सामग्रियों से किया गया राधा-कृष्ण का पूजन,

आगरा : जन्माष्टमी के मौके पर आगरा के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है. कमला नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में तीन दिवसीय श्री जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारम्भ बुधवार से कर दिया गया है. कीर्तन में भक्तों ने भक्ति भाव के साथ भाग लिया. श्री हरि की प्रिय 64 प्रकार की सामग्रियों से राधा-कृष्ण का पूजन किया गया. सभी भक्तों को पीले चावल देकर कर कृष्ण जन्ममहोत्सव में आने के लिए आमंत्रित किया गया. 7 सितम्बर को श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव व 8 सितम्बर को नन्दोत्सव का आयोजन किया जाएगा.

**भक्तों को किया गया आमंत्रित**

श्री जगन्नाथ मंदिर में आज कीर्तन के साथ अधिवास उत्सव की उमंग बिखरी थी. सज धज कर मंदिर पहुंचे भक्तों ने विशेष कीर्तन पर नृत्य किया. इस अवसर पर श्रीहरि की प्रिय 64 प्रकार की सामग्रियों (मिट्टी, कुशा, दूब, पीली सरसों, इत्र, पुष्पङ्क आदि) से इस्कॉन मंदिर

## 'नेहरू मिथक और सत्य' के लिए पीयूष बबेले को मिला प्रथम राष्ट्रीय पं. नेहरू शिखर सम्मान

जयपुर. भोपाल के रहने वाले प्रसिद्ध लेखक पीयूष बबेले को प्रथम राष्ट्रीय पुरस्कार पं. नेहरू शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया है. पीयूष बबेले को सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र और एक लाख रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया. पंडित जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी और जवाहर कला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जयपुर में अकादमी के पुरस्कार वितरण और सम्मान समारोह का आयोजन किया

## राज्य के मंत्रियों और विधायकों की सैलरी बढ़ी- मुख्यमंत्री ने की घोषणा

उत्तम सिंह :संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी



(दार्जिलिंग): बंगाल के विधायकों की सैलरी बढ़ गई है. इसमें 40 हजार रुपए की बढ़ोतरी हुई है. इस बार से विधायकों को 1 लाख 21 हजार रुपए मिलेंगे.

राज्य सरकार ने राज्य के मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और विधायकों के वेतन में वृद्धि की।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को विधानसभा में इसकी घोषणा की। इस दिन मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि बंगाल के मंत्रियों का वेतन भारत में सबसे कम है. इसलिए राज्य सरकार ने वेतन बढ़ाने का फैसला किया है. राज्य के मंत्रियों और विधायकों का वेतन राज्य में 40 हजार रुपये की बढ़ोतरी की गई है. सरकारी वेतन संरचना के अनुसार, पहले विधायकों को भत्ते और अन्य भत्तों के रूप में 81 हजार रुपये मिलते थे। अब से विधायकों को 1 लाख 21 हजार रुपये मिलेंगे। मंत्रियों को 1 लाख 10 हजार रुपये मिलते थे, अब से 1 लाख 50 हजार रुपये मिलेंगे। हालांकि, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह अपना वेतन नहीं लेंगे.

## अयोध्या पहुंचा क्रूज, डेढ़ घंटे में पूरी कराएगा 18 किमी की यात्रा

### सफर के दौरान साथ मिलेगा नाश्ता भी

समाज जागरण

अयोध्या। अयोध्या में क्रूज की लांचिंग आठ सितम्बर को चौधरी चरण सिंह घाट पर होगी। यह क्रूज दुबई से तैयार होकर मंगलवार को अयोध्या पहुंच गया। इस क्रूज का परिचालन अयोध्या धाम के चौधरी चरण सिंह घाट से लेकर गुप्तारघाट तक होगा। इसकी बुकिंग आनलाइन व आफलाइन दोनों तरह से होगी।

एजेंसी के प्रबंध निदेशक राहुल शर्मा ने बताया कि इस यात्रा में एक तरफ की दूरी नौ किलोमीटर है। इस तरह अप-डाउन को मिलाकर 18 किलोमीटर की दूरी करीब डेढ़ घंटे में तय की जाएगी। तीन सौ के टिकट में यात्रियों को पीने के पानी के अलावा स्नैक्स भी उपलब्ध कराया जाएगा।

जटायु क्रूज में सुरक्षा की दृष्टि से डबल



इंजन लगाया गया है। इसमें 35-35 यात्रियों के लिए दो कम्पार्टमेन्ट बनाए गये है और अतिरिक्त ओपेन में बैठने की भी व्यवस्था है। इस क्रूज में बैठने वाले यात्रियों को सम्पूर्ण रामायण चलचित्र के माध्यम से दिखाई जाएगी और यात्रा के मार्ग में पड़ने वाले घाटों सहित ऐतिहासिक भवनों के इतिहास से भी परिचित कराया जाएगा।

करीब 45 फिट लंबे एवं 15 फिट चौड़े जटायु क्रूज की बोर्डिंग चौधरी चरण सिंह घाट पर ही होगी। गुप्तारघाट पर यात्री उतर सकते हैं लेकिन बोर्डिंग नहीं कर सकेंगे। खास बात यह है कि यह क्रूज तीन-चार फुट पानी में भी चलने में सक्षम है।

## महापौर की उपस्थिति में वृहद रूप से मनाया गया

### "इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काईस" दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

समाज जागरण

लखनऊ । बुधवार को झूलेलाल वाटिका में नगर निगम द्वारा आयोजित "इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काईस 2023" में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई महापौर सुषमा खर्कवाल ने इस दिवस को हमारे वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।और सभी से इस अद्भुत पहल का समर्थन करने की अपील कर उन्हें शुद्ध वायु के फायदे और अशुद्ध वायु से होने वाली हानियों से भी अवगत कराया। जिससे हम अपने वातावरण को बेहतर बना सकें और पर्यावरण को संरक्षित कर हरित आवरण में सुधार ला सकें। सभी को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि एक



अनुमान के अनुसार, संपूर्ण विश्व का लगभग 92 प्रतिशत हिस्सा वायु प्रदूषण के खतरे का सामना कर रहा है, जिससे प्रत्येक वर्ष अनुमानतः 7 मिलियन लोगों की मृत्यु समय से पहले हो जाती है। हवा में अवांछित गैसों की उपस्थिति से मनुष्य, पशुओं तथा पक्षियों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत वायु गुणवत्ता में सुधार लाने एवं जागरूकता बढ़ाने और कार्यों को सुविधाजनक बनाने हेतु 'स्वच्छ वायु दिवस' के रूप में 'इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काई' के आयोजन की शुरूआत की है।

उन्होंने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य सभी स्तरों पर वायु प्रदूषण से बचाव व इसके रोकथाम में जन जागरूकता बढ़ाना है। क्योंकि स्वच्छ हवा हमारे स्वास्थ्य, उत्पादकता, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण की दृष्टि से काफी महत्त्वपूर्ण है। उक्त आयोजन में समस्त मा. पार्षदगण, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, समस्त अपर नगर आयुक्त सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## G-20 Summit: दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर, 5 हजार CCTV कैमरों का नेटवर्क, रखेगी कड़ी नजर

समाज जागरण




नई दिल्ली. दिल्ली पुलिस अपने नियंत्रण कक्ष से पांच हजार सीसीटीवी कैमरों के नेटवर्क के जरिये जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान शहर और इसकी सड़कों पर कड़ी नजर रखेगी. अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी. पुलिस के अनुसार नियंत्रण कक्ष को सीसीटीवी कैमरों की जिलेवार फुटेज मिल रही हैं. उसने कहा कि दो टीम चौबीस घंटे की पाली में फुटेज की निगरानी करेगी. दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने नौ से 10 सितंबर तक होने वाले शिखर सम्मेलन की विभिन्न तैयारियों का जायजा लेने के लिए दिन के दौरान राजघाट और प्रगति मैदान का दौरा किया.

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने उपराज्यपाल को सुरक्षा तैयारियों और नियंत्रण कक्ष के विवरण के बारे में जानकारी दी, जहां शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थापित 5,000 से अधिक सीसीटीवी द्वारा ली गई फुटेज प्राप्त होगी.' उन्होंने कहा, '25 सुरक्षाकर्मियों वाली दो टीम 24 घंटे नियंत्रण कक्ष में प्रसारित होने वाली डिजिटल सूचनाओं की निगरानी करेंगी.ॿ अधिकारी ने कहा कि शहर में घटनाक्रम की निगरानी के लिए 30 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के लिए एक विशेष कमान कक्ष भी स्थापित किया गया है.

**दिल्ली पुलिस के साथ अन्य एजेंसियां भी सुरक्षा में तैनात**

जी-20 शिखर सम्मेलन प्रगति मैदान में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र 'भारत मंडपम' में आयोजित किया जायेगा. दिल्ली पुलिस ने शिखर सम्मेलन के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की है और कई सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय कर रही है. इसे भारतीय वायु सेना और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और कुछ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) जैसी विशेष केंद्रीय एजेंसियों द्वारा सहायता प्रदान की जा रही है.

## भजन लाल की प्रतिमा का किया गया अनावरण

समाज जागरण

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) : हरियाणा मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने स्थानीय बिश्नोई मंदिर में आयोजित जन्माष्टमी पर्व एवं गुरू जंभेश्वर महाराज के 573वें अवतार दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने सर्वप्रथम पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौ. भजनलाल की प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद ह्यबिश्नोई रत्नह्ल कुलदीप बिश्नोई ने की। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कुरूक्षेत्र में गीता का संदेश दिया, कर्म की महता, धर्म की विजय का संदेश श्रीकृष्ण ने दिया, वहीं गुरू जंभेश्वर ने प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कोविड के वक्त जब आक्सीजन की जरूरत महसूस हुई तब प्रकृति का महत्व हमें समझ में आया। इसी प्रकृति को बचाने का संदेश बहुत पहले गुरू जंभेश्वर ने दिया। उन्होंने कहा कि भूमि, गगन, वायु, आकाश, नीर से मिलकर ही भगवान बना। उन्होंने कहा कि चौ. भजनलाल जी का नाम बहुत ही आदर से हरियाणा प्रदेश में लिया जाता है और उन्होंने अपने कार्यों से प्रदेश के विकास के पथ पर आगे बढ़ाया। कुलदीप बिश्नोई ने अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए राजनीतिक और सामाजिक तौर पर विरासत को आगे बढ़ाया है। महासभा के संरक्षक के तौर पर उन्होंने बिश्नोई समाज को एकजुट करने का काम किया और समाज का नाम राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि मटका चौक का नाम चौ. भजनलाल के नाम से होगा। हरियाणा सरकार की तरफ से हिसार रेलवे स्टेशन का नाम भजनलाल के नाम पर हो इसके लिए प्रदेश सरकार केन्द्र को पत्र लिखेगी। हरियाणा में एक शिक्षण संस्थान का नाम पूर्व मुख्यमंत्री



भजनलाल के नाम पर होगा। उन्होंने बिश्नोई सभा हिसार को 21 लाख रूपए देने की भी घोषणा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलदीप बिश्नोई ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और बिश्नोई समाज की ओर से तीन मांगों का पत्र उनके समक्ष रखा, जिनमें हिसार रेलवे स्टेशन का नाम भजनलाल के नाम से रखने,` गुरू जंभेश्वर पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के लिए जमीन देने तथा हरियाणा में किसी एक मैडिकल कॉलेज या यूनिवर्सिटी का नाम चौ. भजनलाल के नाम पर रखने की मांग उनके समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि भजनलाल जी के बाद आज श्री मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री के तौर पर लगभग 27-28 वर्षों के बाद इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी का राजनीति के साथ-साथ संगठन में रहते हुए सामाजिक सेवा का अनुभव भी बहुत लंबा चौड़ा है। अपने सरल और सौम्य स्वभाव, सहजता तथा आमजन के प्रति आपकी कार्यशैली और लग्नशीलता के कारण ही आप पिछले 9 वर्षों से हरियाणा के मुख्यमंत्री के पद पर विराजमान होकर प्रदेश के चहुंमुखी विकास, उन्नति और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रदेश के विभिन्न मुख्यमंत्रियों की कार्यशैली को करीब से देखा है। भजनलाल जी के बाद श्री मनोहर लाल ने राज्य के हर वर्ग और हर क्षेत्र के समान विकास की विचारधारा को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कियशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री कायैशैली से प्रभावित होकर वे भाजपा परिवार में शामिल हुए थे। मैं गुरू महाराज से प्रार्थना हूं कि उनका आशीर्वाद और हम सबका सहयोग आपके साथ यूं ही बना रहे और भविष्य में भी देश, प्रदेश की प्रगति में मिलजुलकर हम आगे बढ़ते रहें। कार्यक्रम को स्वामी रामानंद ी, महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र बुडिया, बिश्नोई मंदिर हिसार के प्रधान जगदीश कड़वासरा, विधायक दुड़ाराम, विधायक भव्य बिश्नोई, रणधीर पनिहार सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया।

इस दौरान डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, कमल गुप्ता, राज्यसभा सांसद जनरल डीपी वत्स, विधायक जोगीराम सिहाग, प्रो. छत्रपाल, गुजवि के कुलपति नरसी बिश्नोई, एचएयू के कुलपति प्रो. बलदेव राज कम्बोज, जिला परिषद चेयरमैन सुभाष देहडू, पूर्व विधायक वेद नारंग, भाजपा जिलाध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र, तरूण जैन, सुभाष जांगड़ा, नरेश जांगड़ा, ओमप्रकाश जांगड़ा, जयवीर गिल, विनोद ऐलावादी, गुलजार काहलो, पंकज दिवान, रवि सैनी, अजय जांगड़ा, के.के. बिश्नोई, प्रो. मनदीप मलिक, श्रीनिवास गोयल, सरोज सिहाग सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 8 सितम्बर को जिले में जुटेंगे शतरंज के खिलाड़ी, सरकारी या गैर सरकारी स्कूल के बच्चे ले सकतें हैं भाग

समाज जागरण

भागलपुर जिला शतरंज संघ के तत्वाधान में 8 सितम्बर को क्राइस्ट चर्च स्कूल में जिला शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. इस प्रतियोगिता में सभी सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालय के बच्चे भाग ले सकते हैं. जिसमें से शीर्ष दो पुरुष तथा एक महिला खिलाड़ी को शील्ड एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा. साथ ही शीर्ष दो खिलाड़ियों को 16 तथा 17 सितम्बर को निजी स्कूल में आयोजित बिहार राज्य रैपिड एवं ब्लिट्ज प्रतियोगिता में निःशुल्क प्रवेश दिया जायेगा.

इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भागलपुर के खिलाड़ियों का पंजीकरण होना अनिवार्य है. यह निर्णय जिला शतरंज संघ के बैठक में लिया गया. पहले जिले में शतरंज का खेल नहीं हो रहा था. लगभग खिलाड़ी इस खेल से वंचित रह रहे थे. लेकिन अब धीरे-धीरे इसको आगे बढ़ाया जाएगा. जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि जिले को इस खेल में अव्वल लाना है. भागलपुर इस खेल में पीछे हो गया था. अपना आधार कार्ड साथ में जरूर लाएं जिन भी बच्चों को इसमें भाग लेना है वो क्राइस्टचर्च स्कूल पहुंचे. अपना आधार कार्ड साथ में जरूर लाएं. ताकि आप उसमें भाग ले पाएंगे. उपाध्यक्ष विश्वबंधु उपाध्याय, अमित कुमार झा, सचिन, अजय कुमार मिश्रा संयुक्त, सचिव अंकित कुमार मिश्रा, आनंद शेखर, शुभम कुमार कोषाध्यक्ष, कुणाल कुमार राय कोषाध्यक्ष निगम मिश्रा तथा अन्य वरीय पदाधिकारी ने सभी को शुभकामनाएं दी है. साथ ही कहा है कि विशेष जानकारी के लिए जिला शतरंज संघ से सम्पर्क किया जा सकता है.

# काश्मीर में अब होगा अमन चैन का खुशनुमा माहौल

## जम्मू काश्मीर की वादियों में पूर्ण शांति, सद्भावना और पर्यटन विकास के लिए कटिबद्ध भारत।

**दैनिक समाज जागरण**

जम्मू कश्मीर की वादीयो में अब अमन चैन लहराने लगा है ।कई देश और प्रदेश यहां पर्यटन के विकास के लिए और इसके अर्थ तंत्र को मजबूत करने में भारत सरकार का साथ दे रहे हैं। कश्मीर में पर्यटन फिर से फलने फूलने लगा है शांति स्थापित होने के साथ साथ ही राष्ट्रीय त्यौहार बड़े जोर-शोर से मनाया जाने लगा है। भारत सरकार काश्मीर की शांति, सद्भावना और विकास के लिए कटिबंध है। अब जम्मू काश्मीर में शांति और सद्भावना धीरे-धीरे बहाल हो रही है और प्रदेश खुशहाली की तरफ बढ़ रहा है ।इतिहासकार जम्मू कश्मीर को भारत का स्वर्ग कहते आए हैं' और यह अत्यंत सही भी है की जम्मू कश्मीर की लुभावनी फिजाएं सुरम्य झील, नदियां, पहाड़ पर्यटकों को लुभाती आ रही हैं' पाक समर्थित आतंकवादी यह नहीं चाहते कि जम्मू कश्मीर में फिर शांति सद्भावना स्थापित हो और काश्मीरी ब्राह्मण वापस आकर रहने लगें। ये आतंकवादी इस मंतव्य से जाति विशेष के लोगों की हत्या कर रहे हैं कि वहां पर जातिगत वैमनस्यता भड़का कर घाटी में ज्यादा से ज्यादा अशांति का संचार हो और वह अपने मकसद पर कामयाब हो जाए। इधर एलएसी में नापाक चीन द्वारा तवांग घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश की गई जिसका भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब देकर उन्हें वापस खदेड़ा गया। एलओसी और एलएसी पर माहौल काफी चिंतनीय है और सीमा पर स्थाई समाधान खोजने की परम आवश्यकता है। जम्मू कश्मीर में 370 धारा हटाने के बाद पाकिस्तान लगातार तिलमिलाया हुआ है, और वहां शांति,अमन फैलने से काफी बेचैन भी है। कश्मीर में चरमपंथी, कश्मीरी पंडितों की वापसी के बीच अल्पसंख्यकों का भरोसा तोड़ना चाहते हैं। कश्मीर में विगत 30 वर्षों से आतंकवादी हिंसा से 35 से 40 हजार लोगों की हत्या हो चुकी है। चरमपंथी जम्मू कश्मीर की शांति स्थापना के प्रयास को तोड़ना चाह कर, वहां अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। अत्यंत उल्लेखनीय है कि कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार का वहां पर विकास की योजनाएं लागू करने पर पूरा जोर लगा रही है। चुनाव कराने की घोषणा के बाद राजनीतिक गतिविधियां भी तीव्रता के साथ बढ़ रही हैं। भारत-पाकिस्तान की सेनाओं के बीच संघर्ष विराम के बाद सीमाओं पर आए दिन होने वाली गोलीबारी तो शांत है। इसका मतलब यह नहीं निकाला जाना चाहिए कि पाकिस्तान अपनी आतंकी हरकतों से बाज आ गया है। वह सीमा के पास लांच पैड से लगातार आतंकी हमलावारों को भारत की सीमा में प्रवेश कराने की कोशिश कर रहा है। एक प्रकरण में विगत दिनों सीमा पार करते हुए 4 में से 3 आतंकियों को मार गिराया गया एवं एक आतंकी को पकड़कर हिरासत में भी लिया गया। पकड़े गए आतंकवादी के बयान के अनुसार पाकिस्तान तथा उसकी खुफिया एजेंसी आई, एस, आई की पूरी पोल खुल गई है। और पाकिस्तान का आतंकवादी चेहरा बेनकाब हो गया है। पाकिस्तानी आतंकवादियों का फिर से 1990 वाली स्थिति में कश्मीर को लाने का प्रयास किया जा रहा है। उस समय कश्मीरी पंडित हिंसा और दहशत से घबराकर कश्मीर छोड़ कर चले गए थे। उन्होंने अपनी संपत्ति को छोड़कर तस्वीर से पलायन किया था। अब 370 धारा हटाने के बाद केंद्र सरकार का यह प्रयास लगातार जारी है कि कश्मीरी पंडित वापस जम्मू कश्मीर में अपनी बेची हुई या छोड़ी हुई जगह पर आकर फिर से काबिज हों एवं कश्मीर में फिर से शांति बहाल का बेहतरीन माहौल तैयार हो। वहां पर पर्यटन तथा उद्योगों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। इन परिस्थितियों में पाकिस्तान बिल्कुल नहीं चाहेगा की जम्मू कश्मीर उनके हाथ से निकल कर पूरी तरह भारतीय सरकार की गिरफ्त में हो। पाकिस्तान का यह प्रयास है कि केंद्र शासन चीन के साथ लद्दाख तथा अरुणाचल प्रदेश की सीमा में व्यस्त होने के कारण, वह अपने आतंकवादियों को जम्मू कश्मीर की सीमा में प्रवेश कराकर घाटी में आतंक का साया स्थापित कर सकता है,तो यह पाकिस्तान और आई,एस,आई को समझ लेना चाहिए कि भारत अपनी सीमा की रक्षा करने में सक्षम तो है ही साथ ही अंतरराष्ट्रीय मित्र देशों का भी उसके साथ समर्थन है। उधर पाकिस्तान की स्थिति यह है कि कुछ मुस्लिम देशों को छोड़कर पूरी मुस्लिम देशों की बिरादरी पर वह अलग-थलग पड़ गया है। उसकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब है और अपने मालिक चीन की आर्थिक सहायता के दम पर वह देश का खर्चा चला रहा है। अमेरिका को पिछले दो दशकों से अफगानिस्तान में अमेरिका को लगातार धोखे में रख तालिबानी आतंकवादियों की तन मन धन से सहायता कर वैश्विक अशांति को फैलाने का प्रयास कर रहा है। कश्मीर घाटी में विगत 10 दिनों में जिस तरह से आतंकी गतिविधियों में तेजी आई है यह स्पष्ट संकेत करते हैं कि पाकिस्तान सरकार और उसकी खुफिया एजेंसी आई,एस,आई तालिबान में आतंकवादियों की दिशा भारत के जम्मू कश्मीर की तरफ मोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कश्मीर में आतंकवादी अल्प संकट हिंदुओं को निशाना बनाकर उनके धार्मिक स्थलों क्षतिग्रस्त कर आस्था पर चोट करने का प्रयास कर रहे हैं। यह विदित है कि पाकिस्तान की सीमा से लगा कश्मीर सामरिक दृष्टि से भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इन हालातों को मद्दे नजर रख भारत को सजग रहकर चौकी करनी होगी आतंकी घटनाओं पर जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर सिन्हा जी ने आश्वस्त किया है कि आने वाले कुछ दिनों में इन आतंकियों का पूर्ण रूप से सफाया कर दिया जाएगा और फिर सेना तथा जम्मू कश्मीर पुलिस अमन चैन स्थापित करने का प्रयास करेगी। यह एक अच्छी खबर है कि भारत सतर्क एवं सावधान है। पिछली जुलाई तक मारे गए 136 आतंकवादियों में 15 आतंकवादी विदेशी थे। मई महीने में आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन का एक दुर्दांत आतंकी जुनेद सरई श्रीनगर एनकाउंटर में मारा गया था। अब यह अत्यंत जरूरी हो गया है कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को समूल नष्ट किया जाए। जम्मू कश्मीर में फिर से शांति बहाल होकर विकास की नई धारा प्रवाहीत की जानी चाहिए।





**संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़**

# कहावतों से कामयाबी की ओर

## आत्मवान अर्थात खुद पर भरोसा करने वाले व्यक्ति को सफल होने से कोई नहीं रोक सकता : अजय सिंघल

**दैनिक समाज जागरण**

वर्ष 2020 के लॉकडाउन ने हम सबकी तेज रफ़्तार से भागती हुई जिन्दगी पर ऐसा ब्रेक लगाया कि कई दिनों के लिए सब कुछ ठहर-सा ही गया। एक तरफ कोरोना का हाहाकार मचा हुआ था और दूसरी तरफ क्षणभंगुर जीवन को देखकर हम सबके विचार जीवन के प्रति और एक-दूसरे के प्रति बदलने लगे थे। वह एक ऐसा दौर था, जहा हम सबके पास वक्त था कि रोज भागती हुई जिन्दगी से अलग कुछ अपने बारे में और कुछ अपनों के बारे में सोचें। इसी लॉकडाउन ने मुझे मौका दिया अपने कुछ विचारों को, जो कई दिनों से मेरे भीतर उठ रहे थें, एक ठोस रूप देने का। अपनी रोजमर्रा की जिन्दगी और व्यावसायिक दिनचर्या में इसके लिए समय निकाल नहीं पा रहा था। मन में एक सोच थी विचार था कि हमारी देसी पुरानी कहावतों में जीवन का पूरा ज्ञान और निचोड़ है। हमारा जीवन बड़े आराम से कामयाब हो सकता है, अगर हम इन कहावतों को अपनाए। और उन्हें अपने जीवन में उतारें। कामयाब होने के लिये ये जरूरी नहीं कि आपने उच्च शिक्षा प्राप्त की हो। विशेष रूप से, आज के युवाओं को यह कहावतें जानने की जरूरत है, ताकि वह जीवन को सरल तरीके से जी सकें।

किसी भी देश की सबसे बड़ी संपत्ती उसके युवा होते हैं। परंतु जब आज के युवा बहुत तेज गति से अपनी मंजिल को हासिल करने के चक्कर में अक्सर अपने लक्ष्य से ही भटक जाते हैं, और अपने सपनों को पूरा करने में सक्षम होते हुए भी असफल हो जाते हैं। ये मनोभाव न सिर्फ उन युवाओं के लिए हानिकारक है, अपितु उनके परिवार, समाज और यहा तक कि देश के लिए भी हानिकारक होता है। युवाओं को सफलता पाने के लिए ये दो गुण जरूर सीखने चाहिए- एक है धैर्य रखनाय और दूसरा सबको साथ लेकर चलना। हम सब अकेले ही भाग रहे हैं, सब कुछ अकेले ही करना चाहते हैं। उसका नतीजा यह होता है कि हम थोड़ा दूर जाते ही थक जाते हैं। यह थकावट और निराशा हमें असफलता की ओर धकेल देती है। तेज चलना कोई गलत बात नहीं है, पर सवाल यह उठता है कि क्या तेज चलने वाला सही दिशा में जा भी रहा है? क्या उसने आने वाली निराशा से बचने का उपाय खोज लिया है, क्योंकि निराशाए और असफलताए तो जीवन का अभिन्न अंग हैं। वे तो आएंगी ही आएंगी। यह बात इसलिए भी अहम है क्योंकि यदि इन सबसे हमारा युवा नहीं लड़ पाएगा तो वह निश्चित रूप से हार जाएगा और उसकी हार कहीं-न-कहीं पूरे समाज की हार होगी।




डायमण्ड बुक्स द्वारा प्रकाशित बुक कहावतों से कामयाबी (लेखक अजय सिंघल ) किताब बेहद सरल और आधुनिक भाषा में लिखी गई है ताकि हर वर्ग का युवा इस पुस्तक में लिखे सभी सूत्र को अपने जीवन में आसानी से उतार सके और जीवन में भरपूर सफलता पा सके। मेरा यह मानना है कि हमारी पुरानी कहावतें, मुहावरे, हमारा इतिहास और हमारे शास्त्र हमारी वह अनमोल धरोहर है, जिनको यदि नजदीक से समझा जाए तो हमारा जीवन पूरी तरह से बदल सकता है।

प्रस्तुत पुस्तक फकहावतों से कामयाबी की ओरय में मैंने अपने जीवन के सभी अनुभवों के निचोड़ को इस पुस्तक के माध्यम से आज के युवाओं के समक्ष रऽने का प्रयास किया है। इस पुस्तक में 20 चौप्टर्स के द्वारा कामयाबी के ऐसे कई नायाब देसी नुस्ऽे यानि के आइडियाज आपको मिलेंगे जिनको अपनाकर न सिर्फ आप ऽुद का बल्कि अपने आस-पास, अपने करीबी मित्रें, सम्बनधियों का भी भला कर पाएंगे। इस पुस्तक की शुरूआत फआत्मवान बने, आनंदित रहेंय से की गयी है क्योंकि आत्मवान अर्थात ऽुद पर भरोसा करने वाले व्यक्ति को सफल होने से कोई नहीं रोक सकता, इस भाग में मैंने ये बताने की कोशिश की है कि वह क्या मूलभूत समस्याएँ हैं, जो आज के युवाओं को जकड़े हुए है, न सिर्फ उन समस्या ओं को हाईलाइट किया गया है बल्कि उनके पूर्णतः कारगार उपाय भी बताये गए हैं। मेरा यह मानना है कि हमारी पुरानी कहावतें, मुहावरे, हमारा इतिहास और हमारे शास्त्र हमारी वह अनमोल धरोहर है, जिनको यदि नजदीक से समझा जाए तो हमारा जीवन पूरी तरह से बदल सकता है। एक ही पल में हम सफलता के डगर पर अपने कदम बढ़ा सकते हैं। इस पुस्तक फकहावतों से कामयाबी की ओरय में मैंने इन सबका भरपूर वर्णन किया है ताकि हमारा युवा भी हमारी अनमोल धरोहर से परिचित हो सके और अपने जीवन में मनचाही तरक्की पा सके।

# महिलाओं में भी साक्षरता व शिक्षा का विस्तार हो

**दैनिक समाज जागरण**

साक्षरता और अंततः शिक्षा आज हमारी एक महती आवश्यकता और व्यक्तित्व निर्माण सर्वांगीण विकास के लिए एक अत्यंत आवश्यक जरूरत है। सर्वप्रथम तो सवाल उठता है कि शिक्षा हम मनुष्यों के जीवन में - क्यों आवश्यक है और साक्षरता एवं शिक्षा को क्यों महत्व दें? इसके उत्तर में हम कह सकते हैं कि शिक्षा (साक्षरता ) हमें राष्ट्र समाज, समुदाय और अंततः परिवार मे प्रेम, सहृदयता, सहयाग, साहनुभूति, इमानदारी, दृ व्यक्तित्व निर्माण, कर्तव्यपालन आदि सदगुणों से परिचय कराती है। अब सवाल उठता है। कि साक्षरता क्या सिर्फ पुरुषों की बपौती है क्या महिलाओं को साक्षर होने का अधिकार नहीं है? मानवता का संदेश देने वाले ' आचार्य विनोबा भावे' का इस संबंध में कथन है। शिक्षा जीवन के बीच से आनी चाहिए और साक्षरता का अधिकार स्त्री पुरुषों को समान रूप से प्राप्त होना चाहिए'

पिछले कुछ वर्षों से महिला साक्षरता शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह एक बेहद सुखदकारी स्थिति है। अंतराष्ट्रीय बालिका वर्ष में भी बालिकाओं को शिक्षा की दिशा में प्रशंसनीय कार्य हुआ था किंतु इन सबसे भी ऊपर बालिका शिक्षा के लिए वर्ष १९६० को ही सुखद स्मृति के रूप में याद किया जायेगा जिसके तहत 'दत्तक पुत्री शिक्षा योजना' बालिका साक्षरता अभियान 'महिला आक्षरता' में अत्यधिक ध्यान देकर इन्हें कार्यरूप प्रदान किया गया। जिसे इस योजना का लाभ उठाकर आज ऐसी अनेक महिलाएं निरक्षरता के गहन अंधकार से बाहर निकल सकीं हैं जो आर्थिक अभाव के कारण या तो कभी स्कूल जा ही नहीं पाती या जाती भी हों तो उन्हें बीच में ही अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ती थी। कमोवेश छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों में भी बालिकाओं की यही स्थिति है।

एक अनुमान के अनुसार देश मे सैंतीस प्रतिशत से भी अधिक ऐसी महिलाएं हैं जो परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने की वजह से अपनी स्कूली शिक्षा तक पूरी नहीं कर पाती। अनेकों महिलाऐं तो कभी स्कूल का मुंह भी नहीं देख पाती। छोटे जिलों या कस्बों में हालांकि इस दिशा में जन जागृति आनी अभी बाकी है किंतु इस दिशा में सरकार. संस्थाओं के प्रयास निरंतर चल रहे हैं देखें वे अपने उद्देश्य में कहां तक सफलीभूत होती है ।

इतना तो हम जानते ही हैं कि साक्षरता समाज की संस्कार व्यवस्था है। आज का समाज एक प्रतियोगी श्रेष्ठता की स्थापना इसके लिए ये परम आवश्यक है कि एक प्रतियोगी को जन्म देने वाली माता जो उसे पालती पोसती है बड़ा करती है।

उसमें भी श्रेष्ठता का गुण अनिवार्य होना जरुरी है जैसे टेढ़े मेढ़े पौधे की लकड़ी कोई काम की नहीं होती, अर्थात जब एक महिला ही सुसंस्कत नहीं हो पायेगी तो वह श्रेष्ठ प्रतियोगी और संस्कारवान भविष्य कैसे दे सकती है- 'मुझे सुशिक्षित माताएं मिले तो मैं एक सुदृढ राष्ट्र का निर्माण कर सकता हूं।' नेपोलियन की यह उक्ति आज भी प्रासंगिक है जितनी की कल किसी राष्ट्र के सुदृढ़ निर्माण मे सुशिक्षित और सुसंस्कति महिलाओं की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण है ।

ज्ञान की पहली सीढ़ी साक्षरता है। मानवता में मानवीय गुणों का आविर्भाव भी साक्षरता से संभव है । इस दृष्टि से इसे जीवन का मार्ग दर्शी प्रकाश भी निरुपित किया गया है । आशा है महिलाओं में पूर्ण साक्षरता के माध्यम से निरक्षरों के उत्थान में समुचित राष्ट्र उत्थान के लिए नई ज्योंति का जो ज्योतिपुंज प्रज्जवलित किया गया है। वह अब निरंतर गतिशील और प्रकाशवान रहेगा।

इस दिशा में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के निदेर्शानुसार महिला कार्यशाला का भी आयोजन जगह जगह किया जा रहा है पूरे देश में। इसमें देश की प्रतिष्ठित अनेक महिलाओं ने अपनी भागीदारी के साथ समाज में उनकी स्थिति सुदृढ़ करने की दिशा में विशेष काम किया है इनके अथक प्रयासों का ही सुखद परिणाम है कि ६८१२२ निरक्षर महिलाओं में से ६०२०४ महिलाओं को साक्षर बना दिया गया है। (नोट उपरोक्त आंकड़े - मध्यप्रदेश से संबंधित है । )

अंतत अपनी बात अभी तक तो हमने महिलाओं में (शिक्षा) साक्षरता समान रूप से दिये जाने की दिशा में जो कुछ भी सफलता पायी है वह तो कुछ भी नहीं है यह तो सिर्फ शुरूवाती पहल है। अभी तो हमें बहुत कुछ करना बाकी है। महिलाओं में समान रूप से साक्षरता के माध्यम से बाकी है, देश को सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में द्रुतगति से आगे बढ़ाना होगा और समस्त जन खुशहाल शिक्षित और स्वस्थ हो ऐसी परिस्थितियों का निर्माण करना होगा। महिला साक्षरता (शिक्षा) के माध्यम से देश की सर्वांगीण विकास पर भी जोर देना चाहिए। इस संबंध में में सबसे ज्यादा जोर देश में शत प्रतिशत साक्षरता तथा शारीरिक क्षमताओं में वृद्धि पर भी देना चाहूंगा। यह भी ध्यान रखना होगा कि महिलाओं में साक्षरता नाममात्र की हो उसके साथ उपयोगी शिक्षा को भी जोड़ा गया। कैसी योजनाएं व लक्ष्य बनाये जायें कि अमुक सन तक देश के सभी जन कम से कम प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर जायें तथा अमुक सन तक सभी कम से कम माध्यमिक शिक्षा पायें हुए हों।

मेरा यह मतलव नहीं कि शासन अन्य सभी कार्य छोड़कर केवल इसी में लग जाये। अन्य योजनाएं व कार्यक्रम भी अवश्य चलते रहें। पर सर्वाधिक प्रधानता महिलाओ में साक्षरता को ही देनी चाहिए एक शिक्षित देश राज्य यहां तक कि शिक्षित महिला ही देश के सर्वागिण विकास को तेज कर सकती है। और इसके लिए हम आप सभी को प्रयत्न करना ही होगा।



**-सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत"**
**बिलासपुर छत्तीसगढ़**

## सांस्कृतिक पुनर्जागरण

सूरज चंदा के रहने तक हिंदू भी होगा,
हिंदू सदा सनातन है वह सदा रहेगा।

वे हिंदू हिंदू करते रहते हैं,
पर हिंदी लिखना भूल गये,
गाँधी को भी गाली देते हैं,
जो दुनिया में सम्मानित हैं।

खादी का गुण गान तो करते हैं,
पर सिंथेटिक का सूट पहनते हैं,
गाँधी, नेहरू पर अटल को भूले,
अब उनको उल्टा पल्टा कहते हैं।

मरने वालों को श्रद्धांजलि देते हैं,
उनकी कृतियों को स्मरण करते हैं,
मरने के बाद तो दुश्मन को भारत में,
रो रो कर विनम्र श्रद्धांजलि देते हैं।

सांस्कृतिक पुनर्जागरण में राजनीति?
हिंदू न कभी कमजोर था न कभी होगा,

हर मजजब और हर धर्म का कोई
न कोई एक ही व्यक्ति प्रवर्तक है,
क्या कोई हमें बतला सकता है कि
हिंदू धर्म का कौन आवर्तक है?

वर्तमान में जितनी आलोचना
हिंदू की हिंदू ही अब करता है,
उतनी आलोचना तो हिंदू धर्म
विरोधी भी कभी नहीं करता है।

आदित्य निवेदन हर सनातनी से है,
अगर पहले सा ताकतवर रहना है,
निंदा नहीं, प्रेम समर्पित करना है,
हिन्दू को हिन्दू मान एकता रखना है।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य, लखनऊ**

# साक्षरता दिवस

अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस विश्व में 8 सितंबर को मनाया जाता है। वर्तमान युग में शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा के बिना किसी कार्यक्रम का नियोजन सम्भव नहीं है। शिक्षा हमारे जीवन का आवश्यक अंग है। सरकार सर्वशिक्षा अभियान चलाकर प्रत्येक व्यक्ति को साक्षर बनाने के लिए विभिन्न योजनायें संचालित कर रही है। एक व्यक्ति का शिक्षित होना उसके स्वयं का विकास है, वहीं एक बालिका शिक्षित होकर पूरे घर को संवार सकती है। जब देश का हर नागरिक साक्षर होगा तभी देश की तरक़्क़ी हो सकेगी।

**तात्पर्य**

साक्षरता का तात्पर्य सिर्फ. पढ़ना-लिखना ही नहीं बल्कि यह सम्मान, अवसर और विकास से जुड़ा विषय है। दुनिया में शिक्षा और ज्ञान बेहतर जीवन जीने के लिए जरूरी माध्यम है। आज अनपढ़ता देश की तरक़्क़ी में बहुत बड़ी बाधा है। जिसके अभिशाप से गरीब और गरीब होता जा रहा है।

**उद्देश्य**

साक्षरता दिवस का प्रमुख उद्देश्य नव साक्षरों को उत्साहित करना है। अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस हमारे लिये अहम दिवस है, क्योंकि हमारे जीवन में शिक्षा का बहुत अधिक महत्त्व है। हमारे देश में पुरुषों की अपेक्षा महिला साक्षरता कम है। हमें आज के दिन यह संकल्प लेना होगा कि हर व्यक्ति साक्षर बनें, निरक्षर कोई न रहे। हमें अपने यहाँ से निरक्षता को भगाना होगा।

**शैक्षिक इतिहास**

भारत का शैक्षिक इतिहास अत्यधिक समृद्ध है। प्राचीन काल में ऋषि-मुनियों द्वारा शिक्षा मौखिक रूप में दी जाती थी। शिक्षा का प्रसार वर्णमाला के विकास के पश्चात भोज पत्र और पेड़ों की छालों पर लिखित रूप में होने लगा। इस कारण भारत में लिखित साहित्य का विकास तथा प्रसार होने लगा। देश में शिक्षा जन साधारण को बौद्ध धर्म के प्रचार के साथ-साथ उपलब्ध होने लगी। नालन्दा, विक्रमशिला और तक्षशिला जैसी विश्व प्रसिद्ध शिक्षा संस्थानों की स्थापना ने शिक्षा के प्रचार में अहम भूमिका निभाई। लोगों में व्यावसायिक कौशल विकसित करने के लिए साक्षरता एक बड़ी जरूरत है।

**शिक्षा का प्रसार**

भारत में अंग्रेजों के आगमन से यूरोपीय मिशनरियों ने अंग्रेजी शिक्षा का प्रचार किया। इसके बाद से भारत में पश्चिमी पद्धति का निरन्तर प्रसार हुआ है। वर्तमान समय में भारत में सभी विषयों के शिक्षण हेतु अनेक विश्वविद्यालय और उनसे जुड़े. हजाऱों महाविद्यालय हैं। भारत ने उच्च कोटि की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाले विश्व के अग्रणी देशों में अपना स्थान बना लिया है।

**शुल्क में वृद्धि**

शिक्षा के शुल्क में अनेक कारणों से (विशेष रूप से व्यावसायिक शिक्षा) निरन्तर वृद्धि हो रही है। इस कारण गरीब परिवार के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होने लगी है।

**साक्षर भारत**

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने देश की सभी महिलाओं को अगले पाँच सालों में साक्षर बनाने के लक्ष्य के साथ अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर महिलाओं के लिए विशेष तौर पर ह्यसाक्षर भारतह्न मिशन का शुभारंभ किया था। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई थी कि ह्यसाक्षर भारतह्न मिशन, राष्ट्रीय साक्षरता मिशन से भी ज्यादा सफल साबित होगा। उन्होंने कहा था कि- "देश की एक तिहाई आबादी निरक्षर है। देश की आधी महिलाएं अभी भी पढ़-लिख नहीं सकतीं। साक्षरता के मामले में हम विश्व में सबसे पिछड़े देशों में शुमार हैं।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि- "अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और अन्य वंचित व पिछड़े वर्गों की महिलाओं का साक्षर न होना हमारे लिए बहुत बड़ी चुनौती है और हमें इस चुनौती से पार पाना होगा। यदि हमें सभी नागरिकों को सशक्त करना है और तेजी से विकास करना है तो देश को पूरी तरह से साक्षर करना होगा। जिस ह्यसाक्षर भारतह्न मिशन की आज हम शुरूआत कर रहे हैं वह साक्षरता के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को जाहिर करता है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष व शिक्षाविद् शिक्षक की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई।

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार , प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार) हसपुरा प्रखंड के चर्चित शिक्षाविद् व अवकाश प्राप्त शिक्षक सह कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष स्व गणेश प्रसाद की छठी पुण्य-तिथि गुरुवार को निजी आवास अहियापुर गांव में धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर उपस्थित समाजसेवी, बुद्धिजीवी लोगों ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वहीं वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल ने कहा कि स्व गणेश प्रसाद कुशवाहा एक दक्ष शिक्षक के साथ साथ साहित्यकार भी थे। इस क्षेत्र में उनके द्वारा की गई समाजसेवा को विस्मृत नहीं किया जा सकता। आयुर्वेद के सुप्रसिद्ध चिकित्सक



रामजतन सिंह ने कहा कि स्व कुशवाहा जी के सामाजिक एवं शैक्षणिक योग्यता को समाज सदैव यादगार के रूप में रखेगा। पूर्व मुखिया विजय कुमार अकेला ने कहा कि कुशवाहा जी इस क्षेत्र एक कुशल शिक्षक तो रहे ही पर एक कुशल समाजसेवा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया करते थे।उनका असमय जाना समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। इस मौके पर विनोद कुमार सिंह , डॉ शंभू कुमार , रवीन्द्र कुमार , बिजेंद्र वर्मा , रेणु कुमारी सिन्हा , रंजना कुमारी सिन्हा, संजय कुमार , श्रीकांत प्रसाद , प्रेम कुमार सिंह, श्रीकांत वर्मा , सुधीर कुमार , पिंटु चौधरी सहित दर्जनों लोगों ने कुशवाहा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश प्रकट किया है।

# गया पुलिस ने दो हत्या व एक लूट की वारदात की घटना को किया खुलासा.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

गया (बिहार) - गया जिला पुलिस ने जिले के दो अलग-अलग थानों में बीते दिनों हुई हत्या के मामले का खुलासा किया है. साथ ही हत्या करने वाले अपराधियों को भी पकड़ा है. इसके अलावा डेल्हा थाना क्षेत्र में बीते दिनों करीब 7 लाख रुपए की हुई लूट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. लूट के आरोप में पकड़े गए अपराधी का पूर्व से भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है. अन्य अपराधियो की तलाश जारी है.एसपी हिमांशु ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि बीती 5 सितंबर को टनकुप्पा थाना क्षेत्र के रहने वाले जैनेंद्र ठाकुर की हत्या कर दी गई थी। उसकी लाश बारी मोड करियातपुर के पास निमिया आहर से बरामद हुआ था। घर वालों ने पुलिस को बताया था कि जयेंद्र ठाकुर अपने रिश्तेदार को छोड़ने के लिए घर से निकला था। और उसके बाद से वह घर नहीं लौटा। सुबह उसका शव आहर में होने की सूचना मिली थी। संबंधित मामले में बोधगया थाने में मुकदमा दर्ज कर एसपी सिटी हिमांशु के नेतृत्व में मामले की पड़ताल शुरू की गई। साथ ही एक विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी व वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए एफएसएल की टीम को भी मौके पर भेजा गया। एसपी ने कहा कि घटनास्थल और उसके आसपास के कुछ जगहों से आवश्यक सैंपल एकत्र किए गए। एकत्र किए गए सैंपल के आधार पर जांच शुरू की गई और पुलिस ने हत्या में शामिल




अपराधी अजय सिंह उर्फ अज्जू को गिरफ्तार कर लिया। अजय सिंह बोधगया थाना क्षेत्र के खरसोद गांव का रहने वाला है। पकड़े गए अपराधी अजय सिंह ने जयेंद्र ठाकुर की हत्या का अपराध स्वीकार किया है।सिटी एसपी हिमांशु ने बताया कि बीती 5 सितंबर की शाम को अतरी थाना क्षेत्र के मल बिगहा के रहने वाले कन्हैया यादव की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या के पीछे दो पक्षों के बीच पटवन को लेकर विवाद हुआ था। संबंधित मामले में मृतक की पत्नी ने अतरी थाने में केस दर्ज कराया था।सिटी एसपी हिमांशु ने बताया कि इस हत्या मामले के खुलासा के लिए एसडीपीओ नीमचक बथानी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई टीम ने संबंधित मामले में छानबीन करते हुए नंदलाल शर्मा ,बैजनाथ शर्मा, महेंद्र शर्मा, रामस्वरूप शर्मा और लकेश्वर शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए सभी अपराधी मल बिगहा के ही रहने वाले हैं। इस मामले में एक नाबालिक को भी गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा एसपी ने बताया कि बीती 10 अगस्त को कर 11:00 जिला थाना क्षेत्र के नया पुल के पास बाइक सवार अपराधियों ने करीब 7 लाख रुपए महिला से झपट कर फरार हो गए थे। पीड़िता डेल्हा थाना क्षेत्र के बड़की डेल्हा खरखुरा की रहने वाली है। एसएसपी ने आगे कहा कि संबंधित मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर बबलू कालोदिया को गिरफ्तार किया गया है.पकड़ा गया आरोपी दुबहल नैली का रहने वाला है। इस घटना में अन्य अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है.

# बिहार सचिवालय सेवा संघ का वार्षिक समागम व सचिवालय संवाद पत्रिका का लोकार्पण सितंबर माह में किया जाएगा- वरुण पांडेय

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

पटना( बिहार )- बिहार सचिवालय सेवा संघ का वार्षिक समागम एवं सचिवालय संवाद पत्रिका का लोकार्पण सितंबर माह में आयोजित होना है ' इस संबंध में तिथि एवं समय निर्धारित करने का अनुरोध माननीय मुख्यमंत्री से करते हुए उन्हें इस समागम में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया है ' मुख्यमंत्री कार्यालय से शीघ्र ही इस संबंध में सूचना प्राप्त होने की संभावना है 'इस वार्षिक समागम का आयोजन सितंबर माह में किसी अवकाश के दिन करने की तैयारी चल रही है ' इस समागम में ही "सचिवालय संवाद" त्रैमासिक पत्रिका का लोकार्पण भी किया जाना है, इस पत्रिका के लिए महामहिम राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, विधान परिषद के सभापति, मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव का शुभकामना संदेश प्राप्त हो चुका है ' इस पत्रिका को सचिवालय सेवा के सदस्यों के द्वारा ही तैयार किया जा रहा है तथा इसे त्रैमासिक पत्रिका के रूप में लगातार प्रकाशित किए जाने की योजना है ' इस पत्रिका में बिहार के विकास तथा सचिवालय के गौरवशाली इतिहास इत्यादि के बारे में महत्वपूर्ण लेखो का समावेश किया गया है; साथ ही




रोचक एवं प्रेरणादायक कविता और कहानियों का भी संग्रह है'

इस संबंध में बात करते हुए बिहार सचिवालय सेवा संघ के महासचिव प्रशांत कुमार द्वारा बताया गया कि बिहार सचिवालय सेवा का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है' सचिवालय सेवा के सदस्यों द्वारा सरकार के बेहद करीब रहते हुए और नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निर्धारित करते हुए अपने कार्यों का निष्पादन किया जाता है ' राज्य सरकार के महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय निर्धारण, उनके क्रियान्वयन और अनुश्रवण में सचिवालय सेवा के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है तथा सचिवालय सेवा के सदस्यों को माननीय मुख्यमंत्री का लगातार सहयोग प्राप्त होता रहा है ' ऐसी स्थिति में माननीय मुख्यमंत्री से रूबरू होते हुए उन्हें अपनी उपलब्धियां तथा अपनी समस्याओं से अवगत कराए जाने हेतु इस वार्षिक समागम में आमंत्रित किया गया है '

इस वार्षिक समागम के आयोजन की घोषणा से सचिवालय सेवा के सदस्यों में जबरदस्त जोश का माहौल है और सभी सदस्य अपने स्तर से

इस वार्षिक समागम की तैयारी में जुट गए हैं ' महासचिव द्वारा इस बात पर जोर दिया गया कि किसी भी संगठन की गतिशीलता और उसमें उत्साह का वातावरण बनाए रखने हेतु समय-समय पर कुछ कार्यक्रम होते रहना चाहिए, इसी आलोक में बिहार सचिवालय सेवा संघ द्वारा इस वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है .

# स्वतंत्रता सेनानी के तैलिए चित्र पर किया गया पुष्पांजलि अर्पित।

**दैनिक समाज जागरण,विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम मेरा माटी ,मेरा देश के तहत आजादी के सिपाही सह स्वतंत्रता सेनानी के आवास सेंट्रल स्कूल पावरगंज डोमन प्रसाद चंद्रवंशी एवं भगवान दास चंद्रवंशी के आवास छोटकी नवादा सोनार गली पर जाकर उनके तैलिए चित्र पर माला पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र एवं पुत्र वधु को अंगवस्त्र विष्णुपद चरण चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. इस अवसर पर भाजपा नेता मनीष पंकज उर्फ मनीष मिश्रा ,जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता,गया विधानसभा संयोजक सह मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर उपस्थित थे. उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर ने कहा कि इस अवसर पर आज मुझे गर्व है की भारत माता कि आजादी के लड़ाई में अहम भूमिका निभाने वाले एवं अंग्रेजो के द्वारा तरह तरह का यातना जेल कारावास में सजा



काट कर भारत माता की आजादी के बाद जेल से मुक्त हुए .आज वैसे वीर सेनानियों का नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. इन सेनानियों के घर से मिट्टी को नमन कर कलश के रूप में लिया एवं इसी मिट्टी से कर्तव्य पथ पर माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर दिल्ली वॉर मेमोरियल में इनके याद में वृक्ष वाटिका लगाया जाएगा .जहां आम जनों भी उनके किए गए कृतज्ञ को याद करेंगे . देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के देश के स्वतंत्रता सेनानी एवं अमर शहीद को आजादी के बाद स्वतंत्रता सेनानी सहित उनके परिवार को सम्मान कर उस परिवार को बहुत बड़ा सम्मान है. इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र राजू,मनीष,मोहन एवं पुत्र वधु पार्वती देवी,झुन्नू सिंह,अनिल सिंह, राजकुमार सिंह ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मेरे पिताजी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर और हमलोग को सम्मानित करने से बहुत आनंदमयी क्षण है, इसके लिए भाजपा परिवार को बहुत बहुत आभार.आज के कार्यक्रम में प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा मीडिया प्रभारी अशोक प्रसाद भारती,व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक दीपक पाण्डेय,नमामि गंगे के सह संयोजक मनोज कुमार, स्थानीय वार्ड पार्षद गोपाल पासवान, संजय कुमार,महेश यादव,कुंदन सिंह, बबलू कुमार सहित स्थानीय लोग उपस्थित हुए.

# श्रीकृष्ण महोत्सव के चौथे दिन सम्मान समारोह का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार, अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित फोनो क्लिनिक के समीप आयोजित पांच दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के चौथे दिन गुरुवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में राजद के विधान पार्षद रिंकू सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में सम्मान समारोह कार्यक्रम का जो आयोजन किया है यह वाकई काबिले तारीफ है। इस आयोजन से समाज में एक नया संदेश मिलेगा। समाज के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करने से उनका उत्साहवर्धन होता है। सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन योगदान देने



वाले सैकड़ों लोगों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, शिक्षाविद, कलाकार, चिकित्सक, समाजसेवी, पत्रकार, किसान, मजदूर, मेधावी छात्र-छात्राएं आदि लोग शामिल थे। कार्यक्रम समाप्ति के बाद भोजपुरी गायक राजा मंडल ने दी शानदार प्रस्तुति। इस मौके पर गायत्री आचार्य गौतम जी , राजद मजदूर प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजय यादव, कमेटी अध्यक्ष दीपक दिनकर,राजद नेता मंटू सिंह,नवलेश यादव, सत्यपाल यादव, शैलेश यादव,ललन चौरसिया, नंदलाल प्रसाद यादव, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के तत्वाधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह का किया गया भव्य आयोजन।

## *- आओ कान्हा, तुम्हें धरा फिर से इक बार बुलाती है ,*

**दैनिक समाज जागरण,विश्वनाथ आनंद ,वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

गया (बिहार) 7 सितंबर 2023: - अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की महिला शाखा ओजस्विनी, राष्ट्रीय महिला परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा संयुक्त रूप से श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह का आयोजन रामसागर तालाब गया के समीप होटल मंत्रा रिजेंसी में धूमधाम से किया गया.

श्री कृष्णा जन्मोत्सव का शुभारंभ पटना से आये मुख्य अतिथि अनिल कुमार, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, अहिप, राजू अग्रवाल, संरक्षक, अहिप, राम बारीक, विभाग महामंत्री अहिप, मुक्तामणि, कार्याध्यक्ष, अहिप, डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, जिलाध्यक्षा, ओजस्विनी एवं मधु शर्मा, जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला परिषद सहित सभी पदाधिकारियों तथा प्रतिभागियों द्वारा "ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात पूर्णमुदच्यते. पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते" श्लोक की पावन सामूहिक प्रस्तुति से हुआ. तत्पश्चात कार्यक्रम का संचालन कर रहीं ओजस्विनी जिलाध्यक्षा डॉ० रश्मि प्रियदर्शनी के नेतृत्व में उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक रूप से आरती "ओ३म जय जगदीश हरे" गायी.

जन्माष्टमी समारोह के अंतर्गत बच्चों के लिए आयोजित प्रतियोगिता में माता यशोदा, श्री कृष्ण तथा श्री राधा का रूप धरे प्रस्तुति देते गौरी, नव्या शर्मा, प्रिया साहनी, अनन्या पांडे, राधा, वैष्णवी, सुयश, रूद्रांश, पार्थ, देव्यांश आदि नन्हे-मुन्हों की शोभा देखते ही बन रही थी. निर्णायक मंडल के सदस्यों में अनिल कुमार, राजू अग्रवाल तथा मुक्तामणि थे.

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर क्रमशः अरना, श्रद्धा तथा पल्लवी-कृष्ण रहे. राष्ट्रीय महिला परिषद की जिलाध्यक्ष मधु शर्मा तथा पुत्र युवराज ने माँ यशोदा के साथ नटखट कृष्ण के संवाद को दशार्ता मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया.



सभी प्रतिभागियों को ओजस्विनी की ओर से पुरस्कृत किया गया.

श्री कृष्णा जन्मोत्सव में ओजस्विनी जिलामंत्री अमीषा भारती, प्रगति कुमारी, लवली कुमारी तथा श्रेया कुमारी ने "अच्युतम केशवं, कृष्ण दामोदरं, राम नारायणं, जानकी बल्लभं" भजन की सुमधुर प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में रतन गायब, विकास कुमार, विशाल बारीक, विश्वजीत चक्रवर्ती, संदीप पांडेय, ओजस्विनी के मीडिया प्रभारी अश्विनी कुमार, महामंत्री शिल्पा साहनी, कोषाध्यक्ष प्रतिज्ञा कुमारी, रजनी त्यागी, संजीत प्रसाद, निकिता केसरी, निधि प्रिया, माही कुमारी, रागिनी कुमारी, रिया कुमारी, पल्लवी गुप्ता, हर्षिता मिश्रा, मुस्कान सिन्हा की भी उपस्थिति रही. मुख्य अतिथि अनिल कुमार ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के भव्य आयोजन पर अहिप के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं. श्री अनिल ने कहा कि श्री कृष्ण द्वारा दिया गीता का अमृतमय उपदेश आने वाले हर युग का मार्गदर्शन करता रहेगा. उन्होंने कहा कि हम सबको श्री कृष्ण द्वारा रचायी गयी हर लीला से प्रेरणा लेनी चाहिए.

ओजस्विनी अध्यक्षा डॉ. रश्मि ने लीला पुरुषोत्तम श्री कृष्ण चन्द्र को अन्याय, अहंकार, अनीति का सक्रिय विरोध करने वाला एक अद्वितीय क्रांतिकारी व योद्धा ठहराया। कहा कि हमें श्री कृष्ण की भाँति ही अत्याचार, अनाचार, शोषण तथा दंभी सत्ताधारियों के विरुद्ध निर्भय होकर आवाज उठानी चाहिए.जहाँ कहीं भी अनुचित होता दिखे, निडरता के साथ प्रतिकार करना चाहिए . अपनी स्वरचित कविता 'आओ कान्हा' से उद्धृत पंक्तियाँ, "आओ कान्हा, तुम्हें धरा फिर से इक बार बुलाती है, कलियुग के प्रकोप से पीड़ित मानवता अकुलाती है" के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सक्षम युवा कृष्ण का आह्वान किया.

कार्यक्रम का समापन डॉ रश्मि के नेतृत्व में सामूहिक शांति पाठ से हुआ.कार्यक्रम की सफलता पर शशिकांत मिश्र, प्रदेश महामंत्री, राष्ट्रीय बजरंग दल ने अहिप गया के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं दीं.

# गलत खानपान से जा सकती है जान।

## कैंसर के मामले में गलत खान-पान से तीन चौथाई कैंसर का मामला बढ़ा।

**दैनिक समाज जागरण, सत्य प्रकाश नारायण ,सहायक विधि संवाददाता/ धनंजय कुमार विधि संवाददाता बिहार झारखंड प्रदेश।**

भारतीय आयूविज्ञान अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम की रिपोर्ट के अनुसार भारत में कैंसर के कारण 2020 में अनुमानित मृत्यु दर 7.70 लाख थी जो 2022 में बढ़कर 8.8 लाख हो गई। आमतौर पर कैंसर अधिक उम्र की बीमारी है। लेकिन नए अध्ययन ने कैंसर के कारणों की जांच के लिए अधिक शोध की जरूरत पर बल दिया है। एक अध्ययन में दावा किया गया है की दुनिया भर में 50 साल से कम उम्र वाले लोगों में कैंसर के मामले 80 फीसदी तक बढ़ गए हैं। यह बढ़ोतरी तीन दशक में तेजी से हुई है इसका एक मुख्य कारण गलत खान-पान को पाया गया है । दुनिया भर में शुरूआती कैंसर के मामले 1990 में एक करोड़ 82 लाख से बढ़कर 2019 में 3 करोड़ 26 लाख हो गए। विशेषज्ञों का मानना है कि गलत खान-पान से जैसे खराब



आहार शराब तंबाकू गुटके का सेवन मांस का अत्यधिक सेवन नमक की अधिक मात्रा दूध फल ना लेना शारीरिक निष्क्रियता उच्च ब्लड प्रेशर और अधिक वजन को मुख्य कारण मान रहे हैं । प्रति एक लाख आबादी पर 13.7 और 3.7 मामले स्तन कैंसर से जुड़े मिले हैं । तीन दशक में श्वसननली या प्रोटेस्ट कैंसर के मामले में सबसे तेजी दर्ज की गई है। लिवर कैंसर में प्रतिवर्ष अनुमंता 2.88 प्रतिशत की गिरावट आई है। विशेषज्ञों का माने तो 1990 के आंकड़े से 27% की वृद्धि दर्ज की गई है। यह मौत स्तन कैंसर के अलावा श्वसननली ,फेफड़े ,पेट , आत कैंसर से जुड़ी थी । एक शोध में पाया गया है कि फास्ट फूड और गलत ढंग से ठेले पर फुटपाथ पर जो भोजन चाहे फास्ट फूड हों या कोई अन्य खाद्य पदार्थ परोसा जा रहा है यह भी उसमें एक मुख्य कारण है। अगर कैंसर रूपी भयानक आपदा से अगर अपना बचाव चाहते हैं तो बाहर बाजरो बोर्ड पर ध्यान ना दें आंटी की रसोई मां की रसोई घर जैसा स्वाद उसे बाहर ना ले अपने घर में शुद्ध तरीके से सही ढंग से खानपान पर ध्यान दें ताकि आप कैंसर रूपी राक्षस से छुटकारा पा सके।

# शराब के नशे में धूत पति को पत्नी ने भेजवाया जेल।

**दैनिक समाज जागरण जिज्ञासा कुमारी , प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना पुलिस ने मूंजहड़ा गांव से एक शराबी को गिरफ्तार कर थाना लाया है।



शराबी पति शराब पीकर अपनी पत्नी को गाली गलौज व मार-पीट कर रहा था। इसी बीच पीड़ित पत्नी ने बुधवार की शाम मूंजहड़ा गांव निवासी उपेन्द्र दास अपनी पत्नी को शराब पीकर गाली गलौज तथा मारपीट कर रहा था। पत्नी इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी , सूचना पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शराबी पति को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि मामले में उपेन्द्र की पत्नी के बयान पर कांड संख्या 302/23 दर्ज किया गया है ।जिसमें शराब की नशे में प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस शराबी पति को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय भेज दिया है।

# गोह में 9 सितम्बर को छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा का होगा अनावरण

## बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार होंगे मुख्य अतिथि

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के कर कमलों द्वारा 9 सितंबर को गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित पोखरा के समीप अवस्थित छत्रपति शिवाजी महाराज के आदम कद प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए गुरुवार को छत्रपति शिवाजी प्रतिमा निर्माण



समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह उर्फ लड्डु, ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर व्यापक रूप से तैयारी की गई है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काराकाट के सांसद महाबली सिंह व गोह विधायक भीम सिंह तथा विशिष्ट अतिथि वरीय अधिवक्ता श्रीनिवास जी, महिला कालेज दाउदनगर के मुख्य सचिव रघुवंश सिंह व देवकुंड महंत कालेज के सचिव गजाधर सिंह तथा अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा।

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गया में आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने कसी कमर

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार) - बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा तैयारी की जा रही है. मुख्यमंत्री के द्वारा कल विभिन



महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया जाएगा, जिसको लेकर जिला प्रशासन जिला प्रशासन पूरी तरह तैयारी में जुट गया है.जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस एम द्वारा आज सीताकुंड पथ पर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर निरीक्षण करने पहुंचे. निरीक्षण के दौरान सिटी एसपी हिमांशु, नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा, टाउन डीएसपी सहित के अधिकारी मौजूद थे. निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अतिआवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं.इस संबंध में जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस एम ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि गया मे कल बिहार के मुख्यमंत्री के आगमन होने जा रहा है, उनके द्वारा कल कई विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया जाएगा. उन्होंने आगे कहा कि डिपर्ट भवन, सीता कुंड पथ, 1100 बेड का धर्मशाला, बीटीएमसी भवन का उद्घाटन सहित कई विकास योजनाओं का उद्घाटन करेंगे.

# ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल केसपा में जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की मनाई गई जयंती

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

टेकारी( गया बिहार )- ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल,केसपा में भगवान श्री कृष्ण की जयंती को जन्माष्टमी त्योहार के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने कृष्ण और राधा का रूप धारण किया,एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया.इस अवसर पर




विद्यालय के निदेशक हिमांशु शेखर ने कहा कि, भगवान श्रीकृष्ण की जीवन-लीलाएं हमें विभिन्न विपरीत परिस्थितियों में जीवन जीने का सही मार्ग बतलाती है.उन्होंने हमें सदा सत्य के मार्ग पर चलने और अन्याय के विरूद्ध खड़े होने का मार्ग दिखाया है.उनके जीवन की हर एक घटना मानवता को सदैव मार्गदर्शन देती रहेगी. इस अवसर पर शिक्षक अरविंद पांडेय, दयानंद शर्मा, उमाकांत शर्मा ,शिवानी कुमारी सहित सभी बच्चे उपस्थित थे.

# व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में 10 बेंच का हुआ गठन।

**समाज जागरण, ब्यूरोचीफ / धनंजय कुमार विधि संवाददाता / सत्य प्रकाश नारायण सहायक विधि संवाददाता बिहार-झारखंड प्रदेश ।**

बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले में 09 सितम्बर 2023 को आयोजित , राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज सम्पूर्णानंद तिवारी ने बेंचों का गठन कर दिया है इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव एडीजे प्रणव शंकर ने दी है। उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने कहा व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में विभिन्न सुलहनिय वादों के निष्पादन के लिए कुल -10 बेंच का गठन किया गया है बेंच नम्बरः- ( 1) पर मोटर दुर्घटना एवं इजराय वाद तथा भरण पोषण एवं पारिवारिक मामलों का निष्पादन किया जाएगा इस बेंच पर वाद निष्पादन एडीजे सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में होगा,

बेंच नः (2) पर औरंगाबाद जिले के सभी बैंकों से सम्बंधित ऋण वाद का निष्पादन किया जाएगा इस बेंच पर वाद निष्पादन एडीजे नीतीश कुमार के नेतृत्व में होगा,



बेंच न :(3) पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय से सम्बंधित वादों का निष्पादन किया जाएगा इस बेंच पर वाद निष्पादन का नेतृत्व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आनन्द भूषण करेंगे,

बेंच नः (4) पर अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम एवं चतुर्थ के न्यायलय से सम्बंधित सुलहनिय वादों का निष्पादन किया जाएगा इस बेंच पर वाद निष्पादन के नेतृत्व अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजेश सिंह करेंगे,

बेंच नः (5) पर एसीजेएम कोर्ट तीन से सम्बंधित सुलहनिय वादों का निष्पादन किया जाएगा इस बेंच पर वाद निष्पादन का नेतृत्व एसीजेएम सुकूल राम करेंगे,

बेंच नः (6) पर एसीजेएम छः और सात के न्यायलय से सम्बंधित सुलहनिय वादों का निष्पादन किया जाएगा इस बेंच पर वाद निष्पादन का नेतृत्व प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मो शाद रज्जाक करेंगे,

बेंच न; (7) पर अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट के सुलहनिय वादों और एन आई एक्ट से सम्बंधित वादों का निष्पादन किया जाएगा इस बेंच पर वाद निष्पादन का नेतृत्व अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी योगेश कुमार मिश्रा करेंगे,

बेंच नः ( 8) पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शोभित सौरभ और न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम के न्यायलय के सुलहनिय वाद तथा विधुत ,वन,श्रम, परिवहन, माप-तोल, टेलीफोन एवं अनुमंडलीय दंडाधिकारी कोर्ट के सुलहनिय वाद का निष्पादन किया जाएगा इस बेंच पर वाद निष्पादन का नेतृत्व न्यायिक दंडाधिकारी शोभित सौरभ करेंगे,

बेंच न : (9) पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी निधि जायसवाल,मो शाद रज्जाक के कोर्ट और प्रभारी नेहा दयाल के कोर्ट का सुलहनिय वादों का निष्पादन किया जाएगा इस बेंच पर वाद निष्पादन का नेतृत्व प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी निधि जायसवाल करेंगी,

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के आखिरी बेंच नं. (10 ) पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ओम प्रकाश नारायण सिंह के कोर्ट और प्रभारी प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नेहा के कोर्ट का सुलहनिय वाद निष्पादन किया जाएगा इस बेंच पर वाद निष्पादन का नेतृत्व प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ओम प्रकाश नारायण सिंह करेंगे,इसकी जानकारी पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने दी,

# सोहागपुर पुलिस ने की जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही

शहडोल पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे एवं सट्टा/जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना/चैकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही किया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत मंगलवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जमुआ में कुछ व्यक्ति तास के पत्तों से रुपए पैसे की हारजीत का दांव लगाकर खेल खेल रहे है। सूचना पर सोहागपुर पुलिस द्वारा उक्त स्थान में दबिश देकर फड़ से जुआडियान 01. प्रदीप कुमार शर्मा पिता स्व. भैयालाल उंम्र 58 वर्ष निवासी वार्ड नं. 25 ज्वालामुखी मंदिर के पास धनपुरी, 02. प्रदीप रजक पिता प्रेमलाल रजक उम्र 42 वर्ष निवासी बिरसिंपुर पाली, 03. संजय उर्फ किसविस चैधरी पिता स्व. रामावतार चैधरी उम्र 45 वर्ष निवासी सिंहपुर रोड शहडोल, 04. रज्जूस लोधी उर्फ राजेश लोधी पिता स्व. विश्वनाथ लोधी उम्र 46 वर्ष ग्राम जुमई थाना सोहागपुर एवं 05. शरीफ खान पिता मो. शहीद खान उम्र 45 वर्ष निवासी सिंहपुर शहडोल के संयुक्त कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 32,200 रुपए जब्त किया गया। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्व किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सोहागपुर भूपेंद्र मणि पांडे के नेतृत्व में सउनि0 रामनारायण पण्डेय आशीष झारिया सहित पुलिस कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

# पार्षद एवं पार्षद पति के संरक्षण में सट्टे का कारोबार

समाज जागरण

शहडोल जिले के अमलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कॉलोनी एवं बस्तियों में सट्टे का अवैध कारोबार कई माह से धड़ल्ले से जारी है। एक का 80 की लालच में पुरुष महिला बच्चे एवं बूढ़े सट्टे के आगोश में जा रहे हैं जा रहे हैं किंतु पुलिस द्वारा सटोरियों के खिलाफ किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है जिसके कारण यह अवैध धंधा क्षेत्र में फल फूल रहा है। सूत्र बताते हैं कि क्षेत्र में यह अवैध कारोबार नगर पालिका परिषद के एक पार्षद और एक पार्षद पति के संरक्षण में चल रहा है और दोनों ही महीने में लाखों की कमाई कर रहे हैं लेकिन सट्टा खेलने वाले बर्बाद हो रहे हैं। सट्टे को सामाजिक बुराई माना जाता है और इस बुराई को खत्म करने के लिए जनप्रतिनिधियों को आगे आना चाहिए लेकिन जब क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ही इस सामाजिक बुराई को और भी बढ़ा रहे हैं तब और क्या कहा जा सकता है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र का एक पार्षद का परिवार पूर्व में सूदखोरी के धंधे के लिए चर्चित रहा है और उसके तमाम धंधे भी हैं वहीं दूसरी ओर पार्षद पति क्षेत्र में होटल का संचालन भी कर रहा है और इस होटल की आड़ में सट्टे का अवैध कारोबार भी कर रहा है। जब क्षेत्र में नए प्रभारी के रूप में युवा थाना प्रभारी की पदस्थापना हुई तब क्षेत्र में ऐसी चर्चा रही कि अब क्षेत्र में अवैध कारोबार पर विराम लग जाएगा लेकिन वर्तमान में उल्टा प्रतीत हो रहा है और लगभग सभी प्रकार के अवैध कारोबार क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं। गली गली अवैध शराब की बिक्री भी हो रही है और अवैध रूप से अहाता का संचालन भी किया जा रहा है। धनपुरी नंबर 3, रेलवे कॉलोनी ,बकहो, ईटा भट्ठा, झगड़ा बस्ती के अलावा अनेक क्षेत्रों में जगह-जगह सट्टे की पर्ची भी काटी जा रही है और सटोरिया के लोगों द्वारा हाईटेक ढंग से मोबाइल में भी सट्टे की बुकिंग ली जा रही है।

# रेल्वे स्टेशन पहुंच मुख्य मार्ग में पानी भराव के कारण हो रही परेशानी

समाज जागरण

शहडोल संभाग के अंतर्गत सर्वाधिक राजस्व देने वाला अमलाई स्टेशन जहां पर प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में यात्रियों का आना-जाना बना रहता है यहां पर प्लेटफार्म नंबर 4 के तरफ रेलवे की कॉलोनी स्थापित है इसके अलावा मुख्य मार्ग भी बना हुआ है लेकिन तीसरी लाइन के निर्माण के कारण भारी माल वाहक और मशीनरी के प्रयोग से पहले से बनी हुई रोड पूर्ण तरीके से धराशाई हो गई है इसके साथ ही पूर्व में पानी के बहाव के लिए बड़ी-बड़ी नालियों का निर्माण किया गया था, जो अब मिट्टी और तीसरी लाइन के निर्माण में पूरी तरह जमीदोज हो चुकी है इस कारण से रेलवे स्टेशन के समीप बने तालाब नुमा गड्ढे में बरसात का पानी लबालब भरा हुआ है, और यह पानी तीसरी लाइन जो अभी निर्माण हुई है वहां तक रेलवे लाइन को प्रभावित कर रही है ऐसा ना हो कि पानी के रिसाव के कारण तीसरी लाइन ही क्षतिग्रस्त हो जाए और बड़ी दुर्घटना घटना घटित होने के बाद रेलवे प्रशासन इस पर सिर्फ जांच खड़ा करें, इसके अलावा यहां पर रेलवे की कॉलोनी, आम नागरिक, ऑटो स्टैंड के साथ- साथ प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में आने जाने वाले यात्रियों के आवागमन पर विराम लग चुका है साथ ही अमलाई कॉलोनी और अधिकारी अपना दायित्व निभाते तो स्टेशन साफ सुथरा नजर आता। रेलवे की कॉलोनी की नाली आपस में जुड़ी हुई हैं जिसका पानी अब लोगों के घरों में वापस आने लगा है क्योंकि तीसरी लाइन के कारण अमलाई पुराने पोस्ट ऑफिस से लेकर धनपुरी मुख्य मार्ग रेलवे के मार्ग को जोड़ने वाली तिराहे तक बरसात का पानी लबलब भरा हुआ है इसके अलावा रेलवे का पूरा मार्ग क्षतिग्रस्त हो चुका है एक तरफ देश के सबसे प्रसिद्ध कागज का कारखाना वही मिनी रत्न के नाम से प्रसिद्ध कोइलांचल क्षेत्र के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

अमलाई प्लेटफार्म नंबर 4 रेलवे की मुख्य मार्ग इस कदर दुर्गति पर है कि कभी भी यहां आने जाने वाले यात्रियों स्कूली बच्चों के अलावा, रेलवे के तीसरी मार्ग पर कोई बड़ी घटना घट जाए तो बड़ी बात नहीं है क्योंकि रेलवे के मार्ग से लगे हुए तालाबनुमा बड़े गड्ढे पर बहुत ज्यादा पानी भरा हुआ है जिसका पानी रेलवे के मुख्य मार्ग पर फैला हुआ है अगर स्कूली वैन बच्चे या यात्रियों से भरी ऑटो पलट जाए तो निश्चित रूप से लोगों की जान चली जाएगी वही पानी के रिसाव के कारण रेलवे की तीसरी लाइन भी क्षतिग्रस्त हो सकती है इससे लाखो करोड़ों का नुकसान रेलवे प्रशासन को होगा इसके अलावा जमीदोज हो चुके नालियों के कारण गंदे पानी का निकासी पर विराम लग चुका है और अब लोगों के घर घरों से निकलने वाला गंदा पानी वापस उन्हीं के घर में घुस रहा है जिससे संक्रमित बीमारी की संभावना भी बढ़ चुकी है।

# अव्यवस्थाओं से यात्रीगण परेशान

समाज जागरण

तीसरी लाइन नव निर्माण के समय से आज तक प्लेटफार्म नंबर 4 की दिशा की और बिगड़े हुए हालातो को लेकर किसी भी प्रकार से किसी अधिकारी के द्वारा भ्रमण नहीं किया गया है इतने बड़े निर्माण कार्य पर ध्यान न देते हुए अधिकारी भी लोगों की जान से खेलने में कोई कोताही नहीं बरत रहे हैं क्योंकि निर्माण कार्य का जायजा लेना और उनके नुकसान की भरपाई के संसाधन तलाशना भी साइट पर आने वाले इंजीनियर और अधिकारियों साथी ऑफीसरों का काम है प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में रेलवे की लाइन पर कार्य करने वाले अपने मजदूरों से ही अधिकारी गण पूछ ले स्टेशनों के हालात तो उन्हें सच्चाई का पता चल जाएगा इसके अलावा रेलवे की कॉलोनी की नालियों पर कई महीनो से तीसरी लाइन की मिट्टी घसने के कारण पानी का जमाव हो रहा है लेकिन आज तक हमारे देश के प्रधानमंत्री के सबसे बड़े सपने स्वच्छ भारत मिशन को तार-तार करने में कमी भी नहीं कर रहे हैं। जबकि बिलासपुर और जबलपुर के बीच रेलवे को आए देने वाली दूसरी या तीसरी स्टेशनों की गिनती में आती है क्योंकि यहां पर ओरिएंट पेपर मिल कागज का कारखाना साथ ही मध्य प्रदेश विद्युत ताप मंडल का औद्योगिक फैक्ट्री होना साथ ही एसईसीएल कोल माइंस होने के कारण भारी संख्या में लोगों का आना-जाना बना रहता है किंतु अभी भी अब सुविधाओं का सामना लोगों को करना पड़ रहा है जिसकी और रेलवे प्रबंधन का ध्यान जाना जरूरी है

।अमलाई स्टेशन के जर्जर मार्ग के अलावा अन्य अव्यवस्थाओं से फैली अमलाई स्टेशन की मार्ग को सुधारने के लिए भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला सहित संयोजक अखिलेश सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा, सुभाष मिश्रा, सौरभ सिंह ,पीयूष, वीरू मिश्रा, आदि ने रेलवे प्रबंधन से मांग की है कि जनहित के इस मुद्दे पर त्वरित कार्यवाही करें जिससे लोगों को सुविधाओं का सामना न करना पड़े।

# और कितनी 'निर्भयाएं ' ?

**निर्मल रानी**

याद कीजिये 16 दिसंबर 2012 की वह काली रात जब दिल्ली के वसंत विहार में पैरा मेडिकल की छात्रा 'निर्भया' के साथ 6 अपराधियों द्वारा चलती हुई बस में गैंगरेप किया गया था। निर्भया के साथ बलात्कार किया गया था व उसके निजी अंगों को बुरी तरह ज़ख़्मी किया गया था। यहां तक कि छात्रा और उसके दोस्त को बस से कुचलकर मारने की कोशिश भी की गई थी। घटना के कुछ दिन बाद निर्भया की मृत्यु हो गयी थी। इस घटना के बाद दिल्ली सहित पूरा देश उबल पड़ा था। राजधानी दिल्ली सहित देश भर में इस गैंगरेप को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किए गए थे। पूरे देश का मीडिया एक स्वर से सत्ता के विरोध में उतरा हुआ था। उस समय कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू पी ए गठबंधन की सरकार पर दबाव बनाने के लिये जगह जगह विरोध प्रदर्शन हुये थे। और तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक विरोध स्वर को सम्मान देते हुये इस तरह के मामलों में कानून बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया था। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने इन आरोपियों पर गैंगरेप, हत्या और लूट के मामलों में आरोप तय किए थे।11 जुलाई 2013 को 6 आरोपियों में से राम सिंह नाम के एक अपराधी ने तिहाड़ जेल में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।तथा एक नाबालिग को गैंगरेप और हत्या के मामले में तीन साल की सजा सुनाई गई थी। जबकि विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट से लेकर उच्च न्यायलय व उच्चतम न्यायलय तक सभी अदालतों द्वारा सुनाये गये फैसलों के बाद निर्भया के शेष चारों दोषियों को 20 मार्च 2020 को सुबह 5.30 बजे तिहाड़ जेल में फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया गया था। उस समय सत्ता का विरोध करने वाले किसी एक पत्रकार की न तो गिरफ़्तारी हुई थी न ही बदनामी के डर से सरकार अपनी आलोचनाओं को दबाने का प्रयास करते दिखाई दी। और कहना गलत नहीं होगा कि 2014 में हुये सत्ता परिवर्तन के जहां अनेक कारण थे वहीँ 'निर्भया काण्ड ' भी उन कारणों में एक था। इसी काण्ड की आड़ में भारतीय जनता पार्टी ने 2014 चुनाव पूर्व अपना लोकप्रिय नारा गढ़ा था - 'बहुत हुआ नारी पर वार -अबकी बार मोदी सरकार'।

निर्भया काण्ड के दिनों को याद कीजिए तो ऐसा लग रहा था कि स्वतंत्र भारत के इतिहास की उस समय तक की वह सबसे वीभत्स घटना थी। और यह भी कि महिला विरोधी अपराधों को रोक पाने वाली उस समय की वह सबसे विफलतम सरकार थी। आज के सत्ताधारी ही उस वक़्त की निर्भया काण्ड के सबसे बड़े पैरोकार व प्रदर्शनकारी थे। और जगह जगह उठने वाले कैंडल मार्च व मशाल जुलूसों के अगुआकार थे। परन्तु केंद्र में सत्ता परिवर्तन के बाद से लेकर अब तक देश में अनगिनत 'निर्भया काण्ड ' या उससे भी वीभत्स महिला उत्पीड़न के मामले हो चुके हैं। मिसाल के तौर पर कश्मीर के कठुआ में जनवरी 2018 में आसिफा नाम की एक आठ वर्षीय मुस्लिम मासूम लड़की का अपहरण किया जाता है। और उसे कई दिनों तक एक मंदिर परिसर के एक कमरे में मंदिर के पुजारी व स्थानीय पुलिस कर्मियों की कैद में रखकर कई दिनों तक उसका बलात्कार किया जाता है।

एमपी के मन में मोदी.........................................

# नवयुवक बड़े उत्साह के साथ भारी संख्या में मतदाता सूची में ले रहे सदस्यता



बुढ़ार। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल प्रताप सिंह के निर्देश पर शहडोल जिले के बुढार नेहरू महाविद्यालय के समीप कालेज तिराहे पर नये युवाओं को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए नवयुवक को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

आगामी दिनों होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने अब तक पुरे देश में मतदाता सदस्यता अभियान चलाकर नव युवाओं को 18 वर्ष पुरे होने पर उन्हें मतदाता सदस्यता दिलाई जा रही है जिससे वे अपने मत का उपयोग कर सकें।

जैतपुर विधानसभा प्रभारी ने बताया कि जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले हर नवयुवक को तलाश कर उन्हें सदस्यता मोबाइल 7000230230 एप्प मिस्ट काल के माध्यम से आनलाईन पंजीयन एवं सदस्यता दिलाई जा रही है।

विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, भाजपा ने पुर्व में राजनीतिक दल है जो 18 करोड़ लोगों को जोड़ा गया था अब एमपी में मोदी सदस्यता अभियान बड़े स्तर पर प्रारम्भ किया गया है जिसमें बड़े उत्साह के साथ नवयुवक सदस्यता लें रहे हैं।

शिविर में जैतपुर विधानसभा प्रभारी , जिला महामंत्री युवा मोर्चा महामंत्री विश्व दीपक द्विवेदी, भाजपा मंडल महामंत्री धनपुरी रवि कश्यप, अनुसूचित जनजाति के महामंत्री ओमी सिंह करपेती सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नवागत थाना प्रभारी भूपेंद्रमणि पांडेय ने पदभार किया ग्रहण, अपराधों पर रोक लगाना मेरी पहली प्राथमिकता

शहडोल । पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद नगर निरीक्षक भूपेंद्रमणि पांडेय ने सोहागपुर थाने का पदभार ग्रहण किया ! साथ ही समस्त बीट प्रभारियों की बैठक ली । जिसमें समस्त बीट प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसी की बीट में अवैध शराब, जुआ सट्टा व स्मैक, नशीली दवा जैसा कारोबार पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी । नवागत नगर निरीक्षक भूपेंद्रमणि पांडेय इससे पूर्व सतना सिटी कोतवाली, कोठी, बदेरा, नादन जैसे थानों पर अपनी सेवाए दे चुके है । इन सभी ही थानों पर इनकी अपराधों पर रोक लगाना, असामाजिक तत्वों के खिलाफ की गई सख्त कार्यवाही से अपराधियों के हौसले पस्त रहे है ! अब शहडोल जिलेके सुहागपुर थाना क्षेत्र में भी ऐसी ही सख्त कार्यवाही की इनसे अपेक्षा है ! नवागत नगर निरीक्षक भूपेंद्रमणि पांडेय ने बताया कि शराब, जुआ सट्टा व स्मेक के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा ! पुलिस की टीम शराब, स्मेक व जुआ-सट्टा खेलने वाले अपराधियों परलगातार नकेल कसती रहेगी । अनौपचारिक भेंट में उन्होंने बताया कि असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्यवाही लगातार करने की बात कही उन्होंने कहा कि अवैध शराब विक्रय व होटलों व ढाबों पर होने वाली नशाखोरी, जुआ सट्टा को कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा, आमजनता में पुलिस की छवि साफ बनाने के साथ ही क्षेत्र वासियों के विश्वास पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे ! साथ ही थाना क्षेत्र में महिला हिंसा, मोबाइल क्राइम, क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था के साथ अन्य अपराधों के ग्राफ को कम करने के साथ क्षेत्र में जुआ, सट्टा, अवैध शराब पर पूर्णतः रोक एवं समाज में व्याप्त अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाना प्रथम लक्ष्य रहेगा ।

# महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ माकपा ने केंद्र सरकार का फूंका पुतला

बांकी मोंगरा (कोरबा)। माकपा के राष्ट्रीय आह्वान पर 1 से 7 सितंबर तक कोरबा जिले में भी बढ़ती मंहगाई और बेरोजगारी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिले में माकपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर आम जनता को इस अभियान से जोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में माकपा ने कल बांकी मोंगरा चौक में केंद्र स-रकार की मंहगाई और बेरोजगारी बढ़ाने वाली जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। पुतला दहन के समय पुलिस से काफी नोक झोंक भी हुई। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से माकपा पार्षद राजकुमारी कंवर, सीटू के प्रदेश अध्यक्ष एस एन बैनर्जी, किसान सभा के नेता जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू, अभिजीत गुप्ता, हुसैन, लम्बोदर दास,देवकुंवर कंवर, नरेंद्र साहू, जय कौशिक, सुमेंद्र सिंह ठकराल, संजय यादव, मनीष, दामोदर के साथ बड़ी संख्या में माकपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।




मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव प्रशांत झा ने कहा कि कमरतोड़ मंहगाई और बेरोजगारी ने आम लोगों की परेशानियों को काफी बढ़ा दिया है। जरूरी चीजें चावल, दाल, आटा, खाने के तेल, सब्जियां, दवाई, अनाज, दूध, दही, कापी, किताबें मंहगी होती जा रही है, क्योंकि इन सभी चीजों पर मोदी स-रकार ने जीएसटी थोपे दिया है। जाने से इन सभी चीजों की कीमतें भी बढ़ गई है। डीजल, पेट्रोल मंहगा होने से परिवहन खर्च भी बढ़ गया है और रसोई गैस की कीमतें लाखों परिवारों की पहुंच से बाहर है, जिसके कारण मंहगाई तेजी से बढ़ी है।

सीटू के प्रदेश अध्यक्ष एस एन बैनर्जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बेरोजगारी के स्थिति भयावह होती जा रही है। केंद्र और राज्य स-रकारों के विभागों समेत रेलवे, बैंक और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में खाली पड़े पदों पर बहाली नहीं कर इन सभी जगहों पर ठेका और आउटसोर्सिंग प्रथा से काम चलाया जा रहा है। हालत यह है कि हर प-रिवार में बेरोजगार नौजवानो के सामने आजीविका के लिए नौकरी की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है।

# साहिल मधुकर बने मस्तूरी ब्लॉक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष।

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख



मस्तूरी। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी श्रीनिवासन एवं प्रदेश युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ की प्रभारी डॉक्टर पलक वर्मा, एवं प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, व राजीव युवा मितान क्लब के जिला संमवयक महेन्द्र गंगोत्री, मस्तूरी विधानसभा अध्यक्ष सुनील पटेल, के अनुशंसा पर मस्तूरी ब्लाक अध्यक्ष युवा कांग्रेस के पद पर साहिल मधुकर को बनाया गया है ,साहिल मधुकर के इस नियुक्ति पर मस्तूरी युवा कांग्रेसियों में हर्ष व्याप्त है, युवा कांग्रेस की मजबूती के लिए ब्लॉक स्तर पर नियुक्ति से युवाओं की टीम सरकार बनाने के लिए नई ऊर्जा के साथ युवा कांग्रेस की टीम काम करेगी।

# बैतूल मीडिया सेंटर सोसायटी करेगी मुख्यमंत्री का अभिनंदन

जन आर्शिवाद यात्रा के दौरान बैतूल जिले में आ रहे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का प्रेस एक्ट को लेकर समिति बनाने एवं पत्रकारो की समस्या के निराकरण पर बैतूल मीडिया सेंटर सोसायटी करेगी मुख्यमंत्री का अभिनंदन

बैतूल, आज भोपाल में प्रदेश भर के पत्रकारो के समागम में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के लिए पत्रकारो की समिति बनाने एवं पत्रकारो की समस्याओ के समयावधि में निराकरण करने पर बैतूल जिला मीडिया सेंटर सोसायटी इसी माह जन आर्शिवाद यात्रा के दौरान बैतूल जिले में आ रहे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बैतूल मीडिया सेंटर में स्वागत अभिनंदन एवं सम्मान करेगी साथ ही उनका पत्रकारो के लिए जन कल्याण कारी योजनाओ को लागू करने पर आभार व्यक्त करेगी। आज भोपाल में सीएम हाऊस में पत्रकारो के समागम में पहुंचे शिवराज सिंह बैतूल जिले से पहुंचे दो दर्जन से अधिक पत्रकारो से मिलने आए। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार रामकिशोर पंवार ने श्री शिवराज सिंह चौहान को जन आर्शिवाद यात्रा के दौरान बैतूल जिले में आने वाले कार्यक्रम में मीडिया सेंटर में आने का आमंत्रण भी दिया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को जिले के पत्रकारो की ओर से रामकिशोर पंवार ने जिले के सहायक जन संपर्क अधिकारी के लम्बे समय से बैतूल में रहने के कारण पत्रकारो एवं प्रशासन के बीच आई दूरियां को दूर करने के लिए उनका जिले से बाहर तबादला करने का भी निवेदन किया जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। श्री पंवार ने बताया कि जिले के भर से अपने - अपने साधनो से भोपाल पहुंचे पत्रकारो के संग मुख्यमंत्री काफी समय तक रहे और जिले के बारे में चर्चा की। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकार समागम कार्यक्रम का आयोजन उनके आवास मुख्यमंत्री आवास पर करवाया था और यहां पर प्रदेश भर के पत्रकार शामिल हुए थे उन्होंने पत्रकारों को निम्न सौगात देने का कार्य किया है जिसमें बीमा कंपनी द्वारा इस साल प्रीमियम राशि में की गई 27 प्रतिशत की वृद्धि की अतिरिक्त राशि भरेगी राज्य सरकारए65 वर्ष से अधिक आयु वाले पत्रकारों एवं उनकी पत्नी के बीमा का पूरा प्रीमियम राज्य सरकार भरेगीएबीमा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 सितम्बर से बढ़ाकर 25 सितम्बर कर दी गई है।पत्रकारों और उनके आश्रितों के उपचार मे मिलने वाली आर्थिक राशि में हुई वृद्धएसामान्य बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि 20 हजार से बढ़ाकर 40 हजार की गई है।गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि 50 हजार से बढ़ाकर की एक लाख रुपये कर दी है। प्रदेश के वरिष्ठ एवं बुजुर्ग पत्रकारों को प्रतिमाह दी जाने वाली सम्मान निधि 10 हजार से बढ़कर हुई 20 हजार की गई है।सम्मान निधि प्राप्त करने वाले पत्रकार के निधन पर उनकी पत्नी को एकमुश्त 8 लाख की सहायता राशि प्रदेश सरकार के माध्यम से दी जाएगी।भोपाल के मालवीय नगर में बनेगा पत्रकार भवन को स्टेट मीडिया सेंटर के रूप में विकसित करने का कार्य किया जाएगा।अधिमान्य पत्रकारों को आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना में अधिकतम ऋण राशि 25 लाख से बढ़ाकर 30 लाख की जायेगी।अधिमान्य पत्रकारों के बच्चों की शिक्षा के लिए बैंक लोन पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 साल के लिए राज्य सरकार भरेगीए छोटे शहरों एवं कस्बों के पत्रकारों को आवश्यकतानुसार भोपाल में डिजिटल तकनीकी प्रशिक्षण माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के सहयोग से दिलाया जाएगा। इसकी संपूर्ण व्यवस्था जनसंपर्क विभाग द्वारा की जायेगी। जिला स्तरों पर पत्रकारों की सोसायटी के लिए कॉलेनी के लिए जमीन आवंटन की व्यवस्था करने की दिशा में कार्य किया जायेगा। मुख्यमंत्री आवास पर पत्रकार समागम कार्यक्रम में शामिल होने वालों में वरिष्ठ पत्रकार रामकिशोर पवार, अब्दुल रहमान खान,प्रमोद गुप्ता, विलास चौधरी, रजीत सिंह, दिनेश यादव, प्रवीण सोनी, कालिदास चौरासे, दीपक पाटिल, छविनाथ भारद्वाज, भीम बहादुर थापा, संदीप झपटे, धर्मेंद्र राय, मनीष राठौर, कमलेश कवड़कर, शंकर राय, मोहित पवार सहित बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हुए थे।

*गुरूजी को मिला सम्मान, गांव में खुशी का माहौल...............................*

# अमन की मेहनत का परिणाम है पुरस्कार:- डॉ. तातेड़

## मुकेश अमन राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मानित होकर लौटे, ग्रामीणों व मित्रों ने किया भव्य स्वागत

बाड़मेर ।06.09.2023 । शैक्षिक व सह-शैक्षिक क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के उपलक्ष में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सांसियों का तला मरटाला गाला, बाड़मेर के शिक्षक व बहुमुखी प्रतिभा के धनी मुकेश बोहरा अमन को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर 05 सितम्बर को राजस्थान सरकार ने जयपुर स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में एक भव्य व गरिमामय समारोह में माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत एवं शिक्षामंत्री श्री बी. डी. कल्ला के हाथों प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया । राजधानी में राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद स्टेट अवार्डी मुकेश बोहरा अमन बुधवार को थार नगरी बाड़मेर लौटे ।

स्टेट अवार्डी मुकेश बोहरा अमन के थार नगरी बाड़मेर लौटने पर रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में सांसियों का तला के ग्रामीणों, शिक्षकों, रिश्तेदारों एवं मित्रों ने ढ़ोल-ढ़माकों व गाजे-बाजे से भव्य व जोरदार स्वागत-अभिनन्दन किया । रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत के बाद सांसियों का तला के ग्रामीण व समस्त नागरिक रैली निकालते हुए सांसियों का तला विद्यालय पहुंचे जहां विद्यालय परिवार, एसएमसी व ग्रामवासियों की ओर से अभिनन्दन समारोह का आयोजन हुआ । अभिनन्दन मरटाला गाला के सरपंच वगताराम मूंढ़ एवं शिक्षाविद् डॉ. बी. डी. तातेड़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ । अभिनन्दन समा-रोह में ग्रामीणों, विद्यालय परिवार व आगन्तुक महमानों द्वारा स्टेट अवार्डी मुकेश बोहरा अमन का साफा व माल्यार्पण कर भावभरा स्वागत किया गया ।



एसएमसी सदस्य रहीम खान खिलजी ने बताया कि अभिनन्दन समारोह का आगाज मां सरस्वती के स्मरण व वन्दन से किया गया । तत्पश्चात अभिनन्दन की कड़ी में विद्यालय परिवार, एसएमसी सदस्यों व ग्रामीणों ने क्रमशः गुरूजी मुकेश बोहरा अमन का साफा, माला और शॉल से सम्मान किया । सांसियों का तला गांव की ओर से बुजुर्गों व यु-वाओं से बढ़-चढ़कर गुरूजी का स्वागत व अभिनन्दन किया गया ।



शिक्षाविद् डॉ. बंशीधर तातेड़ ने कहा कि आज का सांसियों का तला का यह विद्यालय विगत के विद्यालय से कई गुणा बदल चुका है । आज यह विद्यालय अपनी एक नई पहचान बना चुका है । जिसके मूल में शिक्ष-क व प्रेरक मुकेश बोहरा अमन के सपने व मेहनत है जिसमें आप सब ग्रामीणों व भामाशाहों का सहयोग लगा है । तातेड़ ने कहा कि विकास के लिए सबको आगे आना होगा । बुराईयों से दूरी बनाते हुए नई पीढ़ी को शिक्षा से जोड़ना होगा । आज लग रहा है कि यह पुरस्कार अमन की मेहनत का ही परिणाम है । उनकी मेहनत रंग ला रही है । जो प्रशंसनीय व काबिले-तारीफ है । शिक्षक मुकेश बोहरा अमन को राज्य स्तर पर शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं ।

स्टेट अवार्डी मुकेश बोहरा अमन ने अपनी बात रखते हुए कहा कि आप सबका प्यार और स्नेह मेरे लिए सबसे अनमोल पूंजी है । हम सब मिलकर सांसियों का तला विद्यालय को पूरे राजस्थान का टॉप विद्यालय बना सकते है । अमन ने कहा कि यह राज्य स्तरीय पुरस्कार समस्त ग्रामवासियों, बच्चों व भामाशाहों को समर्पित करता हूं जिन्होंनें इस विद्यालय के उन्नयन व विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है । साथ पुरस्कार की राशि 21000 रुपए विद्यालय विकास व बच्चों के कल्याण में खर्च करने की घोषणा की ।

समारोह में वरिष्ठ कवि गौतम चमन ने बहुत सन्दर कविता प्रस्तुत करते हुए सम्मानित हुए शिक्षक मुकेश अमन के सेवा-कार्यों का बखूबी वर्णन किया । समारोह में एबीईईओ भंवराराम चौधरी, एसएमसी सदस्य रिजूराम सांसी, वरिष्ठ नागरिक हाजी जानू खान, जैन श्रीसंध बाड़मेर पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट प्रकाशचन्द वडेरा, पारस जैन, एसएमसी सदस्य सामीर खान, सुल्तान सिसोदिया, भारती फाउण्डेशन के हितेश कुमार, डालूराम सेजू, अध्यापिका उषा जैन, शारीरिक शिक्षक राजेश जोशी, मिथलेश चौधरी, श्रीदेवी, सुशिला कन्नैजिया, चन्द्रकला सिहाग, रिया शर्मा, सीमा शर्मा सहित कई वक्ताओं ने अपनी बात रखी ।

कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाध्यापिका श्रीमती गुंजन आचार्य ने सभी मेहमानों का धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया । वहीं कार्यक्रम का संचालन कैलाश बाबु जैन ने किया । इस दौरान भूरचन्द बोहरा मारसा, जेठाराम भील, रहीम खान, भूराराम सांसी, गौतमचन्द छाजेड़, मांगीलाल धारीवाल, मांगीलाल संखलेचा, ललित छाजेड़, कालीचरण जैन, प्रीतम जैन हालावाला, हाकम भाई, कालूराम, मोहम्मद खान, सूरज स-ांसी, हाथी सिसोदिया, अली खान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, आगन्तुक मेहमान, महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे ।

## पति को छोड़ कर प्रेमी के साथ गई महिला, सिलीगुड़ी में घर से महिला का शव बरामद

**उत्तम सिंह संवाददाता दैनिक समाज जागरण सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)**

सिलीगुड़ी में एक महिला की रहस्यमय मौत.घर से शव बरामद.मृतका के पिता ने घटना में हत्या का आरोप लगाया है.



मालूम हो कि महिला सिलीगुड़ी के 41 नंबर वार्ड स्थित ज्योतिनगर में अपने प्रेमी के साथ किराये पर रहती थी.वहां उसका लटकता हुआ शव मिला.

मालूम हो कि मृत महिला का नाम काकली मंडल है.उसकी शादी करीब 10 साल पहले एक शख्स से हुई थी. उसके पिता ने कहा कि महिला ने अपने पति को छोड़ दिया और एक साल तक दूसरे आदमी के साथ रही। दोनों ज्योतिनगर इलाके में किराए पर रहते थे। बुधवार की रात महिला का लटकता हुआ शव बरामद किया गया. बाद में भक्तिनगर थाने की पुलिस गयी और शव बरामद किया.

गुरुवार को उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में शव परीक्षण किया गया। महिला अपने परिवार के संपर्क में नहीं थी। मौत की सूचना गृहस्वामी ने परिजनों को दी. इसके बाद मृत महिला के पिता इलाके में गये. उन्होंने भक्तिनगर थाने में शिकायत दर्ज करायी कि उनकी बेटी की हत्या कर दी गयी है. भक्तिनगर थाने की पुलिस घटना की जांच में जुट गयी.

## 30 बोतल अवैध कप सिरप के साथ 1 युवक गिरफ्तार।

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

सिलीगुड़ी : गुप्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर माटीगाड़ा थाने की पुलिस ने सादे लिबास में शिव मंदिर के बीडी कॉलेज से सटे इलाके में छापेमारी की, बताया जाता है कि गुरुवार की शाम करीब चार बजे बीएड कॉलेज से सटे इलाके में एक संदिग्ध युवक के यहां छापेमारी की गयी तो उसके बैग से 30 बोतल अवैध कप सिरप बरामद किया गया। फिर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान बागडोगरा फायरानी जोत निवासी दिलीप बर्मन (28) के रूप में की गई है। माटीगाड़ा थाने की पुलिस ने आरोपियों के पास से एक बाइक जब्त की है। माटीगाड़ा थाने की पुलिस गिरफ्तार युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर पूरी घटना की जांच शुरू कर दी है। उसे कल सिलीगुड़ी सब-डिविजनल कोर्ट में पेश किया जायेगा। माटीगाड़ा थाने की पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी कि इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल है।



## दुआरे सरकार शिविर में फॉर्म भरने के एवज में पैसे लेने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण**

नक्सलबाड़ी : नक्सलबाड़ी नंद प्रसाद हाई स्कूल में आयोजित दुआरे सरकार शिविर में फॉर्म भरने के एवज में पैसे लेने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। मालूम हो कि गुरुवार को नक्सलबाड़ी नंदप्रसाद हाई स्कूल में दुआरे सरकार कैंप चल रहा था। उस वक्त स्कूल के अंदर बैठे एक शख्स ने कथित तौर पर फॉर्म भरने के नाम पर पैसे ले लिए। बाद में जब घटना सामने आई तो पुलिस उस शख्स को गिरफ्तार कर थाने ले गई।दूसरी ओर, नक्सलबाड़ी ग्राम पंचायत के उप प्रधान विश्वजीत घोष और नक्सलबाड़ी ब्लॉक के बीडीओ अरिंदम मंडल ने घटना के बारे में स्वीकार किया। कहा की उचित कार्यवाई किया जाएगा।



## नबीनगर से अवैध गिट्टी लदा हाइवा जब्त दो गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 7 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के कॉलोनी मोड़ के समीप से वाहन जांच मे पुलिस गश्ती दल ने एक 10 चक्का हाइवा जब्त किया है जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर JH03Q 3448 है। पुलिस गश्ती दल मे पी एस आई अनित कुमार एवम सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।हाइवा मे अवैध गिट्टी लदा हुआ था। मौक से हाइवा मालिक सुनील जायसवाल पिता अनुग्रह प्रसाद जायसवाल ग्राम मुरली बेलाई थाना नबीनगर और हाइवा चालक मोहन कुमार सिंह पिता योगेश सिंह ग्राम मुंगिया थाना टंडवा दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि हाइवा को जब्त कर थाना लाया गया और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## नबीनगर पेंशनर समाज की बैठक संपन्न लिए गए कई निर्णय

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 7 सितंबर 2023 आज नगर पंचायत नबीनगर के सोखा बाबा मंदिर परिसर मे नबीनगर पेंशनर समाज की बैठक संपन्न हुआ।बैठक की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा किया गया। आज की बैठक मे पेंशनर समाज द्वारा कई निर्णय लिया गया ।सर्वसम्मति से बैठक मे हाजी मास्टर मुस्ताक को पेंशनर समाज का मिडिया प्रभारी का दायित्व सौप गया। बैठक मे ईश्वर से अच्छी वर्षा के लिए प्रार्थना भी किया गया इसके अतिरिक्त पेंशनर भवन जल्द बनने की उम्मीद जताई गई जिसपर लोगो ने हर्ष व्यक्त किया। बैठक के अंत मे पेंशनर सुखदेव प्रसाद सिंह के भाई की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। आज की बैठक में सुखदेव प्रसाद सिंह,हाजी मास्टर मुस्ताक अहमद,अवधेश प्रसाद सिंह, विशुन प्रसाद,रामजन्म सिंह,रामधनी साहू,हरिहर सिंह, जगदीश सिंह,दुर्गा प्रसाद स्वर्णकार उपस्थित रहे।

## प्रधानाध्यापक विहीन मध्य विद्यालयों के बहुरेंगे दिन

### जिला संवर्ग के शिक्षकों के प्रोन्नति का मार्ग प्रशस्त ।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

ठाकुरगंज(किशनगंज) । जिला संवर्ग के उच्च योग्यताधारी जिनमें विभिन्न संकाय यथा कला, विज्ञान व वाणिज्य में स्नातक प्रशिक्षित एवं उत्तर स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक-शिक्षिकाओं का प्रोन्नति कतिपय तकनीकी खामियों और न्यायालय में लंबित वादों के कारण लंबित था। के के पाठक द्वारा शिक्षा विभाग,बिहार के अपर मुख्य सचिव का पदभार संभालने की तिथि से विभागीय स्तर के पदाधिकारियों को उनके वातानुकूलित कार्यालय कक्ष से बाहर बिहार के विभिन्न जिलों में भ्रमण कर प्रारंभिक विद्यालयों की भौतिक स्थिति का जायजा लेने और नियमित रूप से प्रतिवेदन उपलब्ध करवाने को निदेशित किया गया। इसके अलावे के के पाठक भी लगातार विभिन्न जिलों के विद्यालयों का स्वयं निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में विभाग को प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन से ज्ञात हुआ कि बड़ी संख्या में बिहार के मध्य और उत्क्रमित मध्य विद्यालयों में पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक का पद रिक्त है जिसकारण विद्यालयों में पदस्थापित शिक्षकों के मध्य समन्वय का घोर अभाव के संग अनुशासनहीनता से रु-ब-रु होना पड़ा । उक्त स्थिति से अवगत होने पर निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, बिहार ने अपने पत्रांक 1548 दिनांक 05 सितंबर 2023 के मार्फत सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को आदेश दिया है कि जिला संवर्ग के स्नातक प्रशिक्षित और उत्तर स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को उनके अपने ही वेतनमान में प्रोन्नति देते हुए प्रधानाध्यापक विहीन मध्य / उत्क्रमित मध्य विद्यालयों में पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक पद पर पदस्थापित करना सुनिश्चित किया जाय। गौरतलब बात यह है कि किशनगंज जिला के कई प्रारंभिक विद्यालयों में एक से अधिक जिला संवर्ग के शिक्षक-शिक्षिकायें पदस्थापित होकर कार्यरत हैं और प्रोन्नति की बाट जोह रहे हैं। निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, बिहार द्वारा जारी प्रोन्नति सम्बंधित नये मार्गदर्शिका से न केवल प्रोन्नति की बाट जोह रहे शिक्षक-शिक्षिकाओं का इंतजार समाप्त होगा बल्कि प्रधानाध्यापक विहीन मध्य / उत्क्रमित मध्य विद्यालयों को पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक मिल सकेंगे। हलांकि यह भी एक कड़वी हकीकत है कि जितनी बड़ी संख्या में पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक की जरूरत है उतनी संख्या में जिला संवर्ग के शिक्षकों की उपलब्धता नहीं है। उक्त स्थिति के बावजूद ठाकुरगंज प्रखंड के मध्य विद्यालय बेहबुलडांगी जैसे दर्जनों प्रधानाध्यापक विहीन विद्यालयों के पोषक क्षेत्रों के अभिभावकों द्वारा पूर्णकालिक प्रधानाध्यापक की पदस्थापना सम्बंधित लंबे अरसे से हो रही मांग पर विराम लग सकेगा। अब देखने की बात यह होगी कि जिला शिक्षा कार्यालय, किशनगंज द्वारा उक्त आदेश के अनुपालन में कितनी सक्रियता बरती जाती है। खबर प्रेषण की तिथि तक उक्त कार्यालय से अबतक विभिन्न प्रखंड के चिन्हित मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापक अथवा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से प्रोन्नति से वंचित जिला संवर्ग के शिक्षक-शिक्षिकाओं की सूची का मांग नहीं किया गया है।

## नबीनगर मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 7 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नगर पंचायत नबीनगर मे 6 सितंबर दिन बुधवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूम धाम से एवम हर्षोल्लास के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया ।मुख्य समारोह श्री विजय राघव मंदीर पुरानी ठाकुरबाड़ी शनीचर बाजार, शिव मंदिर प्रांगण मंगल बाजार, नई ठाकुरबाड़ी शनीचर बाजार मे आयोजन किया गया ।इस अवसर पर मंदिरों को फूलों से सजाया गया एवम रौशनी की उत्तम व्यवस्था की गई साथ ही मंदिरों मे विशेष पूजा अर्चना की गई ।मध्य रात्रि को जैसे ही घड़ी की सुइयां 12 बजी मंदिरों से घंटे की आवाज आने लगी शंखों की ध्वनियां गूंजने लगी। ब्राह्मणों द्वारा पूरे विधि विधान से श्री कृष्ण का जन्मोत्सव कराया जाने लगा ।शिव मंदिर प्रांगण मंगल बाजार और ठाकुरबाड़ी शनिचर बाजार मे लोगो की विशेष कर महिलाओं की काफी भीड़ थी ।पुजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई थी ।जन्माष्टमी पर्व को लेकर सुबह से ही बाजारों मे रौनक दिखी ।हालांकि शाम मे जोर की बारिश से सजावट करने का कार्य कुछ धीमा पड़ा लेकिन कुछ देर मे बारिश थमने के बाद लोगो को पर्व के प्रति उत्साह बढ़ता गया। हालाकि इस वर्ष जन्माष्टमी का पर्व दो दिन होने से नबीनगर के ग्रामीण क्षेत्रों मे गुरुवार को भी पर्व मनाए जाने की सूचना मिल रही है ।विदित है कि जन्माष्टमी का पर्व भादो मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र मे मनाया जाता हालाकि गुरुवार को भी दोपहर 4 बजे तक अष्टमी तिथि है ।शास्त्रीय मतों के अनुसार बुधवार को उपरोक्त तीनों मुहूर्त होने के वजह से बुधवार को बहुत जगहों पर जन्माष्टमी का त्योहार मनाया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर लोग काफी उत्साहित नजर आए विशेषकर छोटे छोटे बच्चों मे काफी उत्साह देखा गया ।इस अवसरपर घरो मे लोग अपने अपने बच्चो को राधा और कृष्ण की बाल रूप मे सजाते सवारते है जिससे बच्चे बहुत खुश नजर आते है और आनंदित होते है।



## देव पुलिस ने एक शराबी को भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता**

औरंगाबाद जिला के देव थाना के पुलिस ने एक शराबी को धर दबोचा है देव थाना प्रभारी राजगृह प्रसाद में बताया कि शराबी लोहड़ी रिकीयासन उम्र 55 वर्ष पिता जतन रिकीयासन ग्राम दधपा थाना देव जिला औरंगाबाद को ग्राम दधपा से शराब के नशे में हल्ला हंगामा करते हुए पकड़े जाने पर माननीय न्यायालय के न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।



## 29 वी वाहिनी एस एस बी कलापहाड़ और औरंगाबाद पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता**

दिनांक 07/09/23 को 29वी वाहिनी एसएसबी के कलापहाड़ कम्पनी कमांडर श्री रवि कुमार को मिली गुप्त सूचना के अनुसार एक स्पेशल टीम गठित करके माली थाना(औरंगाबाद) के साथ संयुक्त अभियान में ग्राम जनतुआ से एक क्रिमिनल सतेंद्र सिंह जो की कुटुंबा थाना अंतर्गत ग्राम चिरैयाताड़ का निवासी है , एक अवैध हथियार 12 बोर का देसी एक नाली बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के उपरांत यह बात सामने आई की बंदूक को किसी बड़े क्रिमिनल को बेचने की फिराक में लाया था और लेन देन की बात भी कबूला है। इस छापेमारी के बाद कोई बड़ी घटना घटने से टल गई है ।एस एस बी कलापहड़ और औरंगाबाद पुलिस के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। क्षेत्र में शांति बनाए रखने में एसएसबी कलापहाड द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है और उसी का यह सफल परिणाम है।



## डेंगू, मलेरिया से निपटने को नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग का रवैया उदासीन:-संतोष कुमार

**समाज जागरण कार्यालय प्रभारी आनंद कुमार**

भागलपुर (बिहार)जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की शहर में डेंगू, मलेरिया का कहर बढ़ता जा रहा है लेकिन नगर निगम अब भी लापरवाह बना हुआ है। शहर में ढंग से न तो सफाई हो रही न कीटनाशक व मच्छर मारने वाले फागिंग मशीन से धुंए का छिड़काव किया जा रहा है।

लगातार शहर में डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है. छोटे बच्चों से लेकर युवा,महिला,बुजुर्ग लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं.लेकिन अब तक शहर को इस समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है. शहर की जनता अब नगर निगम के कामों से त्रस्त हो गई है।

निगम प्रशासन ने अब तक डेंगू मच्छरों से बचने कोई ठोस उपाय नहीं किया है। इससे जाहिर होता है कि नगर प्रशासन डेंगू को लेकर कहीं से भी गंभीर नहीं है। आम जनता से कोई सरोकार नहीं है। डेंगू हर साल फैलता है लेकिन इस बार स्थिति भयावह है ।लेकिन बिहार सरकार सो रही है।

डेंगू लगातार शहर में मौत का तांडव कर रहा है।

उन्होंने कहा है की अगर जल्द सुधार नहीं हुआ तो भाजपा सड़क पर उतरने का काम करेगी।

## विद्यांजली 2.0 के जरिये दिखाया गया सपना टूटने की कगार पर

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

ठाकुरगंज (किशनगंज) .... शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए विद्यांजलि 2.0 पोर्टल का मुख्य उद्देश्य समुदाय और निजी क्षेत्र की भागीदारी की मदद से स्कूलों को सशक्त बनाना है। इच्छुक स्वयंसेवक इस पोर्टल के माध्यम से दो तरीकों से अपने स्कूलों से जुड़ सकते हैं। पहले तरीके के तहत, स्वयंसेवक सेवाओं के साथ-साथ स्कूल की गतिविधियों में भाग ले सकते हैं और दूसरे तरीके के तहत वे सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों में संपत्ति, सामग्री या उपकरण सहायता प्रदान करके स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत कर सकते हैं।

पोर्टल पर उपलब्ध सूचना के अनुसार इस पोर्टल पर पंजीकृत किसी भी सरकारी विद्यालय / सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय अपने वर्ग कक्षों से सम्बंधित निम्नलिखित सामग्रियों की सूची में से आवश्यक सामग्री की मांग कर सकेंगे :— व्हाइट / ग्रीन बोर्ड, टेबल, कुर्सी, बेंच-डेस्क , प्रयोगशाला उपकरण, डेस्कटॉप कंप्यूटर, लेड प्रोजेक्टर, स्मार्ट टी वी / लेड टी वी , लैपटॉप, यू पी एस, प्रिंटर्स, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं इससे सम्बंधित उपकरण, कंप्यूटर से सम्बंधित की-बोर्ड, माउस आदि उपकरण ।महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि बिहार के तमाम सरकारी / सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों का पंजीकरण शिक्षा विभाग, बिहार द्वारा विद्यांजली पोर्टल पर करवाया जा चुका है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए ठाकुरगंज प्रखंड में अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोथरा , पंचायत - कनकपुर द्वारा अपने आवश्यकतानुसार 30 बेंच - डेस्क सहित अन्य आवश्यक सहायता की मांग लगभग 01 माह पूर्व उक्त पोर्टल पर विधिवत किया गया जिसे जिला नोडल अधिकारी द्वारा बगैर किसी विलम्ब के अनुमोदित कर दिया गया। किन्तु दुःखद तथ्य यह है कि अबतक उक्त मांग की पूर्ति करने में इस पोर्टल पर पंजीकृत किसी भी दानदाता संस्था/कंपनी/सोसाइटी आदि द्वारा रुचि नहीं ली जा रही है जिस कारण इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बैठने के आवश्यक संसाधनों के घोर अभाव से जूझना पड़ रहा है। हलांकि जब मांग के अनुमोदित होने की सूचना इस विद्यालय के बच्चों और अभिभावकों को विद्यालय स्तर से दिया गया था तब सभी के चेहरे पर सुखद मुस्कान स्पष्ट रूप से दिखे थे। लेकिन लगभग 01 माह व्यतीत हो जाने के बावजूद मांगी गयी सामग्रियों का विद्यालय में अबतक नहीं पहुंचने से घोर निराशा दिखने लगी है। अभिभावकों में इस बात की चर्चा जोर-शोर से होने लगी है कि विद्यांजली पोर्टल 2.0 भी वर्तमान केंद्रीय सरकार का एक और जुमला ही साबित हो रहा है। सनद रहे कि जब से के के पाठक ने शिक्षा विभाग, बिहार के अपर मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण कर अपने चिरपरिचित अंदाज में काम करना आरंभ किया है तब से विद्यालयों में उमड़ते नामांकित बच्चों की उपस्थिति के अनुरुप उनके बैठने हेतु आवश्यक संसाधनों का घोर अभाव दिखने लगा है। ऐसे में देखना यह है कि आखिर कबतक विद्यांजली पोर्टल 2.0 उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोथरा, प्रखंड ठाकुरगंज के तरफ अपनी नजरें इनायत कर सकेगा अथवा वास्तव में इस केंद्र सरकार का एक नया जुमला ही साबित होगा।



## गया में घंटो बारिश होने से गयावासियों को उमस भरी गर्मी से मिली राहत .

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद संवाददाता मगध प्रमंडल।**

गया (बिहार) :- गया में घंटो बारिश होने से गया वासियों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है . वहीं दूसरी तरफ बारिश होने पर नाली की पानी सड़कों पर बह रहा है . कई स्थानों पर जल जमाव की स्थिति देखने को मिला है . ऐसे तो नगर निगम से लेकर जिला प्रशासन गया को स्वच्छ बनाने को लेकर हर संभव प्रयास में जुटे हैं . कई स्थानों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है . तो कई स्थानों पर लगी कचरा की ढेर को हटाने का कार्य जारी है . वही बारिश होने से किसान काफी राहत महसूस कर रहें है .

संवाददाता ने जब गया जंक्शन पर पहुंचकर लोगों की राय जानने का प्रयास किया . उसी क्रम में देखा कि बारिश की रफ्तार तेज होने के बावजूद भी जान को जोखिम में डालते हुए यात्री ट्रेन पकड़ने के लिए बेताब है. कई यात्री तो पैर फिसलने से प्लेटफार्म पर गिर पड़े. लोगों ने उसे उठाकर प्लेटफार्म पर बैठाया . ऐसे तो कई एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेन कई घंटो के विलंब से चल रही है . जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. संवाददाता यात्रियों से अपील करता है कि जान को जोखिम में डालकर यात्रा न करें . यात्रा के दौरान सावधानी रखें .



## बड़ा सिजुलता में धूमधाम से मनाया गया दही हांडी उत्सव।

**रविकांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड)07सितंबर2023: श्री कृष्ण जन्माष्ठमी के पावन अवसर पर गुरुवार को राजनगर के बड़ा सिजुलता गाँव मे दही हांडी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जहाँ गांव के बच्चे भगवान श्रीकृष्ण की वेश भूषा धारण किये थे ।वहीं सभी बाल कृष्ण के पीछे ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ गांव का भ्रमण करते हुए, हरिमंदिर के समीप पहुँचे, जहाँ 15 फीट ऊंची रस्सी के सहारे हांडी बांधी गई थी ।वहीं एक के ऊपर एक चढ़कर बाल कृष्ण द्वारा दही हांडी को फोड़ा गया ।वहीं दही हांडी उत्सव को लेकर गाँव मे उत्साह देखा गया।



**बता दें कि हिंदू कैलेंडर व पंचांग** के अनुसार, भाद्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। इसलिए हर साल इस दिन धूमधाम से भक्त श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाते हैं ।वहीं भाद्रपद की नवमी तिथि यानी जन्माष्टमी के अगले दिन दही हांडी का उत्सव मनाया जाता है ।इस साल जन्माष्टमी का पर्व 06 सितबर 2023 को मनाया गया है और आज यानी गुरुवार 07 सितंबर को देशभर में दही हांडी का उत्सव मनाया गया। क्योकि इस पर्व को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन मनाए जाने की परंपरा है।

## राजद अध्यक्ष जगदानंद सिंह के विवादित बयान तिलक लगाकर घूमने वालों ने भारत को गुलाम बनाया पर भाजपा हमलावर हो गई है।

**समाज जागरण विष्णु कुमार**

बिहार ,जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की हिंदू आस्था को गाली देना राजद-कांग्रेस के लिए धर्मनिरपेक्षता के बराबर है। तुष्टिकरण की राजनीति करना राष्ट्रीय जनता दल का शुरू से स्वभाव रहा है. यही कारण है कि अब आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष भी सनातन धर्म को लेकर इस तरह की बात बोलने लगे हैं. उन्होंने कहा कि इन लोगों का उद्देश्य सिर्फ एक है कि किस तरह से अल्पसंख्यक वोट को अपनी तरफ खींचा जाए. उस वोटर को खुश रखने के लिए ये लोग सनातन धर्म को भी गिरवी रखने पर तुले हुए हैं। भाजपा प्रवक्ता विनोद सिन्हा ने कहा की सनातन धर्म से घृणा करते हैं राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ! राजद को हिंदू धर्म से इतनी नफरत क्यों है? जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी ने कहा कि सनातन और हिन्दू समाज को गाली देना आजकल मतलब सेक्युलर समझा जाने लगा है। घमंडीया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कोई नई परंपरा नहीं है।

## बांका अमरपुर एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर भदरिया गांव के पंचायत समिति सदस्य के पुत्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**समाज जागरण सुमित कुमार**

बांका (बिहार) एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर भदरिया गांव के पंचायत समिति के पुत्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या मिली जानकारी के अनुसार मृतक बीएससी के छात्र थे छात्र ने पंखे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया मृतक भदरिया गांव के पंचायत समिति सदस्य मनोज शर्मा के छोटे पुत्र थे छात्र पीएनबी कॉलेज भागलपुर में पढ़ाई करता था छात्र बुधवार को घर आया और अपने परिजनों से कॉलेज से एडमिट कार्ड न मिलने की बात कही फिर रात को खाना पीना खाकर सोने चला गया आज सुबह देर तक उठा नहीं तो परिजनों ने दरवाजे खोल तो देख युवक पंखे से लटका हुआ था तब परियोजना द्वारा पुलिस को सूचना दी गई मौके पर दरोगा पवन कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु बांका भेज दिया गया घटना से परिजनों सहित गांव वालों की आंखें नम थी!

## पटमदा में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का जनता दरबार 9 को, कांग्रेस ने शुरू की तैयारी

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम के कांग्रेस विधायक बन्ना गुप्ता का जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन आगामी 9 सितंबर को पटमदा के लावा गांव स्थित निताई सिंह सामुदायिक भवन में होगा। इसकी जानकारी देते हुए कांग्रेस नेता मृत्युंजय महतो एवं बीस सूत्री सदस्य विश्वामित्र दास ने बताया कि शनिवार की दोपहर को 2 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। इसके लिए क्षेत्र में जल्द ही प्रचार वाहनों के माध्यम से ग्रामीणों को सूचित किया जाएगा। विश्वामित्र ने बताया कि पहली बार मंत्री का इस क्षेत्र में कार्यक्रम होने वाला है और ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु पहल होगी।



## माचा शिव मंदिर के सामने निकला 7 फीट का अजगर, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा प्रखंड की बिड़रा पंचायत के माचा गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में गुरुवार की दोपहर करीब 3 बजे 7 फीट का एक अजगर सांप निकलने के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

ग्रामीणों से इसकी सूचना मिलने पर बिड़रा पंचायत के उपमुखिया गोपाल गोराई ने वन विभाग से संपर्क किया।



इसके बाद शाम करीब 5 बजे प्रभारी वनपाल सुमित कुमार पाठक ने अजगर को रेस्क्यू करते हुए सुरक्षित जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। मौके पर उनके साथ वन विभाग से जुड़े कर्मचारी सागर मांडी भी मौजूद थे।

## भागलपुर में प्राइवेट क्लीनिक में मरीज के परिजनों को डॉक्टर ने पीटा, मोबाइल तक तोड़ डाला, पत्रकारों से भी की बदसलूकी

**समाज जागरण कार्यालय संवाददाता दिलीप कुमार साह**

भागलपुर( बिहार)जोकसर थाना क्षेत्र नवयुग विद्यालय रोड स्थित श्री नागेश्वर ऑर्थो & थर्मो अस्पताल में मरीज के साथ डॉक्टर ने गुंडागर्दी की। दरअसल बीते सात दिन पूर्व बेगूसराय से एक मरीज भागलपुर के श्री नागेश्वर ऑर्थो अस्पताल में भर्ती हुआ था। पैर में गंभीर चोटें लगी थी। डॉक्टर ने करीब चार दिन तक इलाज किया, लेकिन पैर में कोई सुधार नहीं हुआ, सातवें दिन डॉक्टर ने परिजनों से कहा कि पैर काटना पड़ेगा, नस कम नहीं कर रहा है, परिजन तैयार नहीं हुए, हालांकि परिजनों ने आरोप लगाया कि जबरदस्ती डॉक्टर ने पैर काटने को कह रहा था। परिजनों के तरफ से अस्पताल प्रबंधन को 60 हजार रूपए दे दिया गया था, पैर पूरी तरह ठीक हो जाने तक 125 हजार रुपए तक में बात हुई थी। लेकिन पैर काटने की स्थिति हो जाने के बाद परिजनों ने कहा कि ऐसा हम नहीं करेंगे।

## पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान, वसूलें हजारों रुपए जुमार्ना, जिससे वाहन चालकों में मचा हड़कंप

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा थाना व भानस ओपी पुलिस ने अपराध नियंत्रण और सड़कों पर यातायात नियमों के तहत सघन बाइक चेकिंग अभियान चलाया। जिसको लेकर क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर सघन बाइक चेकिंग अभियान चलाया। जहां करीब डेढ़ दर्जन वाहनों को पकड़ जुमार्ना लगाते हुए बिना मानक के वाहन चलाने वाले चालकों को सबक सिखाया तथा उन पर आर्थिक जुमार्ना लगाया गया।जानकारी के अनुसार दिनारा थाना व भानस ओपी पुलिस ने करीब डेढ़ दर्जन बाइक को पकड़ा। जिनके चालकों द्वारा बगैर मानक पूरा किये वाहन चलाया जा रहा था। किसी के पास हेलमेट नहीं तो किसी के पास डीएल नहीं था तो किसी के वाहन के कागजात पूरे नहीं थे। इस दौरान दिनारा थाना पुलिस ने आठ हजार तो वहीं भानस ओपी पुलिस ने पैंतालिस सौ रुपए इन वाहन चालकों से जुमार्ना वसूला गया। पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाने से दुपहिया वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। कई वाहन चालक पुलिस के अभियान को देख दूसरे रास्ते से निकल भागे जा रहे हैं। दिनारा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने कहा कि यह रूटिंग जांच है। अपराध नियंत्रण को लेकर अपराधियों पर विशेष नजर रखने के लिए सघन वाहन चेकिंग लगातार चलेगा।

## चेहल्लूम पर्व को लेकर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत नरवर में चेहल्लुम के शुभ अवसर पर जन्नत अंसारी ने फिता काटकर कार्यक्रम का शुरूआत किया। आयोजनकर्ता सगीर अंसारी ने अतिथियों को किया सम्मानित किया। उन्होने संबोधन में कहा कि हजरत इमाम हुसैन की शहादत वीरता की कहानी दुनिया भर में मशहूर है। मुस्लिम समुदाय के लोग इसको बढ़े प्रेम के साथ और सभी जातियों के लोग आपस में मिलकर इस त्योहार को मानते है। उत्तरप्रदेश के कलाकार ने प्राचीन युद्ध कला का प्रदर्शन किया। रेवतीपुर बनाम खदौली के बीच जबरदस्त मुकाबला



देखने को मिला जिसमें रेवतीपुर के टीम ने विजई हुई । खास बात यह रही कि इस प्राचीन कला को देखने के लिए सभी वर्गो के लोग घरों से बाहर निकल पड़े थे। युवाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया जिसे देखकर लोग दांतों तले अंगुली दबा लिए। विजेता एवं उपविजेता को शील्ड कप दिया गया। खिलाड़ियों को राहुल कुमार के द्वारा राशि देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि पैक्स प्रतिनिधि राहुल कुमार, पूर्वी जिला पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद पटेल, हरिहर सिंह, सचिव चंद्रिका सिंह ,उमाशंकर यादव ,सिपाही यादव , अमित कुमार,डॉ. सुनील कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## युवक-युवतियों को उद्योग लगाने के लिए सरकार 10 लाख रुपए देगी लोन

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,रोहतास ब्यूरो**

इंटर पास बेरोजगार युवक-युवतियों को उद्योग लगाने के लिए सरकार दस लाख रुपए लोन देगी। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत चयनित उद्यमियों को कुल लोन में से पांच लाख रुपए का अनुदान मिलेगा। योजना के तहत उद्योग लगाने के इच्छुक लोग 30 सितंबर तक उद्योग विभाग के वेबसाइट पर अपने कागजात के साथ ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला उद्योग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस बार जिले में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत उद्योग लगाने की कोई संख्या निर्धारित नहीं की गई है। आवेदन मिलने के बाद ज्यादा से ज्यादा बेरोजगार युवकों को योजना का लाभ देने की योजना है। वस्त्र निर्माण व लेदर प्रोडक्ट लगाने पर जोर जिला उद्योग विभाग के अनुसार मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से मुख्य रूप से वस्त्र निर्माण व लेदर प्रोडक्ट लगाने पर जोर है। इसके अलावे योजना में 51 प्रकार के उद्योग लगाने के लिए सरकार से स्वीकृति मिली है। इनमें रौलिंग शटर, स्टेबलाइजर, इन्वर्टर निर्माण, स्पोटर्स, हल्के वाहन के बॉडी निर्माण, हॉस्पिटल बेड, ढ़ाबा, फ्लैक्स प्रिंटर, बढ़ई गिरी, बांस का सामान, बीज प्रसंस्करण, बेकरी उत्पाद, बेडसीट निर्माण शामिल हैं। इसी तरह मखाना प्रोसेसिंग, मधु प्रसंस्करण, मसाला उत्पादन, मुर्गी दाना उत्पाद, तेल मिल, नोटबुक उत्पादन, पशु आहार, पावर लूम इकाई आदि शामिल है।

## खड़ी ऑटो ले भागे अज्ञात चोर, जांच में जूटी पुलिस


**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार ब्यूरो रोहतास**

रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटकी चेनारी गांव से सामुदायिक भवन के पास खड़ी एक ऑटो को अज्ञात चोर चुरा ले गए। ऑटो मालिक श्यामसुंदर राम ने इस घटना की सूचना स्थानीय थाना में दर्ज कराई है। पीड़ित श्यामसुंदर राम ने बताया कि बुधवार की देर रात चोरों ने इस चोरी की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन के तरह बुधवार को शाम में अपना टेंपू सामुदायिक भवन के बाहर खड़ा कर सोने चले गये। जब गुरुवार की सुबह देखा तो मेरा ऑटो वहां पर नहीं था।पीड़ित ने ऑटो के आस -पास काफी खोजबीन की लेकिन सफलता नहीं मिली। इस घटना को लेकर ऑटो मालिक ने स्थानीय थाना में आवदेन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है । पीड़ित ने कहा की ऑटो से ही घर का खर्च चलता था। अब परिवार के लिए भोजन जुटाना बहुत ही मुश्किल है। वही इस संबंध में अपर थाना प्रभारी संजय यादव ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होने कहा कि मामले की छानबीन कर शीघ्र ही ऑटो का पता लगा लिया जाएगा।

## श्रद्धा और भक्ति से मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**जयनगर नित्यानंद झा राजू 07 सितम्बर**

दुनिया को गीता का ज्ञान देने वाले विष्णु के अष्टम अवतार भगवान मुरलीधर कृष्ण की जयंती अनुमंडल मुख्यालय जयनगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दौरान व्रतियों ने एक दिन का व्रत रखा और राधाकृष्ण की पूजा अर्चना की। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर मन्दिरों एवं पण्डालों को सुरूचिपूर्ण ढंग से सजाया गया। पण्डालों में भगवान कृष्ण, राधा, नन्द, यशोदा, देवकी, वसुदेव आदि देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित कर पण्डितों के मंत्रोच्चारण के बीच विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। जयनगर प्रखंड के पड़वा हनुमान नगर स्थित श्रीकृष्ण कला मन्दिर के तत्वावधान में छः दिवसीय श्रीकृष्ण



जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान भव्य मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। जयनगर के राधाकृष्ण मन्दिर, दुल्लीपट्टी दुर्गा माता मन्दिर परिसर, ब्रम्ह बाबा स्थान, खैराटोल, बरही, देवधा, धमियांपट्टी, रजौली, बेला, कमलावाड़ी, बेलही समेत अनेक गांवों में विभिन्न स्थानों पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। अनेक स्थानों पर श्रीकृष्ण पूजा समिति द्वारा दहहांडी व मटकाफोर कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने की खबर है। विजयी गोविन्दाओं को समितियों एवं उत्साहवर्धकों द्वारा आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए गए। तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर हरिलीला से संबंधित गीत संगीत और श्रद्धालुओं के पूजा अर्चना से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## पुलिस ने 1276.155 लीटर शराब की बरामद; वाहन चालक भागने में रहें सफल

**समाज जगरण लालू कुमार यादव**

चकाई बुधवार की रात्रि को चकाई पुलिस ने सब्जी लदे वाहन से भारी मात्रा में अंग्रेजी ` शराब बरामदे की।वही इस संबंध में जानकारी देते हुए चकाई थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया की जमुई एसपी को सूचना मिली कि झारखंड के गिरिडीह सें चकाई के रास्ते तिरपाल सें ढका हुआ एक सब्जी लदे पिकअप वाहन पर शराब की खेप लेकर जमुई की और जाने वाली हैं।सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी झाझा के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल द्वारा उक्त सूचना के आलोक में चकाई चौक के पास वाहन चेकिंग प्रारंभ किया। वाहन चेकिंग के क्रम में सरौन की ओर से आ रही है तिरपाल से ढका हुआ एक पिकअप वाहन को पुलिस बल द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो पिकअप का चालक वाहन नहीं रोका एवं तेजी से वाहन को जमुई की तरफ लेकर भागने लगा। इसके बाद पुलिस दल द्वारा वाहन का पीछा किया गया तो मेहशापत्थर चेक पोस्ट के करीब 150 मी. के आगे उक्त



पिकअप का चालक वाहन को चलती अवस्था में छोड़कर वाहन से कूदकर भाग गया।उसके बाद पिकअप वाहन सड़क के किनारे गड्ढे में जाकर पलट गया। पलटे हुए पिकअप वाहन संख्या बीआर 06 जीएफ 2089 को जाकर देखा तो उक्त वाहन में सब्जी के अंदर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब रखा है। जिसमें काफी संख्या में शराब का कार्टून से शराब का बोतल टूटने से शराब नष्ट हो गया था एवं ऊपर रखा सब्जी भी बर्बाद हो गया था।वही वाहन का चालक अंधेरा का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा।पुलिस ने पिकअप वाहन सें अलग-अलग ब्रांड के 1276.155 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। जबकि 200-250 लीटर शराब बोतल फूटने से नष्ट हो गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन चालक, मालिक एवं अन्य के विरुद्ध चकाई थाना कांड संख्या 294/23 के तहत बिहार मधनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। वही छापेमारी दल में थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक मंटू कुमार, अखिलेश कुमार, नरेंद्र सिंह, अशोक कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

## मां दुर्गा मंदिर पोंगाढी.में न्यास समिति का हुआ गठन

**अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज के अध्यक्षता में 11 सदस्यीय कमिटी गठित**

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद् पटना के निर्देश पर रोहतास जिला अन्तर्गत दिनारा प्रखंड क्षेत्र स्थित मेदनीपुर पंचायत अंतर्गत प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां दुर्गा मंदिर पोंगाढी. में न्यास समिति का गठन किया गया है। ज्ञात हो कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषदीय आदेश दिनांक 24



जुलाई वर्ष 2023 द्वारा अनुमोदन के पश्चात बिहार हिंदु धार्मिक न्यास अधिनियम 2050 की धारा 32 के तहत श्री मां दुर्गा मंदिर के सुचारु प्रबंधन, संपत्तियों की सुरक्षा तथा सम्यक विकास के लिये 11 सदस्यीय एक न्यास समिति का गठन किया गया है। जहां समिति का पदेन अध्यक्ष अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज तथा उपाध्याय मेदनीपुर पंचायत के मुखिया रंजय कुमार सिंह को बनाया गया है। जबकि गांव चोरपोखर इंग्लिश निवासी राजवंश सिंह को सचिव व मेदनीपुर गांव निवासी बिनोद कुमार को सह सचिव तथा पोंगाढी. के यदुवंश मिश्र को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

## घर का ताला तोड़कर आधा दर्जन बकरियों को अज्ञात चोरों ने की चोरी

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह,कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार के रात्रि मे स्थानीय कोचस नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 से सासाराम - चौसा पथ के समीप एक पशुपालक के मकान से अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर आधा दर्जन बकरियों की चोरी कर ली है। पीड़ित पशुपालक कामाख्या बैठा कोचस नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन का निवासी है। बताया जाता है कि पशुपालक नित्य दिन की तरह बुधवार की संध्या मे मकान के एक कमरे में बकरियों को बंद कर बाहर से ताला जड़ दिया था। कई दिनों से घात लगाए बैठे अज्ञात चोरों ने मध्य रात्रि मे कमरे का ताला तोड़ आधा दर्जन बकरियों की चोरी कर ली ।



हालांकि इस मकान के अलावा पास के मकान में भी चोरों ने चोरी के नियत से प्रवेश करना चाहा, लेकिन घर के सदस्यों को जगे देख चोर भाग खड़े हुए। पीड़िता ने बताया कि बकरी के चोरी वाले मकान में कोई नहीं रहता था। जिसमें सुनसान देख चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। घटना को अंजाम दे चोरों के द्वारा बकरियो को चार चक्के वाहन से लेकर जाने की बात कही जा रही है। इस संदर्भ मे थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि पीड़िता के द्वारा अज्ञात के विरुद्ध थाने में आवेदन के माध्यम से प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। जिसमें पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर घटना स्थल का जायजा ले मामले की छानबीन कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

## मटका फोड़ प्रतियोगिता में हर्षोल्लास के साथ छोटे-छोटे बच्चों ने लिया भाग

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नगर परिषद बिक्रमगंज क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 21 में अवस्थित बुधवार की देर शाम कन्या प्राथमिक विद्यालय धारुपुर के प्रांगण में छोटे-छोटे बच्चों ने मटका फोड़ प्रतियोगिता में हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। मटका फोड़ प्रतियोगिता में दो टीमों ने भाग लिया।जिस कार्यक्रम में धारुपुर महाकाल ग्रुप की ओर से रौशन कुमार, गोलू, पियूष, कल्लू, संदीप, आयुष, प्रीतम, दीपू कुमार पांडेय तो वहीं दूसरी टीम बाल कला निकेतन धारुपुर काली स्थान की ओर से अमित कुमार, राज



तिवारी, संस्कार, आयुष सिंह, आशीष कुमार, आदित्य कुमार, आदर्श कुमार ने भाग लिया। दोनों टीमों ने मटका फोड़ने को लेकर काफी अथक प्रयास किया। लेकिन अंततोगत्वा महाकाल ग्रुप की टीम विजेता रहा जबकि आदर्श बाल कला निकेतन काली स्थान की टीम उपविजेता रहा। मटका फोड़ कार्यक्रम के दौरान उक्त स्थल पर हजारों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण लोगों ने बच्चों के हौसले को काफी सराहा। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों में राजनाथ यादव, अखिलेश सिंह, गुड्डू सिंह, अंशु सिंह, मनीष सिंह, विजय तिवारी सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पर्व

**दैनिक समाज जागरण साहिल राज,दावथ रोहतास**

रोहतास जिले के दावथ प्रखंड क्षेत्र के सभी मंदिरों में एवं घरों में भगवान बाल गोपाल श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राचीन ठाकुरबारी मंदिर, माँ असावरी मंदिर, बुढ़वा महादेव मंदिर, बभनौल, उसरी, कोआथ, डेढ़गांव ,योगिनी, सेमरी,जमसोना सहित सभी गांव में भगवान बाल कृष्ण के जन्मोत्सव पर भक्तिमय माहौल बना रहा। वही प्राचीन पंचमंदिर



(ठाकुरबाडी ) में सुबह से ही भक्तों की तांता लगा रहा । शाम होते ही भक्तो का हूजूम भीड़ में तब्दील हो गया। पंच मंदिर के नौजवानों के द्वारा जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर मटका फोड़ का आयोजन किया गया। जिसमें पुरुष भक्तों के साथ-साथ महिलाओं की भारी भीड़ देखा गया। भगवान बाल गोपाल श्री कृष्ण के जयकारों से पूरा पंचमंदिर गूंज उठा। उसके बाद लोगों द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा।भगवान श्रीकृष्ण बाल गोपाल का ठीक मध्य रात्रि में जन्म के समय भक्तों के द्वारा आरती पूजन किया गया।

## पुलिस की अनियंत्रित गश्ती वाहन की चपेट में आने से एक महिला श्रद्धालु समेत तीन घायल

**जयनगर नित्यानंद झा राजू 07 सितम्बर**

जयनगरे स्टेशन रोड में जयनगर थाना पुलिस की अनियंत्रित गश्ती वाहन की चपेट में आने से एक महिला श्रद्धालु समेत तीन लोग घायले हो गये।घटना बुधवारे रात की है। घटना स्थल पर मौजूद उप मुख्यपार्षद प्रतिनिधि अरविंद तिवारी ने बताया कि कृष्ण जन्मोत्सवे देखने के लिए आए थे। रात्रि लगभग 1:30 बजे जयनगर थाना पुलिस की गश्ती वाहन अनियंत्रित होने से एक महिला श्रद्धालु समेत तीन लोग घायल हो गये।घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती किया गया। जिसमें एक महिला का स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया गया। घायल श्रद्धालु पति-पत्नी की पहचान बस्ती पंचायत के राजपुताना मुहल्ला निवासी 25 वर्षीय रंजू देवी व उसके पति 28



वर्षीय विजय पासवाने एवं वार्ड नंबर 5 सरकारी बस स्टैंड निवासी 26 वर्षीय बबलू कुमार पिता प्रदीप साह एवं अररिया संग्राम गांव निवासी 26 वर्षीय गुड्डे शामिल हैं। इस बाबत पुछने पर जयनगर थानाध्यक्ष प्रशिक्षु डीएसपी आशुतोष रंजन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुँच घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया औरे गंभीर जख्मी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मधुबनी पहुंचाने में मदद की। उन्होंने कहा कि गंभीर रूप से जख्मी महिला की हालत खतरे से बाहर है। थानाध्यक्ष जयनगर ने कहा कि पुलिस की सहयोगात्मक कार्यशैली से घायलों के परिजन संतुष्ट हैं।

## राधाकृष्ण वेश परिसज्जा प्रदर्शनी आयोजित

**जयनगर नित्यानंद झा राजू 07 सितम्बर**

जयनगर प्रखंड के दुल्लीपट्टी गाँव स्थित ब्रह्म स्थान में ब्रह्म बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में एवं ग्रामीणों के सहयोग से विगत 31 वर्षों से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन होता आ रहा है। यहाँ मटकाफोर कार्यक्रम का भी आयोजन होता आ रहा है लेकिन आयोजकों ने इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राधाकृष्ण परिधान प्रदर्शनी का आयोजन किया। भक्ति और आकर्षण से भरे कार्यक्रम देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु ब्रह्म स्थान पहुँच पूण्य के भागी बने। श्रद्धालुओं को राधाकृष्ण की 25 युगल जोड़ियों के एक साथ दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्रद्धालुओं ने राधा कृष्ण बने बच्चों के बीच टाफी, बिस्किट, खिलौने आदि वस्तुएँ अर्पित की। श्री ब्रह्म बाबा सेवा समिति व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा समिति के अध्यक्ष निरंजन झा उर्फ धीरज सिंह, नीरज झा, संतोष सिंह भाटिया, ललन सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक राजकुमार झा, मनीष सिंह, रंजीत सिंह, सुरेन्द्र झा, विवेक झा,



सोनबाबू की अगुआई में आयोजित राधा कृष्ण परिधान प्रदर्शनी के अवसर पर अवकाश प्राप्त सैनिक भोगेन्द्र सिंह, ब्रह्म बाबा सेवा समिति के सचिव विकास झा, दीपक सिंह, आलोक झा, सोनू सिंह, अमर सिंह,महंत संजय सिंह, समिति के सदस्य गण व बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर नारी उपस्थित थे।

## एक देशी कट्टा व तीन जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत अरूही टोला गांव में बुधवार की देर शाम एक देशी कट्टा व तीन जिंदा कारतूस के साथ एक को गिरफ्तार किया गया। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुन्देश्वर कुमार दास ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अरूही टोला से एक व्यक्ती को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिला की अरूही टोला गांव में एक व्यक्ति हथियार के साथ गांव में लोगो के साथ गाली-गलौज कर रहा है। जिस संदर्भ में गांव में



छापेमारी की गई। पुलिस मौके पर पहुँची तो देखा कि एक व्यक्ती गांव के मुख्य सड़क पर खड़ा था ,पुलिस ने उसकी जांच की तो उसके कमर में एक अवैध देशी कट्टा व तीन कारतूस बरामद किया गया। व्यक्ती कि पहचान जनार्दन चौधरी पिता स्व. उदा चौधरी के रूप में की गई। गिरफ्तार व्यक्ति के उपर पुलिस आर्म्स एक्ट के तहत अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

## सहायक थाना को स्थापित करने हेतू स्थल का हुआ निरीक्षण , पदाधिकारी रहे मौजूद

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत सहायक ओपी सीढी. को लेकर ग्रामीणों के मांग व करगहर थाना के ग्रामीण क्षेत्रफल कि दुरी को देखते हुए वरीय पुलिस पदाधिकारी के आदेश पर करगहर के सीढ़ी सहायक थाना को पुनः स्थापित करने को लेकर वरीय पुलिस पदाधिकारी सीढी. गांव पहुँचकर स्थल का निरीक्षण किया गया । जहाँ सीढ़ी गांव से दक्षिण की ओर पहले बनी निमार्णाधीन सरकारी भवन में करगहर के सहायक थाना सीढ़ी को पुनः स्थापित करने को लेकर जगह का



निरीक्षण किया गया। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर देवानन्द शर्मा, करगहर थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार दास, वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र सिंह, पूर्व पैक्स प्रत्याशी तेजू पाठक, सरपंच प्रतिनिधी राजेन्द्र कहार, डा० रविन्द्र सिंह, प्रदूमन सिंह, डा०प्रिंस सिंह, त्रिमे सिंह, मुनेश्वर राय, भुअर दुबे, पत्रकार राजकुमार सिंह, अजीत सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## चोरी के बाइक के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार व्यूरो रोहतास**

रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के सहायक ओपी बड्डी पुलिस ने क्षेत्र के रायपुर चोर पेट्रोल पंप के समीप से एक चोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए ओपीध्यक्ष विश्वजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक लड़का चोरी के बाइक लेकर रायपुर चोर बाजार में घूम रहा है। सूचना प्राप्त होते ही इस मामलें को संज्ञान में लेते हुए अपराधकर्मी के त्वरित गिरफ्तारी एवं मोटरसाइकिल बरामदगी के लिए उक्त स्थान पर छापेमारी किया गया। इस दौरान चोरी के मोटरसाइकिल के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान रायपुर चोर निवासी सोनू कुमार पिता शोभा चौधरी के रूप में किया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि पूछ -ताछ करने के क्रम में उसने चोरी की बात स्वीकार किया, कि यह मोटर साइकिल भी चोरी की है। पुलिस ने उक्त युवक विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## पोक्सो एक्ट के वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे,दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के दिनारा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के बेलहन गांव से पोक्सो एक्ट के वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि बेलहन गांव निवासी मदन साह के पुत्र पेटा साह उर्फ रंजन उर्फ राजकुमार साह को माननीय डी०जे०7 के दिए आदेश के तहत कानूनी प्रक्रिया के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

## संत श्री नामदेव जी महाराज के जन्मदिवस पर किया गया वृक्षारोपण

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

अंतर्राष्ट्रीय विहंगम योग प्रचारक प्रधान उपदेष्टा पूज्य संत श्री नामदेव जी महाराज के जन्मदिवस के पावन अवसर पर बिक्रमगंज सदाफल देव आश्रम पर वृक्षारोपण किया गया।वृक्षारोपण के उपरांत सभी लोगों ने पूज्य संत श्री नामदेव जी महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। साथ ही साथ उनके द्वारा बताए गए दिशा-निर्देश पर चलने



को कहा गया। सभी वक्ताओं ने बारी-बारी से उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर सियाराम, रामधनी, लालचंद, राम पुकार, साधु जी, रूबी, विमला, कलावती, विंध्याचली, उषा, शारदा सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

## पालीगंज में अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई मौत

**समाज जागरण संवाददाताः- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ बुधवार की देर रात थाना क्षेत्र के भेरडिया इंग्लिश गांव के पास एनएच 139 मुख्य सड़क पर अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गय जानकारी के अनुसार पालीगंज थाना क्षेत्र के भेडरिया इंग्लिश गांव से बाहर ब्रह्स्थान के पास बुधवार की रात कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां से भेडरिया इंग्लिश गांव निवासी बिनोद चौधरी के 16 वर्षीय पुत्र टुनटुन कुमार अपने दो दोस्तों के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर रात्रि लगभग दो बजे घर लौट रहा था। जैसे ही वह एनएच 139



मुख्य सड़क पर पहुंचा की वहां से गुजर रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा। इस हादसे में बाइक सवार टुनटुन कुमार की मौत घटनास्थल पर हो गई।व्ही दोनों दोस्त बाल बाल बच गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों व परिजनों की भीड़ जुट गई। वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। वही घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पालीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। जहां से कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमण्डल अस्पताल भेज दिया ज्ञात हो कि मृतक तीन भाई था। वही मृतक डेकोरेशन का काम करता था जो जन्माष्टमी की रात कार्यक्रम में चल रहे अपने डेकोरेशन के पास से ही घर लौट रहा था।

# स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के पैरों में जूतेझ्र चप्पल पहनाकर चरण पादुका योजना का किया शुभारंभ

रायसेन। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा गुरुवार को रायसेन जिले में लघु वनोपज सहकारी समिति खरबई, नकतरा, देवनगर तथा गैरतगंज से मुख्यमंत्री चरण पादुका योजनाझ्र2023 का शुभारंभ किया । आयोजित कार्यक्रमों में स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी द्वारा योजना के तहत तेंदूपत्ता संग्राहकों के पैरों में जूते-चप्पल पहनाते हुए सामग्री वितरित की गई। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने उपस्थित तेंदूपत्ता संग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि 'मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना' के माध्यम से तेंदूपत्ता संग्राहक बहनों-भाइयों को साड़ी, जूते, पानी की कुप्पी और छाता प्रदान किया जा रहा है, जिससे इनका जीवन सरल होगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर तेंदूपत्ता संग्राहक भाई बहन तेंदूपत्ता इकट्ठा करने के लिए जंगलों में नंगे पाव चले जाते हैं। जिसकी



वजह से उनके पैरों में कांटे चुभने एवं छाले पड़ने सहित अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना शुरू की गई है। वन मंडल अधिकारी सामान्य विजय कुमार ने बताया कि वन मंडल रायसेन अंतर्गत कुल 39610 परिवार तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य करते हैं जिनके लिए शासन द्वारा निर्धारित कुल संग्रहको को ड्ड200 प्रति छाते के मान से रुपए संग्रहको के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर कर दिए गए हैं। प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को एक जोड़ी जूता, एक जोड़ी चप्पल, एक पानी की बोतल और परिवार की प्रत्येक महिला सदस्यों को साड़ी वितरित की जा रही है। इसके लिए जिला यूनियन रायसेन से 39610 पानी की बोतल, इतनी संख्या में जूते एवं चप्पल तथा 49950 साड़ियां वितरित की जाने का लक्ष्य है। जिले में इसका औपचारिक शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी द्वारा जिला यूनियन रायसेन के अंतर्गत खरवई समिति से किया गया है। खरबई, नकतरा, देवनगर तथा गैरतगंज चारों स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में 2000 से ज्यादा संग्राहको ने भागीदारी की। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सभा स्थल से ही सदस्यों के पैरों में जूते- चप्पल पहनाकर इस योजना को फलीभूत किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, समिति के अंतर्गत आने वाली सभी पंचायत के सरपंच, उपवन मंडल अधिकारी रायसेन सुधीर पटले, वन परिक्षेत्र अधिकारी रायसेन प्रवेश पाटीदार, वन परिक्षेत्र अधिकारी गढ़ी धीरेंद्र पांडे सहित समस्त वन कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्री कृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें अपना जीवन परिवर्तन करना है- ब्रह्माकुमारी

रायसेन। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मंसापूर्ण हनुमान मंदिर के पास स्थित सेवा केंद्र द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी सुंदर प्रस्तुति दी एवं कन्हैया को यशोदा के सिर पर बिठाकर उनकी सुंदर झांकी निकाली गई जिसमें रेखा दीदी ने सभी को कृष्ण की महिमा करते हुए बताया कि आज भी जन्माष्टमी के दिन भारत की माताएं पालकी में श्री कृष्ण की किशोरावस्था की मूर्तियां या किसी चेतन्य रूप में बालक को लेटाकर पालने में झूलते हैं क्योंकि श्री कृष्णा संपूर्ण निर्विकार 16 कला संपूर्ण रहे हैं यह सत्य है कि जिन व्यक्तियों की जयंती मनाई जाती है वह 16 कला संपूर्ण नहीं थे केवल श्री कृष्ण ही 16 कला संपूर्ण हुए हैं श्री कृष्ण में शारीरिक, आरोग्यता और सुंदरता की



आत्मिक बल और पवित्रता की दिव्यता की अत्यंत पराकाष्ठा भी थी मनुष्य आत्माओं में जो सर्वोत्तम जन्म हो सकता है वह श्री कृष्ण का था अन्य कोई व्यक्ति शारीरिक आत्मिक दोनों दृष्टिकोण से इतना सुंदर आकर्षक प्रभावशाली और प्रतिभावान नहीं हुआ सतयुग से लेकर कलयुग के अंत तक कोई भी इतना महान ना हुआ है ना हो सकता है श्री कृष्ण का व्यक्तित्व कितना महान और आकर्षक था यदि आज भी वे इस पृथ्वी पर कुछ देर के लिए प्रकट हो जाए तो यह हिंदू क्या, मुस्लिम क्या, ईसाई क्या, यहूदी सभी उनके सामने नतमस्तक हो जाएंगे और मुंह धोकर उनकी छवि निहारने खड़े रहेंगे। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज लोग जन्माष्टमी का उत्सव मनाते हैं तो उन्हें इस और भी ध्यान देना चाहिए कि श्री कृष्ण ने गीता ज्ञान तथा राजयोग के अभ्यास द्वारा ही यह श्रेष्ठ पद प्राप्त किया था परंतु आज लोग श्री कृष्ण का गायन पूजन तो करते हैं और उनकी महिमा तथा महानता का बखान करते हैं परंतु जिस सर्वोत्तम पुरुषार्थ द्वारा उन्होंने वह महानता प्राप्त की थी और पदम तुल्य जीवन बनाया था उस पुरुषार्थ पर अथवा ज्ञान योग रूपी साधना पर भी ध्यान नहीं देते यह भी नहीं सोचते कि श्री कृष्ण हमारे मानपूर्वक थे। हमारा कर्तव्य है की हम उनके उच्च जीवन से प्रेरणा लेकर अपना जीवन भी वैसा कुछ बनाने का यथार्थ पुरुषार्थ करें। अधिक संख्या में माता बहनों ने कार्यक्रम का लाभ लिया।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर हुई झमाझम बारिश, किसानों के मुरझाए चेहरे खुशी से खिले, धान फसल को मिला अभय दान

रायसेन। क्षेत्र में लंबे समय से बारिश नहीं होने के कारण खरीफ की धान फसलों को भारी मात्रा में नुकसान पहुंच रहा था जिससे अन्नदाता किसान भी आसमान की ओर देख रहे थे परंतु बारिश नहीं हो रही थी परंतु भगवान श्री कृष्ण की कृपा से इंद्रदेव ने आखिरकार बारिश करना शुरू कर दिया क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश के कारण बर्बाद हो रही धान की फसलों को अभयदान मिल गया है वहीं किसानों के चेहरों पर खुशी का वातावरण देखा जा रहा है क्षेत्र के किसानों का कहना है कि अभी दो-तीन दिन से क्षेत्र में हो रही बारिश से काफी हद तक खरीफ की फसलों को फायदा पहुंच रहा है उनका



कहना है कि भले ही देर से बारिश हुई परंतु धान की फसल को लाभदायक सिद्ध हो रही है श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भी शाम के समय अचानक झमाझम बारिश होने के कारण मौसम में भी ठंडक आ गई और फसलों को भी काफी हद तक फायदा पहुंचा है। ज्ञातव हो की बारिश नहीं होने के कारण अन्नदाता किस तरह-तरह के उपाय बारिश होने के लिए कर रहे थे कई जतन करने के बावजूद लंबे समय तक क्षेत्र में बारिश नहीं हुई परंतु देखते ही देखते इस कृष्ण पक्ष में भगवान श्री कृष्ण ने क्षेत्र में अच्छी बारिश करना शुरू कर दिया इस क्षेत्र के अन्नदाता किसान भगवान श्री कृष्णा और भोलेनाथ एवं इंद्रदेव की विशेष कृपा मानकर चल रहे हैं बारिश होने के कारण हजारों अन्नदाता किसानों ने खुशी जाहिर करते हुए परमपिता परमेश्वर की कृपा माना है। इस समय रायसेन जिले भर में हजारों हेक्टेयर में खरीफ की धान फसल लगाई गई है जिसे बारिश के पानी की अति आवश्यकता महसूस की जा रही थी जो कि वर्तमान में झमाझम बारिश होने के कारण पूरी हो गई है इससे जिले भर के किसान खुश नजर आ रहे हैं।

# ग्राम पंचायत भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई तो सरपंच पति सचिव ने आरटीआई कार्यकर्ता से की मारपीट

रायसेन। जिले के विकासखंड गैरतगंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मुड़िया खेड़ा में जब गांव के एक आरटीआई कार्यकर्ता ने ग्राम पंचायत सचिव से पंचायत क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों के मामले में आरटीआई लगाकर जानकारी मांगी तो गुस्साए पंचायत सचिव ने जानकारी न देते हुए उल्टे आरटीआई कार्यकर्ता के साथ मारपीट कर दी। उक्त मामले की रिपोर्ट अनिल कुमार लोधी द्वारा गैरतगंज पुलिस थाने में कर दी गई है पुलिस ने सचिव के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । इधर आरटीआई कार्यकर्ता अनिल कुमार लोधी मुड़िया खेड़ा गांव के लोगों के साथ जिला मुख्यालय आया और यहां कलेक्ट्रेट



कार्यालय पहुंचकर मुड़िया खेड़ा की सरपंच एवं उनके पति सचिव सीताराम एवं उनके पुत्र के खिलाफ शिकायत आवेदन के माध्यम से की गई है, जिसमें कहा गया है कि ग्राम पंचायत मुड़िया खेड़ा क्षेत्र में निर्माण कार्यों में भारी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं आरटीआई कार्यकर्ता अनिल कुमार लोधी ने बताया कि मुड़िया खेड़ा ग्राम पंचायत के सचिव सीताराम की पत्नी वहां ग्राम सरपंच है उनके द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है, आंगनवाड़ी भवन निर्माण सीसी रोड निर्माण आवास निर्माण और अन्य कई काम है जो पंचायत क्षेत्र में चल रहे हैं वह पूरे नहीं किए गए हैं और ग्राम सचिव द्वारा और रोजगार सहायक के साथ मिलकर राशि निकाल ली गई है, जिसकी शिकायत करने हम रायसेन आए हैं उन्होंने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला प्रशासन के अधिकारियों से ग्राम पंचायत मुड़िया खेड़ा में हुए भ्रष्टाचार की जांच करते हुए संबंधित पर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीण अपने हाथों में तख्ती लेकर आए थे जिन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते हुए नारेबाजी की इसके पश्चात जिला पंचायत एवं प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सोपा।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर शहर में निकली नंद गोपाल की विशाल शोभायात्रा, पुष्प वर्षा कर जगह जगह हुआ स्वागत।

रायसेन। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय रायसेन सहित जिले भर में भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा धूमधाम के साथ सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में धर्म प्रेमियों ने भगवान श्री कृष्ण की सुंदर झांकी के दर्शन लाभ लिए। रायसेन मैं रामलीला मैदान स्थित भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर से यादव समाज द्वारा विशेष पूजा अर्चना आरती के पश्चात भगवान श्री कृष्ण की सुंदर झांकी सजाकर शोभायात्रा निकाली गई जो रामलीला मैदान से माता मगर चौराहा होते हुए



मढ़ई पुरा, तिपट्टा बाजार, राम जानकी मंदिर, पुराना थाना कोतवाली होते हुए भोपाल मार्ग से होकर भोपाल सागर तिराहा पर सनातन धर्म प्रेमियों ने जमकर फूल बरसाए और गुलाल बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। इसके पश्चात शोभायात्रा रामलीला गेट के सामने से महामाया चौक पहुंची जहां हिंदू उत्सव समिति के कार्यकर्ताओं ने फूल बसाकर स्वागत किया माता मंदिर चौराहा पर धर्म प्रेमियों द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत किया गया शोभा यात्रा मैं बडी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी शामिल हुए एवं भगवान की कृष्ण के जयकारे लगाते हुए जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी, जय जय कार करते हुए धर्मप्रेमी शोभायात्रा में उत्साह के साथ चल रहे थे। शोभा यात्रा का समापन श्री राधा कृष्ण मंदिर रामलीला मैदान पर किया गया। वहीं दूसरी ओर सभी मंदिर स्थलों पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में भजन कीर्तन के भव्य आयोजन रात्रि के दौरान किए गए एवं सनातन धर्म प्रेमियों ने भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम एवं उत्साह के वातावरण में मनाया।

# भगवान श्री कृष्ण की शोभा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब,भक्तों ने लगाए जय श्री कृष्ण के जयकारे

रायसेन।जिले के ओवेदुल्लागंज में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया, भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के पुनीत पर्व को मनाने के लिए 27 वर्ष पहले ओबेदुल्लागंज क्षेत्र के यादव,अहीर,गवली समाज के लोगो ने क्षेत्रीय यादव समाज समिति के नाम से खिल्लिखेड़ा और बिसनखेड़ा ग्राम के बीच भव्य शोभा यात्रा का



शुभारम्भ किया था जो सतत 27 वर्षो से लगातार चल रहा है इस वर्ष भी श्री कृष्ण शोभा यात्रा में जन सैलाब उमड़ा भक्ति संगीत के साथ डी जे की धुन पर झूमते गाते युवा गोप गोपियों की भाँति नाचते गाते बिसनखेड़ा से निकल कर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए खिल्लिखेड़ा यात्रा पहुँची जहाँ भगवान की आरती प्रसादी वितरण के बाद यात्रा का समापन होगा । पूरी शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में जनमानस सम्मलित हुआ साथ ही राधा कृष्ण के स्वरूप में नृत्य करते कलाकार और भोले नाथ के दीवाने डमरू ताशे और ढोल के साथ झूमते आकर्षण का केंद्र रहे भक्तिमय माहौल में बड़ी ही धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गई ।

# कानपुर में धूमधाम से जन्मोत्सव पर राधा कृष्ण के बाल रूप में भी सजे - धजे रहे बच्चे

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां प्रदेश के इस संवेदनशील महानगर में कल की तरह आज गुरुवार को भी धूमधाम से जन्माष्टमी मनाई गई। कल बुधवार को भी जहां मंदिरों में भगवान कृष्ण का जन्मदिन मनाया गया। यहां धूमधाम से मनाए गए योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी पर छोटे-छोटे बच्चे भी भगवान श्री कृष्ण और उनकी प्रेयसी राधा जी के रूप में सजे-धजे नजर आए। वहीं शहर के विभिन्न इलाकों गोविंद नगर नौबस्ता चकेरी, नजीराबाद, फूलबाग, माल रोड रतनलाल नगर, बर्रा यशोदा नगर, पनकी ,रावतपुर ,कल्याणपुर ,हरबंस मोहाल ,स्वरूप नगर और रतन लाल नगर, गुजैनी में भी समीक्षा रुची मनोहर राज मिश्रा की बेटी नंदिनी मीठी , समक्ष नंदन मिश्रा और नेहा



अनुराग के बेटे देवांश बाजपेई राघव आदि बच्चे भी भगवान श्री कृष्ण और राधा जी के बाल रूप में नजर आए। इस बीच मंदिरों में भी भगवान राधा श्री कृष्ण के दर्शन के लिए भारी भीड़ उम्र की नजर आई ,जिसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा की व्यवस्था भी की गई थी। सबसे ज्यादा भीड़ बिठूर के इस्कॉन मंदिर में नजर आई। इसी तरह से अन्य मंदिरों में भी काफी भीड़ रही ,जहां भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्साव मनाने के बाद लोगों को प्रसाद का भी वितरण किया गया। साथ ही सभी पुलिस थानों गोविंद नगर, नौबस्ता, बर्रा , किदवई नगर ,बाबू पुरवा जूही, पुलिस चौकी , इंडस्ट्रियल एरिया पनकी , कोहना , कल्याणपुर ,काका देव, स्वरूप नगर ,छावनी, कलेक्टरगंज ,रेल बाजार और पुलिस लाइन में भी हर साल की तरह इस बार भी जन्माष्टमी बड़ी धूमधाम से मनाई गई, जिसमें पुलिस कमिश्नर के साथ पुलिस विभाग के अन्य सभी अधिकारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर भजन कीर्तन के साथ अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया और पुलिस थानों और दुल्हन की तरह सजे उनके मंदिरों में प्रभारी निरीक्षकों ने विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद प्रसाद वितरण भी करवाया। इसी क्रम में महराजपुर, नर्वल ,सचेंडी, बिधनू, घाटमपुर, सजेती, ककवन, बिल्हौर, शिवरापुर, चौबेपुर आदि भी योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने में पीछे नहीं रहे।

# शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, इसलिए स्कूल चले हम- जायसवाल

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तूरी। शिक्षा के द्वार से ही खुलते हैं संसार के सारे रहस्य। आइये पढ़ें, आगे बढ़ें और सूर्य की तरह चमकें। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, इसलिए स्कूल चले हम। यह उद्गार मुख्य अतिथि की आसंदी से संकुल केंद्र लिमतरा के शैक्षिक समन्वयक अरुण जायसवाल ने व्यक्त किया। शासकीय प्राथमिक शाला कर्रा में आयोजित शिक्षक दिवस कार्यक्रम में सर्वप्रथम माँ



सरस्वती की पूजा अर्चना कर कक्षा 5 वीं की छात्राओं द्वारा राज्यगीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान लिमतरा के संकुल समन्वयक समन्वयक अरुण जायसवाल का प्राथमिक शाला कर्रा के प्रधान पाठक व शिक्षकों द्वारा सम्मान किया गया। तत्पश्चात समन्वयक द्वारा डॉ राधा कृष्णन जी जयंती व शिक्षा दिवस पर प्रकाश डाला। प्रधानपाठक श्रीमती ममता देवांगन द्वारा बच्चों को घर पर माँ की शिक्षा का महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक दीपक साहू ने किया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधियो व शाला के शिक्षक शिक्षिकायें राम खिलावन तम्बोली, रमेंद्र देवांगन, जीना नेताम, मंजुला पाटले, लक्ष्मी राठौर उपस्थित थे।

# कलेक्टर और एसपी ने स्ट्रांग रूम और मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने दिए निर्देश

**समाज जागरण ब्यूरो**

बिलासपुर ।आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से बुधवार को स्ट्रांग रूम और शहर स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सीएमडी कॉलेज में बनाए गए मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।उन्होंने मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके तत्पश्चात कलेक्टर और एसपी ने



स्ट्रांग रूम की तैयारियों के लिए कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का बारीकी से निरीक्षण किया । उन्होंने स्ट्रांग रूम में आवश्यक व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने मतगणना स्थल, राजनैतिक दलों के लिए आवागमन, आगमन बहिर्गमन, बैरिकेटिंग, पार्किंग, पेयजल, शौचालय आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, बिलासपुर एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# लिंक भेजकर खाता से लाखों रुपए पार करने वाले झारखण्ड निवासी शातिर आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(08 सितम्बर )ऑनलाइन धोखाधड़ी जिले में दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं जहाँ लाखों रुपए पलक झपकते ही शातिर बदमाश पार कर देते हैं जो ज्यादातर झारखण्ड निवासी बताये जा रहें हैं। अभी हाल ही में वॉट्सऐप पर लिंक भेजकर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले झारखण्ड निवासी शातिर आरोपी को वारासिवनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल गर्रा निवासी बटालियन में पदस्थ एक आरक्षक ने मार्च माह में वारासिवनी पुलिस थाने में वॉट्सऐप पर लिंक भेजकर धोखादड़ी की शिकायत की थी। पीड़ित ने कहा था कि उसके बैंक अकाउंट से 2 लाख से अधिक राशि निकाल ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बटालियन में पदस्थ आरक्षक भूपेंद्र कुमार बिसेन ने मार्च महीने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा कि



अज्ञात व्यक्ति ने वॉट्सऐप मैसेज भेजा कि उनकी सिम बंद होने वाली है। लिंक को ओपन कर ओटीपी नंबर डालने को कहा। जैसे ही पीड़ित ने ओटीपी नंबर डाला, कुछ ही देर बाद उसके अकाउंट से 2 लाख 12 हजार रुपए गायब हो गए। इसके बाद पीड़ित ने इसकी शिकायत वारासिवनी थाने में दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले की जांच कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी शुरू की। इस मामले में स्थानीय पुलिस ने साइबर सेल की भी मदद ली। लगभग 5 माह की मेहनत के बाद आखिरकार पुलिस ने शातिर बदमाश प्रद्युम्न पिता कार्तिक मंडल उम्र 22 वर्ष निवासी रामपुरा जिला जामताड़ झारखंड को गिरफ्तार कर लिया गया हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी बड़ी ही चालाकी से जियो सिम धारकों को वॉट्सऐप में लिंक भेजकर ओटीपी नंबर डालने को कहते थे। ओटीपी नंबर डलते ही कुछ ही मिनटों मे अकाउंट में रखी राशि को बड़ी ही चालाकी से अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लेते थे। बताया जा रहा है कि आरोपी प्रद्युम्न मंडल के खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों में लगभग 30 से अधिक मामले दर्ज है। फिलहाल वो रीवा जेल में बंद था। जिसे वारासिवनी पुलिस ने गिरफ्तार कर वारासिवनी में मामला कायम कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। अनजान लिंक को न करें टच प्रशासन बार बार अपील करती हैं कि किसी अनजान को अपने बैंक का की जानकारी न दें और न ही किसी लिंक को खोले। छोटी छोटी सी बातों को ध्यान में रखकर अपनी गाढ़ी कमाई को बचाया जा सकता हैं।

# दही हांडी लूटने के लिए युवाओं की टोली ने फोड़ी मटकी, कई स्थानों पर किया गया था आयोजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(08 सितम्बर )भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव उपरांत नगर सहित जिले भर में मटकी फोड़ का आयोजन किया गया जिसमे युवाओं की टोली ने हिस्सा लेकर दही हांडी लूटने का प्रयास किया जिसमे विजयी टीम को पुरुस्कार देकर मनोबल को बढ़ाया गया।कृष्ण जन्माष्टमी की काफी धूम रही। श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर सभी भक्तजन कृष्णभक्ति में तल्लीन होकर नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हरे कृष्ण राधे-राधे की गूंज से सारा वातावरण भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। कृष्णाजन्मष्टमी के अवसर पर नगर में मटकी फोड़ उत्सव की शुरूआत की गई और जय जवान जय किसान सेवा समिति के तत्वावधान में मटकी फोड़



कार्यक्रम की शुरूआत जय हिंद टाकीज परिसर से की गई। जहां गोविंदा आला रे समेत अन्य गानों की धुन पर गोविंदाओं ने मटकी को फोड़ा तो, वहीं लोगों ने मटकी फोड़ को रोकने के लिए पानी और कलर की बौछार की। लेकिन गोविंदाओं ने हौंसला और तकनीकि से पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ी। नगर के नावेल्टी हाउस रोड, हनुमान चौक, कहारी मोहल्ला, काली पुतली चौक, नगर पालिका परिसर समेत अन्य स्थानों पर बांधी गई मटकी को गोविंदाओं की टोली ने मटकी फोड़ी।जय जवान जय किसान समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 36 वर्षो से जय जवान-जय किसान द्वारा नगर में बांधी जाने वाली मटकी फोड़ की परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है।जिसमें स्थानीय जनता भी बड़ी संख्या में शामिल होकर कृष्ण जन्मष्टमी पर मटकी फोड़ कार्यक्रम का आनंद लेते हुए युवाओं का मनोबल बढ़ाते नजर आये।

# जो बहने रक्षाबंधन पर भाइयों को राखी नहीं बांध सकी उन्होंने कृष्ण जन्माष्टमी पर बांधे रक्षा सूत्र

रायसेन। जिले भर में कई स्थानों पर जो बहने किसी कारणवश रक्षाबंधन के अवसर पर अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए नहीं आ पाई थी उन्होंने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर अपने भाइयों के घर पहुंच कर रक्षा सूत्र बांधे एवं आशीर्वाद देते हुए सुख समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की । यह परंपरा प्राचीन काल से ही चली



जा रही है कि किसी कारण बस बहन अपने भाई को रक्षाबंधन के मौके पर राखी नहीं बांध पाए तो श्री कृष्ण जन्माष्टमी तक ऐसी बहन है राखी बांध सकती हैं, इसी को देखते हुए जहां श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार उत्साह के साथ मनाया गया वही इस मौके पर ऐसी कई बहनों ने अपने भाइयों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

# होटल और ढाबों में की गई छापामार कार्यवाही,घरेलू गैस का उपयोग करने पर 08 सिलेंडर जप्त

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(08 सितम्बर )जिले के ज्यादातर होटल एवं ढाबो में घरेलु सिलेंडर का उपयोग कर होटल एवं ढाबा संचालक नियम को ताक पर रखकर इस्तेमाल करते देखे गए हैं जो सीधे प्रशासन के आदेश का मखौल उडाने जैसा हैं। ऐसे ही होटलों एवं ढाबो पर कार्यवाही करते हुए अनुविभागीय अधिकारी सुश्री कामिनी ठाकुर के नेतृत्व में एसडीओपी वारासिवनी चौधरी, नायब तहसीलदार गीता रहांगडाले एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार की टीम द्वारा वारासिवनी स्थित होटलों, रेस्टोरेंट एवं ढाबों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । जिसमें लालबर्रा रोड स्थित शिवसांई ढाबे पर शराब के 12 बाटल व पाउच पाये जाने पर पुलिस विभाग द्वारा शराब जब्त कर कार्यवाही की गयी है। वारासिवनी बस स्टैंड स्थित सत्कार होटल, पलक रेस्टॉरेंट, रामबन्धु भोजनालय में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने पर 08 गैस सिलेंडरों को जब्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण तैयार किया गया है।

# विद्यार्थी के भविष्य के निर्माण में उसकी मां के अलावा सब से महत्वपूर्ण योगदान एक शिक्षक का-डाक्टर मसूद अहमद

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के ताज पब्लिक स्कूल, ताजपुर में शिक्षक दिवस धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर रियाजुद्दीन अंसारी ने शिक्षकों को बधाई देते हुए शिक्षकों के कर्तव्य को दुहराते हुए पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का संक्षिप्त जीवन परिचय देते हुए कहा कि एक साधारण परिवार में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने शिक्षक का सर्वोच्च पद ग्रहण किया और अपनी कर्तव्य और निष्ठा के बल पर देश का सर्वोच्च पद भी ग्रहण किया। आज के शिक्षक के सामने बच्चों को शिक्षा देना एक चुनौती है जिसे हर शिक्षक को पूरा करना है। शिक्षक कभी अपने को हीन न समझें क्योंकि वह देश के भविष्य निमार्ता हैं और देश के भविष्य को तैयार करने की जिम्मेदारी उन के कंधों पर है। और उनके इस योगदान को पूरे जीवन भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने एक श्लोक का अनुवाद करते हुए बताया कि एक शिष्य अपने गुरु द्वारा पढ़ाए गए एक एक शब्द का ऋणी होता है जिसे वह सम्पूर्ण जीवन में वापस नहीं कर सकता। विद्यालय के डायरेक्टर डा० मसूद अहमद ने बच्चों द्वारा अपने जन्मदिन की बधाई को धन्यवाद के साथ स्वीकार करते हुए कहा कि उनका सौभाग्य है कि वह देश की महान शख्सियत के जन्मदिन के दिन पैदा हुए। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी के भविष्य के निर्माण में विद्यार्थी की मां के अलावा सब से महत्वपूर्ण योगदान एक शिक्षक का होता है जो बच्चों को सही ज्ञान और दिशा देते हैं। एक शिक्षक अपने विद्यार्थी को न सिर्फ. शिक्षा देता है बल्कि सही दिशा भी देता है जिस से कि वह भविष्य को सुनहरा बना सके। शिक्षक सीढ़ी के समान होता है जो अपनी जगह रहते हुए दूसरों को ऊपर की तरफ चढ़ने में मदद करते हैं। हर विद्यार्थी के जीवन में कोई शिक्षक होता है जो उस के भविष्य को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक शिक्षक को सब से अधिक प्रशंशा तब होती है जब वह अपने विद्यार्थी को कामयाब देखता है। बच्चों ने सभी शिक्षक के सम्मान में अपनी कक्षाओं की सजावट की और कई प्रकार के उपहार दिए। सभी शिक्षकों को विद्यालय के डायरेक्टर डा० मसूद अहमद द्वारा भी शुभकामनाओं के साथ उपहार दिया गया।




# मुख्य अतिथि सीएमओ द्वारा श्रवण कुमार द्विवेदी महेश कुमार पाण्डेय इंटर कालेज में आयोजित मासिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

उरई(जालौन)।श्रवण कुमार द्विवेदी महेश कुमार पाण्डेय इंटर कालेज हुसेपुरा सुरई के परिसर में आयोजित मासिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम समारोह में मुख्य अतिथि डॉ नरेन्द्र देव शर्मा , मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद जालौन ने कहा कि प्रतियोगिताएं बच्चों के बौद्धिक विकास में महती भूमिका निभातीं हैं। सकारात्मक सोच ही सफलता दिलाती है, सभी छात्र छात्र-छात्राओं से अपील है सही सोच रखिए, स्वच्छ रहिए, स्वस्थ रहिए और खूब पढ़ो उन्नति करो। श्रवण कुमार द्विवेदी महेश कुमार पाण्डेय इंटर कालेज हुसेपुरा सुरई में आयोजित मासिक सामान्य ज्ञान प्रति योगिता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ मंचस्थ मुख्य अतिथियों द्वारा सर्ब प्रथम मां वीणा पाणि का पूजन किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया एवं प्रभारी प्रधानाचार्य शिवकुमार द्वारा अतिथियों का अभिनंदन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित समाजसेवी अतिथि भीम सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सामान्य ज्ञान जैसी प्रतियोगिताएं बच्चों का ज्ञान बर्धन करती हैं। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन एक सार्थक पहल है। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद जालौन ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रतियोगिताएं बच्चों में बौद्धिक विकास बढ़ाती हैं तथा लक्ष्य युक्त जीवन का मार्ग प्रशस्त करती हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में पुरस्कृत बच्चों को बधाई दी। समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार डा.महेश पाण्डेय बजरंग ने कहा कि विद्यालय में प्रतिमाह सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन एक सकारात्मक सोचका प्रकटन है।कहा जाता है कि सोच बदलते ही दुनिया बदल जाती है।ऐसी सोच संस्था के छात्रों में भविष्य निर्माण में सक्रिय भूमिका निभायेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता डा.भगवान दास त्रिपाठी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में संस्कारों की कमी आई है।कहा सभी बच्चों संस्कारवान बनना एवं बनाना होगा।इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी के रूप में उत्कृष्ट भाव पूर्ण नृत्य नाटिका तथा देश भक्ति से संबंधित,संदेशे आते हैं,गीतकी प्रस्तुति अतिथियों के समक्ष की गई।जिसे खूब सराहा गया। मुख्य अतिथि द्वारा नाटक प्रस्तुत कर रही छात्राओं लाली सेंगर, जान्हवी चतुर्वेदी, खुशी दुवे,अनामिका, अंजलि को टिफिन तथा राशि देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर कार्य क्रम के अध्यक्ष डॉ भगवान दास त्रिपाठी द्वारा विद्यालय परिवार के शिक्षकों तथा अन्य का माल्यार्पण करके सम्मानित किया गया। डॉ धर्मेंद्र, प्रभारीचिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौद की उपस्थिति ने भी बच्चों का मनोवल बढ़ाया।इसके उपरांत प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को मंचस्थ अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।चार छात्र और छात्राओं को प्रथम श्रेणी में पुरस्कृत किया गया।कक्षा 9 में अभिनय कक्षा 10 में मोनू कक्षा 11मे जयप्रताप कक्षा 12 दीक्षा के साथ ही कक्षा 9से12मे द्वितीय श्रेणी में8छात्र, छात्राओं तथा तृतीय श्रेणी में 16छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ महेश पाण्डेय बजरंग ने किया। कार्यक्रम में अशोक तिवारी, अमित दीक्षित, विश्व जीत ,प्रदीप, मोहित राजनारायण सोनम प्रतीक्षा, बजरंग सिंह मामा सुरेन्द्र, हीरा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति,अभिभावक उपस्थित रहे।



# डालिम्स सनबीम स्कूल में मना भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन की जयंती

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के गांधीनगर स्थित सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त डालिम्स सनबीम स्कूल के प्रांगण में भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन जयंती पर भव्य शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आगाज विद्यालय के निदेशक हर्ष राय के द्वारा, दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ प्रेरणा राय , कोआर्डिनेटर अमित रॉय , नरेंद्र राय, प्रतिमा तिवारी आदि वरीय शिक्षक उपस्थित थे। इस क्रम भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर तिलक-चंदन तथा माल्यार्पण किया गया। शिक्षक दिवस समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी रंगा-रंग प्रस्तुतियों से भव्यता प्रदान कर दर्शकों को मुग्ध कर दिया। इस सफल कार्यक्रमों को शानदार और बेहतर बनाने में बच्चों का योगदान सराहनीय रहा। अंत में प्रधानाचार्या डॉ प्रेरणा राय ने कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कार्यक्रम की समापन की घोषणा की।



# माधौगण के खंड विकास अधिकारी रमेश शर्मा को फसाने का रचा जा रहा है षड्यंत्र,

माधौगण जालौन, विकासखंड माधौगढ़ में तैनात खंड विकास अधिकारी रमेश शर्मा अपनी साफ सुथरी छवि के लिए जाने जाते हैं खंड विकास अधिकारी के द्वारा ग्राम पंचायतो में लगातार गौशालाओं की चेकिंग व विकास कार्यों की चेकिंग किए जाने से विकासखंड में हड़कंप मचा हुआ है जिसमें कुछ नंबर दो के पत्रकार अपनी ठेकेदारी जमाने के चक्कर में खंड विकास अधिकारी रमेश शर्मा को किसी षड्यंत्र में फसाने व दबाव बनाकर अपनी ठेकेदारी चमकाने के चक्कर में कुछ दलाल टाइप के पत्रकार झूठी खबर फैलाने में लगे हुए हैं इस संबंध में विकासखंड की ग्राम पंचायतो का दौरा करके जानकारी की गई तो प्रधानों ने बताया की खंड विकास अधिकारी रमेश शर्मा एक सुलझे हुए इंसान है वह चाहते हैं कि शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्य कराए जाएं व सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जाए जिसमें कुछ नंबर दो के पत्रकार खंड विकास अधिकारी से अपनी ठेकेदारी चमकाने के चक्कर में षड्यंत्र रचते रहते हैं जबकि खंड विकास अधिकारी रमेश शर्मा का कहना है की बिना कार्य कराएं किसी भी ठेकेदार का पेमेंट नही किया जाएगा और ना ही किसी प्रधान का, जबकि कुछ पत्रकार अपनी ठेकेदारी जमाने के चक्कर में खंड विकास अधिकारी को परेशान किए हुए हैं



# वामा सारथी उ.प्र.पुलिस फैलिमी वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर फैन्सी ड्रेस एवं पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को किया गया प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार सम्मानित

उरई(जालौन)।वामा सारथी उ0प्र0 पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस लाइन्स उरई जनपद जालौन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर फैन्सी ड्रेस एवं पेन्टिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया ।उक्त प्रतियोगिता में वामा सारथी अध्यक्षा श्रीमती कल्याणी वर्मा द्वारा प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरूस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनको उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी गयी । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पुलिस परिवार के बच्चे निम्नलिखित है।पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चे तान्या चौधरी पुत्री श्री पारस नाथ चौधरी (पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम), समृद्धि पुत्री श्री संदीप कुमार (पेन्टिंग प्रतियोगिता में द्वितीय),सृष्टि पुत्री श्रीमती प्रीती कश्यप (पेन्टिंग प्रतियोगिता में तृतीय),एंजल पुत्री श्री आशुतोष कुमार,प्रिंस राज पुत्र श्री अश्वनी कुमार,अनम पुत्र श्री चार्ली राजा,अंशिका चौधरी पुत्री श्री कृष्ण पाल सिंह,माही शर्मा पुत्री श्री नरेन्द्र शर्मा,अपूर्वा शर्मा पुत्री श्री अरविन्द शर्मा,तेजश यादव पुत्र श्री करन सिंह,अदिती पुत्री श्री सतेन्द्र सिंह,विराट पुत्र श्री पारस नाथ चौधरी प्रतिसार निरीक्षक,जानवी पुत्री श्री सुनील कुमार,हर्ष यादव पुत्र श्री पंकज कुमार,इनाया पुत्री श्री अमित कुमार,राधिका पुत्री श्री अंजेश कुमार,भूमी कश्यप पुत्री श्रीमती प्रीती कश्यप,सूर्या यादव पुत्र श्री अंजेश कुमार,शोर्य पुत्र श्री रोहित कुमार,अभय प्रताप पुत्र श्री सत्येन्द्र कुमार आदि शामिल रहे। फैन्सी ड्रेस कम्पटीशन (राधा-कृष्ण की वेश-भूषा) में प्रतिभाग करने वाले बच्चे कशिश पुत्री श्री अरूण कश्यप (राधा-कृष्ण की वेश-भूषा फैन्सी ड्रेस कम्पटीशन-प्रथम स्थान),अंशिका चौधरी पुत्री श्री कृष्ण पाल सिंह (राधा-कृष्ण की वेश-भूषा फैन्सी ड्रेस कम्पटीशन-द्वितीय स्थान),आरव पुत्री श्री अरूण कश्यप (राधा-कृष्ण की वेश-भूषा फैन्सी ड्रेस कम्पटीशन-तृतीय स्थान),अभय प्रताप पुत्र श्री सत्येन्द्र सिंह (राधा-कृष्ण की वेश-भूषा फैन्सी ड्रेस कम्पटीशन-तृतीय स्थान),जानवी पुत्री श्री सुनील कुमार,अदिती पुत्री श्री सतेन्द्र सिंह,माही शर्मा पुत्री श्री शर्मा,अपूर्वा शर्मा पुत्री श्री अरविन्द शर्मा,अनम पुत्र श्री चार्ली राजा आदि शामिल रहे।




# अपराधियों पर कसा जाएगा शिकंजा उनका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे, समीर सिंह

**संवाददाता मोनू शर्मा,**

माधौगण जालौन, जालौन पुलिस अधीक्षक डॉ ईराज राजा द्वारा जनपद में सभी थानों में आदेश दिए गए कि सुरक्षा के मद्देनजर समय-समय पर पैदल मार्च कर लोगों को एहसास दिलाएं कि वह सुरक्षित हैं एवं अपराधियों को एहसास दिलाएं उनके लिए हम कितने घातक हैं क्योंकि पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए गए ऑपरेशन लंगड़ा व ऑपरेशन पाताल ने अपराधियों की कमर तोड़ रखी है। जिससे सभी अपराधी अपराध करने से कतरा रहे है। इसी सुरक्षा के मद्देनजर माधौगण कोतबाल समीर सिंह ने पुलिस बल के साथ माधौगण कस्वा में पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया एवं अपराधियों, संदिग्ध वाहन, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर सघन चेकिंग अभियान चलाया तथा माधौगण कोतबाल समीर सिंह ने आम जनमानस से अपील की कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है या अपराधी किस्म का व्यक्ति नजर आता है तो उसकी सूचना तुरंत ही पुलिस को दें जिससे अपराध होने से पहले ही उसे पकड़ा जा सके। माधौगण कोतबाल समीर सिंह पुलिस विभाग में अपनी साफ-सुथरी छवि रखने वाले कोतबालो में आते हैं जिन्हें कुछ दिन पूर्व जालौन पुलिस अधीक्षक इराज राजा ने माधौगण कोतवाली का कारभार सोपा है माधौगण कोतवाल समीर सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया की शासन की मंशा के अनुरूप अपराधियों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा उनका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे होगा



# एएनएम के टीका लगाने के बाद डेढ़ माह के मासूम की मौत, परिजनों ने काटा बवाल

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : कोतवाली क्षेत्र के बिद्याभवन नरायनपुर में एएनम द्वारा टीका लगाने के बाद हुई डेढ़ माह के मासूम की मौत को लेकर गुरुवार को परिजनों ने स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर बालक का शव रख जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि एक साथ चार सुई लगाने के कारण उनके बालक की मौत हुई है। गांव के ही नागेंद्र राजभर के डेढ़ माह के नवजात बालक को बुधवार को गांव की आशा बहु के कहने पर परिजन नरायनपुर स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर ले गये थे। जहां उसे एएनम द्वारा टीके के चार डोज लगाये गये। परिजनों के अनुसार बच्चे के दोनों बाहों और दोनों जांघो में कुल चार इंजेक्शन लगाये गये। इसके बाद से ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। इस बाबत जब परिजनों ने स्थानीय आशा बहु से संपर्क किया तो उनका कहना था कि टीका लगने के बाद बच्चों को थोड़ी परेशानी बुखार दस्त आदि हो जाती है। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। इसके बाद परिजन आश्वस्त हो गये और धीरे धीरे बच्चे की हालत खराब होती गयी और देर रात उसकी मौत हो गयी। इसके साथ ही मृत बच्चे के एक वर्ष के चचेरे भाई रोहन पुत्र भोला जिसे उस बच्चे के साथ ही आयु अनुसार कोई टीका लगाया गया था। उसकी भी तबियत खराब हो गयी। जिसके बाद आक्रोशित परिजन व ग्रामीण मृत बालक का शव लेकर स्वास्थ्य केंद्र पर पंहुचे और वहां हंगामा करने लगे। धीरे धीरे काफी संख्या में ग्रामीण वहां एकत्र होने लगे और बवाल बढ़ता देख किसी ने पुलिस को इसकी सूचना दी। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में ताला बंद रहा। सूचना पाकर मौके पर पंहुचे कोतवाल योगेंद्र सिंह ने विरोध कर रहे लोगों को समझाया तो मृतक का पिता ने अपने बच्चे के शव को हाथ में लेकर कोतवाल को पूरी बात बताई। जिसके बाद इंस्पेक्टर द्वारा मामले में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया और मृत बच्चे के शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। पुलिस के आश्वासन पर आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ वापस लौट गयी। इस संबंध में इंस्पेक्टर योगेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट हो जायेगा। इसके बाद प्रकरण में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी



# न्यायालय में फर्जी तरीके से सरकारी नौकरी पाने वाला गिरफ्तार

**-पुलिस को सफलता**

**-फर्जी दस्तावेजों के आधार पर किसी और से परीक्षा दिलाकर पायी थी नौकरी**

**-न्यायालय के पोर्टल पर अभ्यर्थी के फोटो में पायी गयी भिन्नता, मिलान नहीं**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : न्यायालय में फर्जी णरीके से दस्तावेज प्रस्तुत कर दूसरे को परीक्षा में बैठाकर न्यायालय में सरकारी नौकरी पाने वाले एक अभियुक्त को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया। केन्द्रीय नाजिर सिविल कोर्ट की तहरीर पर कार्रवाई हुई। विनोद कुमार गुप्ता केन्द्रीय नाजिर, सिविल कोर्ट द्वारा लिखित शिकायती पत्र दिया गया था। हाईकोर्ट ने समूह घ के 31 कर्मी नियुक्त कर इस जनपद को इस आशय से भेजे गये थे कि उनकी पहचान व दस्तावेज का सत्यापन कर नियुक्ति प्राधिकारी जिला जज नियुक्ति पत्र जारी करें। इसी क्रम में एक अभ्यर्थी महेन्द्र कुमार मौर्य, अनुक्रमांक सं - 85463031, पुत्र-राम दुलार मौर्या निवासी ग्राम निवासी एतमादपुर उर्फ मिश्रापुर थाना फुलपुर जनपद प्रयागराज को नियुक्ति पत्र जारी किया गया। इस अभ्यर्थी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में प्रस्तुत की। सलेक्टिंग एथारिटी ने इस बिन्दु पर अभ्यर्थियों का आकस्मिक परीक्षण किया गया कि क्या नियुक्त अभ्यर्थी ही कार्यरत हैं ? इस प्रकरण में अभ्यर्थी महेन्द्र कुमार मौर्या पुत्र राम दुलार मौर्या निवासी ग्राम निवासी एतमादपुर उर्फ मिश्रापुर थाना फुलपुर जनपद प्रयागराज के पत्रावली में फोटो का मिलान वास्तविक रूप से उपस्थित महेन्द्र कुमार मौर्या से प्रथम द्दष्टया नही हो रहा है। अतः प्रकरण नियुक्त व्यक्ति के स्थान पर अन्य व्यक्ति के द्वारा सरकारी सेवा में कार्यरत होने का है व परीक्षा में प्रतिरूपण का मामला अन्तर्वलित है। महेन्द्र कुमार मौर्या का फोटो व उच्च न्यायालय के पोर्टल पर उपलब्ध फोटो में भी भिन्नता पायी गयी। एक अभ्यर्थी के स्थान पर दुसरे व्यक्ति से धोखा धड़ी कर परीक्षा दिलाकर नौकरी प्राप्त करने के लिए उपस्थित होने के स्पष्ट होने पर उपरोक्त व्यक्ति के विरूद्ध थाना कोतवाली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत करते अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा गया




# जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय ने भी लिया क्षय रोगियों को गोद

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : क्षय रोग मुक्त उत्तर प्रदेश अभियान के अंतर्गत जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन व शैक्षणिक निदेशिका डॉ.पुष्पा मिश्रा के निदेर्शानुसार विश्वविद्यालय के समाजकार्य विभाग के द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से टीबी मरीजों को गोद लेने का निश्चय किया गया था। इसी क्रम में बेरुआरबारी ब्लॉक के अपायल गांव में दो क्षय रोगियों को गोद लिया गया। बेरुआरबारी ब्लॉक के चिकित्सक डॉ.अजय प्रताप (एसटीएस), अपायल के हेल्थ वेलनेस सेंटर की डॉ. रेनू गुप्ता (कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर) की उपस्थिति में डॉ. प्रियंका सिंह, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र और डॉ. नीरज सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग द्वारा एक-एक क्षय रोगियों को गोद लिया गया। इनके द्वारा क्षय रोगी को 'पोषण पोटली' प्रदान की गई जिसमें प्रोटीन युक्त खाद्य सामग्री थी। इस अवसर पर समाज कार्य विभाग के सहायक आचार्य डॉ. संजीव कुमार व आकांक्षा सिंह (एएनएम), उर्मिला (आशा), निर्मला (आंगनबाड़ीकार्यकत्री) , समाज कार्य विभाग के प्रदीप गुप्ता, शिप्रा श्रीवास्तव, तेजस्वी सिंह, गौरव राय एव सोनी यादव उपस्थित रहे।



# तालिबानी सोच है वन नेशन वन इलेक्शन का फामूर्ला : कान्हजी

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर जिले के सपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार पांडेय कान्हजी ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि यह शिगूफा मोदी सरकार की तालिबानी सोच का परिचायक है। सपा के जिला उपाध्यक्ष सुशील पांडेय 'कान्हजी' ने कहा कि विपक्षी गठबंधन से भयभीत भाजपा सत्ता बचाने के लिए देश को रसातल में ले जाने पर उतारू है। एक देश एक चुनाव से राज्य सरकारें निरंकुश हो जायेंगी। लोकहित की जगह दलहित एवं शीर्ष नेतृत्व के चरण बंदगी पर ध्यान दिया जाने लगेगा। जिससे लोकतंत्र का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। कहा कि आम आदमी की सरकारों में हिस्सेदारी कम हो जायेगी। कान्हजी ने कहा कि भाजपा धीरे-धीरे भारतीय लोकतंत्र को घुन की तरह खाने का प्रयास कर रही है। एक देश एक चुनाव के जरिए बहुदलीय व्यवस्था को समाप्त कर चीन की तरह आजीवन सत्ता पर काबिज रहने का ख्वाब भाजपा का वर्तमान शीर्ष नेतृत्व देख रहा है। जिसे हिंदुस्तान की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती है यहां की बहुदलीय व्यवस्था। कान्हजी ने स्पष्ट किया कि देश के विभिन्न क्षेत्रों के छोटे-छोटे दल अपने स्थानीय क्षेत्र के विकास, सामाजिक उत्थान एवं जनभावनाओं के अनुसार काम कर रहे हैं। जिनकी वजह से भाजपा की दाल देश के कई इलाकों में नहीं गल रही। इसीलिए यह गैर लोकतांत्रिक कानून केंद्र सरकार लाने का विचार कर रही है। पार्टी के उपाध्यक्ष के साथ-साथ जिला प्रवक्ता का भी दायित्व निभा रहे सुशील पाण्डेय "कान्हजी" ने कहा कि समय-समय पर भाजपा और आरएसएस के वरिष्ठ नेता संविधान के समीक्षा की बात उठाते रहे हैं। उसी की एक कड़ी यह कानून है। देश के संविधान से अधिक भगवा ब्रिगेड को नागपुर का संविधान प्यारा है। लेकिन 2024 लोकसभा के आम चुनाव में संविधान को कमजोर करने वाली इन नफरती ताकतों को जनता नकार कर संविधान को अवश्य मजबूती प्रदान करेंगी।



# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सेविकाओं ने निकाली जनजागरूकता रैली

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : पोषण माह के अंतर्गत स्थानीय विकास खण्ड प्रांगड़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सेविकाओं द्वारा जनजागरुकता रैली निकाली गई। ब्लॉक प्रमुख अतुल प्रताप सिंह ब बीडीओ अतुल कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। वहीं डवाकरा हाल में एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए बीडीओ अतुल कुमार ने बताया कि पोषण माह पखवाड़े के तहत गृह भ्रमण के माध्यम से गर्भवती, धात्री माताओं को प्रसव के एक घण्टे के भीतर स्तनपान एवं लागतार छः माह तक शिशु को स्तनपान कराने के महत्व को बताना है। कहा कि फल, सब्जी एवं उपलब्ध खाद्य पदार्थों के इस्तेमाल एवं पूरक आहार के लिए प्रोत्साहित किया जाए व कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण उपचार केंद्र भेजना और परिवार को परामर्श दिया जाना है। ब्लाक प्रमुख अतुल प्रताप सिंह ने कहा कि इस दौरान सामुदायिक गतिविधि, गोद भराई, अन्नप्राशन के माध्यम से पोषण के महत्व को बढ़ावा देना है। मोटे अनाज को अपनाने, साफ सफाई, पकवान प्रदर्शनी, पोषण वाटिका अपनाने पर इस माह के दौरान जागरूकता कार्यक्रम किया जाना है। इस दौरान प्रभारी सीडीपीओ कांति श्रीवास्तव, अर्चना राय, विनय चौरसिया, राजकुमारी पांडेय, गीता, अमित सिंह, नन्द कुमारी, विमला, रेहाना, कृष्णा, स्नेहलता, रंभा, उषा, मीना, रीना आदि उपस्थित रहे। संचालन मोहन सिंह ने किया।



# हर दिल ध्यान, हर दिन ध्यान, हर घर ध्यान के उद्देश्य का चार गांवों में आगाज

**-हृदयग्राम योजना**

**-ग्राम पंचायत गंगापुर, सवरुबांध, गंगहरा और नंदपुर में तीनदिनी ध्यान शिविर शुरू**

**-हार्टफुलनेस संस्थान का लोगों को तनाव मुक्त और स्वस्थ करने का है संकल्प**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : आर्थिक युग में अत्यधिक भागदौड़ के कारण तनाव से ग्रसित और बीमार लोगों को तनावमुक्त और स्वस्थ करने का संकल्प हार्टफुलनेस संस्थान ने किया है। इसके लिए अब ग्राम पंचायत स्तर पर ध्यान शिविर का आयोजन कर ग्रामीण जनों को ध्यान की आदत डालने का प्रयास अभियान के रुप हृदयग्राम योजना का आगाज संस्थान ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन दिन किया। अभियान के क्रम में चार विकासखंड के चार गांवों में विशेष ध्यान शिविर के तीनदिनी आयोजन का शुभारंभ हुआ। आधुनिक जीवन शैली में प्रवेश के दौरान गांवों में भी विवाद, पारिवारिक विघटन, सामाजिक समरसता के अभाव के कारण उत्पन्न तनाव और अवसाद को संतुलित करने के लिए संस्था चयनित गांव में ध्यान और आंतरिक शुद्धिकरण जैसे प्रभावी तकनीक का निःशुल्क अभ्यास करा रही है। जिले के बैरिया, दुबहड़, हनुमानगंज और बेलहरी विकासखंड के एक एक गांव में शुरूआत हुई। संस्था के जिला प्रभारी सुरेश उपाध्याय ने बताया कि जनपद के प्रत्येक गांवों में यह अभियान अनवरत चलेगा।



# खाकी बाबा अंतरराष्ट्रीय कुश्ती दंगल का आयोजन आज

**डीके पांडेय, समाज जागरण**

नगरा : क्षेत्र के खनवर में रसड़ा विधायक उमाशंकर सिंह के द्वारा श्री खाकी बाबा अंतरराष्ट्रीय कुश्ती दंगल का आयोजन शुक्रवार को होगा। इस आयोजन को लेकर विभिन्न प्रकार की तैयारी की जा चुकी है। सुरक्षा के मद्देनजर थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा ने अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की है। इसी के साथ दंगल देखने आने वालों के लिए कोई परेशानी ना हो इसके लिए 500 वालंटियर तैयार किए गए हैं।



# साहिल मधुकर बने मस्तूरी ब्लॉक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष।

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तूरी। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी श्रीनिवासन एवं प्रदेश युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ की प्रभारी डॉक्टर पलक वर्मा, एवं प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, व राजीव युवा मितान क्लब के जिला संमवयक महेन्द्र गंगोत्री, मस्तूरी विधानसभा अध्यक्ष सुनील पटेल, के अनुशंसा पर मस्तूरी ब्लाक अध्यक्ष युवा कांग्रेस के पद पर साहिल मधुकर को बनाया गया है ,साहिल मधुकर के इस नियुक्ति पर मस्तूरी युवा कांग्रेसियों में हर्ष व्याप्त है, युवा कांग्रेस की मजबूती के लिए ब्लॉक स्तर पर नियुक्ति से युवाओं की टीम सरकार बनाने के लिए नई ऊर्जा के साथ युवा कांग्रेस की टीम काम करेगी\

# श्री श्री राधा कृष्ण मंदिर हेठली बोदरा में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी का महा पर्व।

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 7 सितम्बर 2023 :- विष्णुगढ़ प्रखंड के अलपीटो पंचायत अंतर्गत हेठली बोदरा गांव में दो दिनों से कृष्ण जनता अष्टमी धुम धाम हर्षोल्लास से मनाया गया । बताते चलें कि पूरे पंचायत में एकमात्र श्री राधा गोविंद मंदिर हेठली बोदरा में मौजूद है , और इस मंदिर से तमाम पंचायत वासियों की आस्था जुडी हुई है । इस दिन लोग यहां शाम के समय उपस्थित होते हैं , और लगातार कीर्तन भजन करते हैं। और ठीक रात के 12:00 बजे श्री कृष्णा जब जन्म लेते हैं । उसके बाद उनका महा अभिषेक श्रृंगार दर्शन के साथ आरती किया जाता है। जिसमें सभी कृष्ण भक्त प्रेमी तमाम लोग भाव विभोर होकर आन्नन्द लेते हैं। इस अभिषेक को देखने के लिए जो व्रत करते हैं वह अभिषेक करने के लिए यहां उपस्थित होते हैं। उसके बाद पूरे धूमधाम से नंदलाल का जन्मोत्सव मनाया जाता है , इस दिन नंदलाल को छप्पन भोग भी अर्पण किया जाता है। इस तरह से रात भर कीर्तन भजन चलता ही रहता है।

अगली सुबह मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन होता है जिस्में हर बार की तरह पुरा पंचायत के जितने भी



गांव हैं वहां के लड़के इस मटकी फोड़ कार्यक्रम में भाग लेते हैं , हर बार की तरह इस बार भी इस मटकी फोड़ कार्यक्रम को सफल बनाया गया, पूरे धूमधाम से लाला का जन्म उत्सव मनाया गया । इसके बाद पूरे पंचायत के भक्त जन भंडारे का भोग ग्रहण किया गया।

# अज्ञात कोलवाहन के चपेट में आया कार, बाल- बाल बचे सभी सवार

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

चतरा(झारखंड)07 सितम्बर 2023:- जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के टंडवा - सिमरिया मुख्य सड़क किनारे स्थित लकडाही मोड़ के समीप कोयले की ढुलाई में लगे अज्ञात कोलवाहन ने मंगलवार देर रात एक कार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे चार पहिया वाहन में तीन सवार घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार किसुनपुर के रिश्तेदारों से मिलकर हरिलाल महतो,आकाश महतो व शुभम कुमार वाहन संख्या जेएच 24 एल 8763 में सवार होकर रात्री लगभग 9 बजे खलारी थाना क्षेत्र स्थित अपने घर डूंडू बस्ती की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात व अनियंत्रित विपरीत दिशा की ओर से आ रहा कोल वाहन अपने चपेट में लेकर मौके से फरार हो गया। गनीमत रहा कि दुर्घटनाग्रस्त होने के दौरान वाहन में लगे सुरक्षा गुब्बारा निकल गया जिससे सभी बाल -बाल बच गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद सभी सुरक्षित बताए





जा रहे हैं। वहीं बुधवार देर शाम तक दुर्घटनाग्रस्त वाहन सड़क के बीचों-बीच पड़ा हुआ था। बहरहाल, स्थानीय लोगों की मानें तो सड़क स-रक्षा मानकों के अनुपालन कराने में जिला प्रशासन अबतक पूरी तरह से विफल है, जिससे आए दिन लोगों को सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। वहीं संचालित सीसीएल कोल परियोजनाओं द्वारा करोड़ों का मुनाफा अर्जित करने के बावजूद कोल ट्रांसपोर्टरों व सीसीएल प्रबंधन दुर्घटनाग्रस्त होने वाले घायलों व मृतकों के परिजनों को मुआवजा मुहैया कराने में अपना कदम पीछे खींच लेती है। आपको बता दें, सड़क दुर्घटना को नियंत्रित करने के लिए आमलोगों व जनप्रतिनिधियों द्वारा जिला प्रशासन से कोल वाहनों में स्पीडोमीटर लगाने, दुर्घटना संभावित जगहों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, नियमित जांच अभियान चलाकर अनट्रेंड चालकों पर कार्रवाई करने जैसे कई मांगें लगातार किये जाने के बावजूद इसे दरकिनार कर दिया जा रहा है।

# विकलांग को मिलने वाले सुविधाओं से वंचित है लाचार बृजमोहन : कहा है विकास

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा**

चतरा(झारखंड)07 सितम्बर 2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा का रहने वाला बृजमोहन अभी तक विकलांगो को मिलने वाली सुविधाओं से वंचित है। पहले तो लाचार बृजमोहन को अपनी विकलांगता को साबित करने अर्थात अपना विकलांग सर्टिफिकेट बनाने के लिए कई बार जिला और प्रखंड के चक्कर लगाने पड़े और इसके एवज मे पैसे भी खर्च करने पड़े अंत मे काफी कठिनाइयों का सामना करने के बाद उसे विलांगता का प्रमाण पत्र मिला ।बताते चले की बृजमोहन कुमार पिता स्व० ओमकार प्रसाद जो जन्म से ही



अंधेपन का शिकार है। बृजमोहन कुमार से बात करने पे उसने बताया की अभी तक कोई भी सुविधा मुझे नही मिल पाया है और प्रखंस्तरीय और जिला स्तरीय पदाधिकारी अपने कार्य क्षेत्र मे ये दम्भ भरते नही थकते की हमने घर घर तक सुविधाएं पहुंचाई है जो निंदनीय है। अभी भी इनके कार्य क्षेत्र मे बहुत से ऐसे लाचार लोग है जो विधवा पेंशन ,विकलांग पेंशन ,वृद्धा पेंशन जैसी मूलभुत सुविधाओं से वंचित है जो इनकी कार्यशैली पे सवालिया निशान लगा रहा है। जब इन लाचार लोगो से बात किया जाता है तो उनके मुह से सुनने को मिलता है की जो लोग पैसा खर्च करते है उनका ही काम होता है। हर क्षेत्र मे एक दो दलाल है जिनका सीधा कनेक्शन इन विभागों से है और ये सब काम के एवज मे लाचार लोगो को लूटने का काम करते है ।

# डिग्री कॉलेज विष्णुगढ़ में भाजपा की सभी मोचाओं को लेकर एक साथ बैठक

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) विष्णुगढ़ टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज में झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल,विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल एवं टाटीझरिया मंडल के पदाधिकारियों ,मंच मोर्चा अध्यक्षों तथा कार्यकारिणी सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने की, तथा संचालन टाटीझरिया मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने किया। बैठक में चर्चा के दौरान पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबुलाल मराण्डी झारखंड के 81विधानसभा क्षेत्रों में झारखंड की वर्तमान सरकार जो भ्रष्टाचार में डूबी है,उसके खिलाफ संकल्प यात्रा निकाली जा रही है । इसी कार्यक्रम के तहत माण्डू विधानसभा अन्तर्गत डाडी के बलसगरा पटेल स्टेडियम में आगामी 11 सितंबर 2023 को भाजपा के तमाम कार्यकताओं को एकजुट होकर तय स्थान पर पहुँचना है।

बैठक को सम्बोधित करते हुए माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि वर्त्तमान की हेमन्त सोरेन की सरकार को लुटेरी, भ्रष्टाचारी,,किसान विरोधी,रोजगार विरोधी,युवा विरोधी, महिला विरोधी जिस संज्ञा से नवाजा जाए कम है।चुनाव के समय किये गए वादों में एक भी वादा पूरा नही हुआ,इन्होंने कहा था,1932 का खतियान लागू करेंगे नही किया,आमजनों एवं गरीबो को ऐसा मकान देंगे जिसमे माता-पिता,बेटा- बेटी सभी एक जगह पर आराम से रह सकेंगे नही किया,प्रधानमंत्री जिस तरह से किसान सम्मान निधि देते है,उसी की



तर्ज पर अलग से उस समय की रघुवर सरकार ने अलग से किसान सम्मान निधि की व्यवस्था की थी,जिसको बंद करने का काम बखूबी किया,प्रत्येक वर्ष 05 लाख नौकरी का लालच देकर नौजवानों को ठगने का काम किया,महिला अपराध में बेतहाशा वृद्धि भी इनकी सरकार में हुई,बिजली का हाल तो बस मत पूछिए समूचे झारखंड को लालटेन व ढिबरी युग मे पहुँचाने मे कोई कसर नही छोड़ी,रघुवर दास की सरकार ने झारखंड में सड़कों का जाल बिछाया,इनकी सरकार में नई सड़क तो छोड़िये,मरम्मत का काम भी ढंग से नही किया गया।

पारा शिक्षक, सहिया समेत अन्य कर्मियों को भी ठगने का काम किया।हाँ इनके लगभग चार वर्षों के कार्यकाल में ब्लॉक,थाने से लेकर सभी कार्यालयों में भ्रष्टाचार में चौगनी वृद्धि हुई है,ट्रांसफर पोस्टिंग कर सरकार मोटी कमाई जरूर कर रही है।इन सबों के बीच आम-आवाम पिस रही है। भ्रष्टाचार के आंकठ में डूबी इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी संकल्प लिया है, जिसमे आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओ की जिम्मेदारी है,इस निक्कमी सरकार द्वारा झारखंड को गर्त में डुबोने का हिसाब माँगा जाय,और जन-जन तक इसे पहुँचाने का काम करें । इस मौके पर मुख्य रूप से साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,सुशील कुमार मंडल,विद्यायक प्रतिनिधि सह पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता,महादेव मंडल,निर्मल कुमार,सोमर महतो,रामचंद्र महतो,द्वारिका महतो,नन्हकू महतो,शम्भू यादव,गुरु प्रसाद साव,राजू यादव,महेंद्र राम,लक्ष्मण यादव,तापेश्वर रजक,लूटन महतो,मेघलाल तुरी,गुलाबशंकर महतो,संजय कुमार महतो,तुलसी सिंह,घनश्याम महतो,चेतलाल महतो, परमेश्वर महतो,सुखदेव रजवार,त्रिवेणी नायक,बिनोद कुमार गुप्ता,भीम राम,अंजू देवी,सीमा देवी,उमा देवी,गायत्री देवी,दशमी कुमारी,गिरजा देवी,महादेव महतो,दीपक कुमार रजक,हरि यादव,राजेश सोनी,दीपक कुमार,महेंद्र कुमार महतो,सन्तोष कुमार महतो ,शेख अहताब(कल्लू)चेतलाल महतो, सहदेव दास,कुन्दन शर्मा,भागीरथ महतो समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं की मौजूदगी रही ।

# भाजपा सिंदरी नगर की बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण सदानंद महतो**

धनबाद (झारखंड )7 सितंबर 2023 सिंदरी बलियापुर बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी सिंदरी नगर की एक बैठक नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें मुख्य रूप से धनबाद जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष एवं सिंदरी के प्रभारी घनश्याम ग्रोवर उपस्थित थे बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष अरबिन्द पाठक एक सितम्बर से 2 अक्टूबर तक पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम पर प्रकाश डाला जिसमें 1 सितंबर से 15 सितंबर तक चलने वाले अपना देश अपनी मार्टी कार्यक्रम है जिसमें सिंदरी नगर के प्रत्येक घर से एक चुटकी मिट्टी लेना है जिसे एक कलश में लेकर प्रखंड कार्यालय को सुपुर्द किया जाएगा 17 सितम्बर , भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से 2 अक्टूबर , महात्मा गांधी के जन्म दिन तक, सेवा सप्ताह कार्यक्रम किया जाएगा 26 सितंबर को संकल्प यात्रा के तहत झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का विशाल जनसभा निश्चित है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में सिंदरी से लोग कैसे जाएं इस पर सभी कार्यकताओं नेताओं से विचार मांगे गए सिंदरी नगर के प्रभारी



घनश्याम ग्रोवर ने कहा कि सभी कार्यक्रमों को पूर्णतः सफल बनाने के लिए बूथ कमेटी पर ध्यान देने की जरूरत है सिंदरी नगर के सभी बुथों को मजबूत करना है एवं जो नहीं बने हैं उसे सभी लोग मिलकर और एक सशक्त बुथ कमेटी बनाएं बुथ कमेटी मजबूत होगी तो सारे कार्यक्रम स्वतः सफल हो जाएंगे अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष प्रकाश बाउरी ने पार्टी द्वारा निर्धारित इन सभी कार्यक्रमों के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, आजादी के इस अमृत काल में हमें गुलामी की सारी निशानी को मिटा देना है इंडिया नाम जो अंग्रेजों ने दिया था उसे भी मिटाने पर चर्चा चल रही है हम भारत के नागरिक है और भारत माता की जय बोलते है कभी इंडिया की जय नहीं बोला गया बैठक में मुख्य रूप से जिला कार्य समिति सदस्य राकेश तिवारी, रंजना शर्मा, गणेश महतो, नगर उपाध्यक्ष मनीष नारायण सिन्हा, गणपति बाउरी, महामंत्री इंद्र मोहन सिंह, कोषाध्यक्ष रामजी सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिमा सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुशांत महतो, किसान मोर्चा अध्यक्ष नकुल सिंह, एससी मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप हाड़ी, युवा मोर्चा महामंत्री वीरेंद्र प्रसाद ,ओबीसी मोर्चा महामंत्री सुनील शर्मा ,रमेश कुमार साव, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, कुमार राजेश, अंजनी श्रीवास्तव, गणेश सिंह, अमित सिंह, ईश्वर यादव आदि मौजूद थे

# अटका के लक्षी बागी में चोबिस घंटे का अखंड हरिकीर्तन सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) बगोदर प्रखंड के अटका लक्षीबागी में कल बुधवार से ही चौबीस घंटे का अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ किया गया था, जो आज गुरुवार हवन विसर्जन के साथ पुर्ण हुआ बताया जाता है कि शिव मंदिर प्रांगण लक्षीबागी में सभी ग्रामीणों के सहयोग से 24 घंटे का अखंड कीर्तन कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शुरू किया गया था , इस कार्यक्रम



में पुरोहित सरयूनाथ पाण्डेय , मुख्य पुजारी कार्तिक मेहता के साथ मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री बिहारी लाल मेहता का सहयोग सराहनीय रहा।कीर्तन मंडली के सदस्य बासो मेहता, छोटी मेहता , सुभाष मेहता झमण मेहता , काशी राणा, रामचंद्र मेहता, लालू मेहता , छोटन मेहता , चिन्तामण मेहता , टाटा मेहता , अर्जुन मेहता, विजय मेहता , प्रदीप मेहता , टेकलाल मेहता , मुकेश कुमार , मुनी देवी , इद्री देवी , उर्मिला देवी ,पार्वती देवी , रोहणी शांति फूलमती, कंचन पूर्णिमा देवी, आरती देवी, सुनीता देवी ,इत्यादि ने दिया ! साथ ही तुकतुको बिहारो गांधी टांड यमुनानगर पारटांड गैडा सतीपिंडा से कीर्तन मंडली के लोगों ने आकर अपना बहुमूल्य समय दिया। इन सबों को शिव मंदिर समिति की ओर से धन्यवाद ! मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत प्रतिनिधियों में पंसस अंजू देवी , वार्ड सदस्य गुडिया देवी , उप मुखिया सुरज मेहता और मंदिर समिति के सचिव रविकान्त राणा उपस्थित रहे । अखंड कीर्तन का महाप्रसाद नुनुमन मेहता , लालमोहन मेहता , शमलाल मेहता , शिवशंकर मेहता ने श्रम दान देकर ग्रहण कराया !

# भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पितकी गांव में धूमधाम से मनाए गए ,श्रद्धालुओं ने केक भी काटा

**शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण,अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल : आज भारत बर्ष में श्री कृष्णजन्माष्टमी भगवान श्री कृष्ण का जनमोत्स्व है। योगेश्वर कृष्ण के भगवद गीता के उपदेश अनादि काल से जनमानस के लिए जीवन दर्शन प्रस्तुत करते रहे हैं। जन्माष्टमी भारत में हीं नहीं बल्कि विदेशों में बसे भारतीय भी इसे पूरी आस्था व उल्लास से मनाते हैं।

श्रीकृष्ण ने अपना अवतार भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मध्यरात्रि को अत्याचारी कंस का विनाश करने के लिए मथुरा में लिया। चूंकि भगवान स्वयं इस दिन पृथ्वी पर अवतरित हुए थे ।

**अतः इस दिन को कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाते हैं**

भगवान श्रीकृष्ण ही थे, जिन्होंने अर्जुन को कायरता से वीरता, विषाद से प्रसाद की ओर जाने का दिव्य संदेश श्रीमदभगवदगीता के माध्यम से दिया।

कालिया नाग के फन पर नृत्य किया, विदुराणी का साग खाया और गोवर्धन पर्वत को उठाकर गिरिधारी कहलाये।



समय पड़ने पर उन्होंने दुर्योधन की जंघा पर भीम से प्रहार करवाया, शिशुपाल की गालियाँ सुनी, पर क्रोध आने पर सुदर्शन चक्र भी उठाया।

अर्जुन के सारथी बनकर उन्होंने पाण्डवों को महाभारत के संग्राम में जीत दिलवायी।

सोलह कलाओं से पूर्ण वह भगवान श्रीकृष्ण ही थे, जिन्होंने मित्र धर्म के निर्वाह के लिए गरीब सुदामा के पोटली के कच्चे चावलों को खाया और बदले में उन्हें राज्य दिया। जिस्को देखते हुए आज लुपुंगडिह पंचायत में धूमधाम से गवाला ओर गोपियों द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन विभिन्न प्रकार के बेजन के साथ पूजा अर्चना के लिए कृष्ण मंदिर एब हरी मंदिर के प्रायंग में पंडित द्वारा।

अनुष्ठान के तहत पूजा अर्चना करने के बाद सैकडो गवालीन द्वारा एक युवक को कृष्ण बनाकर केक काटकर जन्मष्टमी धूमधाम के साथ मनाए गए ।साथ ही प्रत्येक घरों दीप प्रज्ज्वलित करके कृष जन्मोंउत्सव मनाए गए । साथ जयकारा से पूरे गांव गुजने लगा जय श्री कृष्णा का नारा था।इस अवसर पर सैकडो ग्वाला व गोपियों उपस्थित थे।

# आउटसोर्सिंग के वर्चस्व को लेकर अंधाधुंध गोलीबारी, लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**दैनिक समाज जागरण**

धनबाद : अवैध कोयला कारोबार में वर्चस्व को लेकर कुसुंडा क्षेत्र की एनजीके कोलियरी अंतर्गत गोधर में संचालित यूसीसी आउटसोर्सिंग बुधवार की शाम चार बजे गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल उठी. आरोप है कि जनता श्रमिक संघ का समर्थक गोलू रवानी ने अपने समर्थकों के साथ ताबड़तोड़ फायरिंग की.

उसने आउटसोर्सिंग से सटे लहरा मंदिर के समीप कोयला चुनकर जीवन-यापन करनेवाले लोगों में दहशत फैलायी. काफी देर तक लोगों में भगदड़ की स्थिति रही. गोलू रवानी पर एक दर्जन से ज्यादा राउंड फायरिंग करने का आरोप है. हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है, ना ही घटनास्थल से खोखा मिला है.



### आउटसोर्सिंग का काम बंद कर भाग उठे कर्मचारी

इधर, गोधर इलाके के लोग खूनी संघर्ष की आशंका से सहम गये थे. केंदुआडीह पुलिस ने जनता श्रमिक संघ के समर्थक गोलू रवानी, नवीन पंडित, मोनू पाठक, दीपक पासवान, आनंद रवानी सहित 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला कर दहशत फैलाने, वर्चस्व कायम करने का मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस आरोपियों की धर-पकड़ के लिए लगातार छापेमारी कर रही है. पुलिस के अनुसार, गोलू रवानी अपने लोगों के साथ पीबी एरिया के गोपालीचक में संचालित एसएनआर आउटसोर्सिंग में आंदोलन करने गया था. प्रशासन की कड़ाई के कारण आंदोलन विफल होने पर वापस लौटने के क्रम में वह यूसीसी पैच में घुस गया और फायरिंग करते हुए लाठी-डंडे चला व पत्थरबाजी कर दहशत फैलायी. इस कारण गोधर स्थित लहरा मंदिर के समीप भगदड़ मच गयी. उधर, आउटसोर्सिंग कर्मी काम बंद कर वहां से भाग खड़े हुए. पुलिस के पहुंचने से पहले सभी आरोपी भी घटनास्थल से भाग गये.

### जो जहां मिला उसे वहीं पीटा

गोलू रवानी और उसके समर्थकों ने लोगों को लाठी-डंडे से पीटा और पत्थरबाजी भी की. फायरिंग करनेवालों ने सामने जो मिला, उसे पीट दिया. घटना के बाद गंशाडीह स्थित सड़क किनारे की दुकानों को दुकानदारों ने बंद कर दिया. लोग भीड़ की शक्ल में घटनास्थल पर पहुंचे. सूचना पर केंदुआडीह थाना की पेट्रोलिंग पार्टी घटनास्थल पर पहुंच गयी. पुलिस बल ने भीड़ को वहां से हटाकर घटना की जानकारी लोगों से ली.

### कई आपराधिक मामले दर्ज हैं गोलू पर, गया है सीसीए का प्रस्ताव

पुलिस के अनुसार, गोलू दो दिनों पूर्व ही धनसार थाना से जुड़े किसी मामले में न्यायालय से बेल कराकर लौटा था. इसके बाद इस तरह की घटना को अंजाम दिया. केंदुआडीह थानेदार सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जनता श्रमिक संघ के समर्थक गोलू रवानी के खिलाफ सीसीए का प्रस्ताव भेजा गया है. उस पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. इनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है. दहशत फैलानेवाले अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी. किसी का भी संरक्षण प्राप्त हो, किसी कीमत पर आरोपियों को बख्शा नहीं जायेगा.

# भारतीय जनता पार्टी ने जमुआ विधानसभा रेमा मोड़ मैदान में की संकल्प यात्रा के तहत सभा

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) जमुआ विधानसभा अन्तर्गत रेमा मोड़ मैदान में भारतीय जनता पार्टी के तहत विशाल संकल्प सभा किया गया। संकल्प सभा में प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल मरांडी जी ने जमुआ विधानसभा में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार में नियम,कानून को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। सभी बिभाग पैसा का रोना रो रहे हैं समय पर किसी का भुगतान तक नहीं हो रहा है उन्होंने ने सरकार के उपर कई सवाल एक साथ रख कर मुख्यमंत्री पर भडास निकाले साथ में प्रमुख रूप से उपस्थित रहें पूर्व सांसद श्री रविन्द्र राय,विधायक केदार हाजरा, पूर्व विधायक श्री नागेन्द्र महतो,जिला, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा,अध्यक्ष महादेव दुबे,जिप अध्यक्ष मुनिया देवी, जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव सहित कार्यक्रम प्रभारी सभी मंडल अध्यक्ष मंडल के जेष्ठ श्रेष्ट कार्यकर्तागण मौजुद रहे। इस मौके पर झामुमो कांग्रेस माले के सैकड़ो कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ले कर कार्य क्रम में सामिल हुए।

# जय कन्हैया लाल की मदन गोपाल की जयकारे के धूमधाम से संपन्न हुआ श्री कृष्ण का पूजा

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

बलियापुरः सुरंगा पंचायत में जन्माष्टमी काफी धूमधाम और हर्ष उल्लास हर्ष से मनाया गया। इस बीच लोगों ने उपवास रखकर पूजा अर्चना करते हुए भगवान कृष्ण का जनमोत्सव मनाया। गोपाल को माखन मिश्री का भोग लगाया गया । बच्चों ने सुंदर झांकियां सजाई और दही हंडी का आयोजन किया। । कृष्ण मंदिर को आकर्षक रूप से



सजाया गया। मंदिर की आकर्षक साज सज्जा को देखकर लोग मुग्ध हो रहे थे। इस पंचायत में जन्माष्टमी का त्यौहार पिछले 30 सालों से मनाया जा रहा है इस मौके पर प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी एवं वासुदेव महतो , राधेश्याम रजक संजय रजक,अशोक महतो विकास बाउरी राजू राजू बाउरी विश्वजीत रजक सूरज रजक राहुल रजक विक्रम बाउरी दीपक रजक सचिन रजक रोहित रजक नीति रजक नयन बाउरी अजीत राम बाउरी मोहित रजक दीपक बाउरी अशोक महतो आनंद कर्मकार, विजय रजक लोग मौजूद थे ।

# कुचाई के दलभंगा में वकास्त मुंडारी खुंटकट्टी रक्षा एवं विकास समिति की हुई बैठक

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसावां कुचाई के दलभंगा में वकास्त मुंडारी खुंटकट्टी रक्षा एवं विकास समिति 39 मौजा की बैठक बैकुंठ सिंह मुंडा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से 39 मौजा कमिटि की प्रत्येक माह समीक्षा बैठक करने का निर्णय लिया गया। साथ ही 39 मौजा के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में नशीले पदार्थ एवं नशामुक्ति अभियान के माध्यम से लोगों को नशा से दूर रहने का जागरूक किया जाएगा। वहीं 11 नवम्बर सी,एन,टी,एक्ट मनाने एवं आगामी 15 नवम्बर 2023 को बिरसा मुंडा जयंती काफी भव्य व धुमधाम से मनाने को लेकर अभी से तैयारी के साथ वनाधिकार कानून 1980 को केन्द्र सरकार द्वारा संशोधन कर 2023 के कानून को



लाया जा रहा है। जिसके विरोध में देश के राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मूर्मू के नाम से प्रत्येक मौजा से ग्रामसभा के माध्यम से भेजने का सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया ।विषेश रूप से भगवान बिरसा मुंडा मूर्ति के सामने थुम कुड़ियां भवन निर्माण अधुरा है। पूर्ण करने हेतु लाभुक समिति के अध्यक्ष सचिव और कोषाध्यक्ष को कमेटी के द्वारा नोटिस भेजने का सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया। ताकि बिरसा मुंडा जयंती समारोह से पहले भवन निर्माण पूर्ण हो सके। बैठक में मुख्य रूप से कमीटि के निर्देशक मान सिंह मुंडा,लखीराम मुंडा,करम सिंह मुंडा,मंगल सिंह मुंडा , मोहनलाल मुंडा,महावीर मुंडा बुधन लाल मुंडा,रामचंद्र मुंडा बाघराय मुंडा,राम मुंडा,प्रताप कुम्हार,आदि कमिटि के सदस्यों उपास्थित थे।

# जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर आजसू नेता हरेलाल महतो ने श्रीकृष्ण के चरणों में माथा टेक कर सुख शांति का प्रार्थना की

**फुलचांद पारित, समाज जागरण प्रखंड संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 07 सितंबरः सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत नीमडीह प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिवस श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आजसू के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने नीमडीह प्रखंड के सीमा गांव में आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल होकर भगवान श्री कृष्ण के चरणों में माथा टेक कर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के जन्म के संबंध में हरेलाल महतो ने कहा कि द्वापर युग में भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि की आधी रात को मथुरा के कारागार में वासुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था। अष्टमी तिथि को रात्रिकाल का अवतार लेने का प्रमुख



कारण उनका चंद्रवंशी होना बताया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री कृष्ण का आस्था और सच्चे मन से आराधना करने से मनुष्य को मनोवांछित फल प्राप्त होता है। श्री कृष्ण हिंदू शास्त्र के महाकाव्य महाभारत का प्रमुख नायक हैं। उनके उपदेशों को मानकर ही पांडवों ने महाभारत के युद्ध में असत्य, अधर्म और अहंकार को पराजित किया था। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के दिखाए मार्ग पर चलने से मनुष्य के जीवन में शांति मिलता है। इस अवसर पर मुखिया बुका सिंह, ग्राम प्रधान चुनाराम प्रमाणिक, अर्जुन सिंह, अर्जुन महतो आदि उपस्थित थे।

# कोई बना बाल गोपाल नटखट श्री कृष्ण तो कोई बनी मनमोहक श्री राधे

**दैनिक समाज जागरण**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से हर जगहमनाया गया। इस पर्व में माता पिता काफी ज्यादा उत्साहित रहते हैं अपने बच्चों को राधा कृष्णा का



रूप सज्जा करने के लिए । वही नन्हे मुन्ने बच्चें नट खट श्रीहन सिंह कृष्ण और मोनिका राधा का रूप के परिधान पहनकर लोगो को खूब आकर्षित किया ।बच्चों ने श्री कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया।

